हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



अमेरिका ने ईरान के 80 ठिकानों पर किए ताबड़तोड़ हमले

जवाब में 85 स्थानों पर टूट पड़े ईरान के खतरनाक ड्रोन

# अमेरिका-ईरान के बीच 60 दिन का युद्धविराम 21 दिन में ही टूट गया

# 'युद्धविराम' के बीच फिर भड़का 'युद्ध'

तेहरान में अमेरिका के हमले के बाद धुएं का गुबार

### हमले का असर

**शेयर मार्केट**
78000 अंक गिरा

**क्रूड ऑयल**
74.50 डॉलर प्रति बैरल पर

**ब्रेंट क्रूड**
78.35 डॉलर प्रति बैरल पर

### दोनों देशों के हमले के पीछे तर्क

**अमेरिका**
तेल टैंकरों पर हुए हमले के बदले जवाबी कार्रवाई की

**ईरान**
राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लीजिए, अमेरिका-ईरान के बीच 60 दिन का युद्धविराम 21 दिन में ही टूट गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान से अब कोई बात, कोई समझौता नहीं होगा। अमेरिका ने ईरान पर ताबड़तोड़ 80 ठिकानों पर हमले कर दिए। ईरान ने भी पूरी ताकत के साथ अमेरिका के 85 ठिकानों पर हमले कर दिए। दोनों तरफ से जारी हमले का परिणाम ये है कि जहां शेयर मार्केट गिरा वहीं तेल की कीमतों में भी उछाल आ गया। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई ईरान द्वारा अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग में निर्दोष नागरिकों वाले कमर्शियल जहाजों और तेल टैंकरों को निशाना बनाने के जवाब में की जा रही है। ईरान ने युद्धविराम का उल्लंघन किया है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में तीन टैंकरों को निशाना बनाकर उन पर हमला किया जिसकी वजह से एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा- अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए जरूरी कोई भी कदम उठाएगा।

### ईरान के इन ठिकानों पर हुए हमले

इन हमलों में ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, तटीय निगरानी प्रणाली, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च पैड्स को निशाना बनाया गया है। दक्षिणी ईरान के सिरीक, केशम और बंदर अब्बास जैसे प्रमुख बंदरगाह शहरों में तेज धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं।



यूएस सैन्य ठिकाने पर हमला

### ईरान का अमेरिका पर भयानक पलटवार

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बहरीन और कुवैत सहित खाड़ी देशों में स्थित कम से कम 85 अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भीषण मिसाइल हमले किए हैं। इस जवाबी कार्रवाई में बहरीन स्थित अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बेस और कुवैत का अली अल-सलेम एयर बेस मुख्य निशाना बने। ईरान ने दक्षिणी हिस्से में एक अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को भी मार गिराने का दावा किया है।

### 60 दिनों के लिए बिना शुल्क खोला था होर्मुज

बीते माह यानी जून में दोनों देशों के बीच हुए एक समझौता ज्ञापन के बाद तनाव कम होने लगा था और हॉर्मुज जलमार्ग को 60 दिनों के लिए बिना शुल्क खोल दिया गया था, जिससे तेल की कीमतें सामान्य हो रही थीं। हालांकि, इस नए घटनाक्रम ने बाजार को फिर से अनिश्चितता में धकेल दिया है।

### 35 हजार के ड्रोन के लिए 40 लाख डॉलर की मिसाइल खर्च

35 हजार डॉलर के ईरानी ड्रोन व हमलों को रोकने के लिए अमेरिका 40 लाख डॉलर की महंगी मिसाइलें दाग रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, इस लड़ाई में अमेरिका सैन्य अभियान पर करीब 113 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। शुरुआती छह दिनों में ही रोजाना का खर्च 1.88 अरब डॉलर था, जो बाद में करीब 1 अरब डॉलर प्रतिदिन रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसमें कुल आर्थिक बोझ जोड़ा जाए, तो यह आंकड़ा 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।

---

**पाठक सूचना**
हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### बगलामुखी मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की होगी जांच

**नलखेड़ा।** मप्र के प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में एक गैर-सरकारी एजेंसी पर श्रद्धालुओं से एकत्र नकदी और आभूषण चोरी करने का आरोप लगा है। मामले



को गंभीरता से लेते हुए संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने दोषियों को राक्षस और कालनेमी बताते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही है। मंत्री ने कहा जांच से पता चलेगा कि चढ़ावे की चोरी कब से हो रही थी और कितनी रकम का गबन हुआ। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## मोहन सरकार ने लिया बड़ा निर्णय

मप्र उपार्जित गेहूं,चना, ज्वार एवं बाजरा निस्तारण नीति- 2026 को मिली स्वीकृति

# अब किसानों को गेहूं, चना, ज्वार और बाजरा पर मिलेगा 'भावांतर का लाभ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार गेहूं, धान, ज्वार व बाजरा खरीदी के लिए नई नीति बनाने जा रही है। इस नीति से प्रदेश के करीब 80 लाख किसानों को तो लाभ होगा ही साथ में सरकार को बेवजह की क्षति से निजात मिल जाएगी। कैबिनेट ने बुधवार को मप्र उपार्जित गेहूं,चना, ज्वार एवं बाजरा निस्तारण नीति-2026 को मंजूरी दी है। इसमें सरकार किसानों को भावांतर योजना का लाभ देगी। भावांतर योजना की राशि किसानों के बैंक खातों में सीधे दी जाएगी। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय कमेटी को अधीकृत किया गया है। इस योजना के लागू होने से सरकार को बैंकों का ब्याज, परिवहन, भंडारण आदि पर होने वाला खर्च भी बच सकेगा। सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने इससे होने वाली क्षति आदि के बारे में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत कराया। कैबिनेट ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में प्रथम स्थान पाने वाली बालिकाओं एवं बालक को मुख्यमंत्री स्कूटी योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-2031 तक निरंतरता की राशि 495 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

*इस योजना के लागू होने से सरकार को बैंकों का ब्याज, परिवहन, भंडारण आदि पर होने वाला खर्च भी बच सकेगा*

**मुख्यमंत्री स्कूटी योजना को 2031 तक निरंतर रखे जाने के लिए 495 करोड़ की मंजूरी**



सीएम और मंत्रीगण

*भावांतर योजना की राशि किसानों के बैंक खातों में सीधे दी जाएगी*

#### राज्य स्तरीय कमेटी उपार्जन पर लेगी निर्णय

कैबिनेट में लिए गए निर्णय के बारे में मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि इस नीति के अनुसार एक राज्य स्तरीय कमेटी मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित होगी। समिति की ओर से उपज के मात्रा निर्धारण के बाद प्रस्तावित उक्त मात्रा विक्रय करने के पूर्व रिजर्व प्राइज अपसेट मूल्य तय करना एवं ई-निविदा/ई-ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से दरें आमंत्रित करना, दरों के परीक्षण के बाद अनुमोदन की कार्रवाई का अनुमोदन किया जाएगा। गेहूं व धान के साथ ही ज्वार व बाजरा की खरीदी का भी अनुमोदन करेगी।

#### अभी ये हाल है?

1. गेहूं व धान पर ही सरकार को 30 हजार करोड़ रुपए का ऋण लेना पड़ा
2. इसका 48 करोड़ रुपए से ज्यादा का ब्याज हर महीने देना पड़ रहा
3. केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद ही मप्र सरकार की गारंटी पर बैंकों से 30 हजार करोड़ रुपए का ऋण लेकर गेहूं व धान की खरीदी की गई

#### इसलिए, लाई राज्य सरकार यह नीति?

गेहूं व धान के उपार्जन में सबसे बड़ा तथ्य यह है कि केंद्र सरकार महज 25 से 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं का ही उठाव कराना है। बाकी गेहूं खुले बाजार में उपार्जन लागत से काफी कम कीमत पर बेचना होता है। इससे सरकार को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इस रबी वर्ष में एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### के. राधाकृष्णन कमेटी की सिफारिश

## नीट का पूरा पैटर्न बदलेगा... अब 1 नहीं 6 दिन तक लगातार चलेंगे पेपर

**नए प्लान के तहत परीक्षा केंद्रों की संख्या 5,000 से घटाकर सिर्फ 1,000 की जाएगी**



एआई इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी की तैयारी करने वाले बच्चों और उनके माता-पिता के लिए यह खबर बहुत जरूरी है। अगर आप सोच रहे हैं कि अगले साल भी नीट परीक्षा वैसे ही होगी जैसे हमेशा से होती आई है, तो आप बिल्कुल गलत हैं।

सरकार इस पूरी परीक्षा का सिस्टम बदलने जा रही है, और यह कोई छोटा-मोटा बदलाव नहीं बल्कि एक पूरा महा-बदलाव है। अभी तक देश भर के 22-23 लाख बच्चे एक ही दिन, एक ही शिफ्ट में पेन और ओएमआर शीट लेकर परीक्षा देने बैठते थे। नए प्लान के अनुसार अब नीट परीक्षा एक दिन नहीं, बल्कि 5 से 6 दिनों तक चलेगी। अब परीक्षा को अलग-अलग दिनों में कई शिफ्टों में बांटा जाएगा। हर दिन देश भर में करीब 5 लाख छात्र परीक्षा देंगे। इस सुपर प्लान का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा है परीक्षा का मोड बदलना। पेन-एंड-पेपर मोड को अब पूरी तरह से खत्म करके इसे ऑनलाइन (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) किया जा रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि ओएमआर शीट और पेपर प्रिंटिंग वाली परीक्षा में पेपर लीक होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में पेपर पूरी तरह डिजिटल लॉक रहता है, जो परीक्षा शुरू होने के ठीक कुछ मिनट पहले ही छात्र की स्क्रीन पर खुलता है। नए प्लान के तहत परीक्षा केंद्रों की संख्या 5,000 से घटाकर सिर्फ 1,000 की जाएगी।

ये 1,000 केंद्र सिर्फ और सिर्फ केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय जैसे भरोसेमंद सरकारी संस्थानों में ही बनाए जाएंगे। ये रिफॉर्म इसरो के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन कमेटी की सिफारिशों पर हो रहा है, जिसका लक्ष्य अक्टूबर 2026 तक एनटीए के पूरे सिस्टम को सुधारना है।

---

**मंडला में स्वास्थ्य तंत्र पर बड़ा सवाल**

## एंबुलेंस न मिलने पर ऑटो में हुआ 4 बच्चों का जन्म, सभी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

जिले से बेहद झकझोर देने वाली और स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलती एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां समय पर एंबुलेंस न मिलने के कारण एक गर्भवती महिला को ऑटो से अस्पताल ले जाना पड़ा, जहां रास्ते में ही उसने चार बच्चों को जन्म दे दिया। प्री-मैच्योर प्रसव और सही समय पर इलाज न मिलने की वजह से चारों नवजातों ने दम तोड़ दिया। हालांकि, डॉक्टरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला की जान बचा ली है और फिलहाल उसकी हालत स्थिर है। यह पूरी घटना मंगलवार की है, जब मंडला जिले के नयागांव की रहने वाली 28 वर्षीय रजनी सिंगराम को गर्भावस्था के सातवें महीने में अचानक तेज ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मृतकों में तीन बच्चियां और एक बच्चा शामिल डॉक्टरों ने महिला की जान बचाई**



प्रसूता का इलाज जारी

#### पिता- एंबुलेंस समय पर मिलती तो बच्चे बच जाते

अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने चारों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद पीड़ित पिता धनेश सिंदराम का सीधा आरोप है कि एंबुलेंस का समय पर न आना ही उनके चारों बच्चों की मौत की मुख्य वजह बना। अगर 108 सेवा दूसरी तरफ, मंडला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. डीजे मोहंती ने सफाई देते हुए बताया कि प्रसव सातवें महीने में ही हो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इंटरपोल के रेड नोटिस पर बड़ी कार्रवाई

## महादेव बेटिंग एप का मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर ओमान में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित और हजारों करोड़ रुपए के 'महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप' घोटाले के मुख्य आरोपी और एप संचालक सौरभ चंद्राकर को ओमान में गिरफ्तार कर लिया गया है। साल 2019 से फरार चल रहे चंद्राकर को भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा जारी इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर रॉयल ओमान पुलिस ने हिरासत में लिया है। फिलहाल उसे ओमान की राजधानी मस्कट के हाई-सिक्योरिटी 'अल खौद डिटेंशन सेंटर' में रखा गया है। भारत सरकार अब औपचारिक प्रत्यर्पण की प्रक्रियाओं को पूरा कर उसे जल्द से जल्द भारत लाने की तैयारियों में जुट गई है। भिलाई का रहने वाला सौरभ चंद्राकर करीब 5 हजार करोड़ रुपए के इस सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले का मास्टरमाइंड है। चंद्राकर ने वहां एक फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट के जरिए अवैध रूप से एंट्री ली थी, जिसके चलते उसके खिलाफ ओमान में ▶▶ शेष पेज 4 पर

**भारत प्रत्यर्पण की तैयारी तेज फर्जी पासपोर्ट के जरिए मस्कट में ली थी एंट्री**



**गुना में दुस्साहसिक वारदात**

## गल्ला व्यापारी की आंखों में डाला मिर्च स्प्रे, 17 लाख लूटकर भागे

*सीसीटीवी खंगाले 3 विशेष टीमें बनाईं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

यहां बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है, जहां गल्ला मंडी के एक प्रतिष्ठित व्यापारी से करीब 17 लाख रुपए की मोटी रकम लूट ली गई। यह सनसनीखेज घटना उस समय घटी जब व्यापारी अपने कर्मचारी के साथ थैले में 17 लाख नकद लेकर बैंक में जमा करने जा रहे थे। रास्ते में पहले से ही घात लगाए बैठे 3 अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे की नोंक पर उन्हें रोका और पलक झपकते ही रुपयों से भरा बैग छीनकर मौके से तेजी से फरार हो गए।



बदमाशों का फुटेज आया

पीड़ित युवक शहर के तीन व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जुड़ा हुआ है। वह गंगा ट्रेडर्स सहित अन्य दो फर्मों की नकदी राशि रात को पचोर से लेकर आया था, जिसको सुबह कुंभराज लेकर जा रहा था।

#### काफी देर से युवक का पीछा कर रहे थे बदमाश

कर्मचारी बासुदेव ने बताया बैग में 17 लाख रुपए रखे थे। तीनों बदमाश काफी देर से युवक का पीछा कर रहे थे। जैसे ही युवक सुनसान मोड़ पर पहुंचा, उन्होंने वारदात को अंजाम दे दिया। युवक की आंखों में स्प्रे डालकर बदमाश बैग लेकर बाइक से भाग निकले। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वारदात के आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों की धरपकड़ के लिए पुलिस की तीन विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## कल भरणी नक्षत्र व धृति योग में रखा जाएगा योगिनी एकादशी व्रत

# शीतला माता को बासी ठंडा खाने का भोग लगाकर मनाया बसोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को शीतला अष्टमी रेवती नक्षत्र व सुकर्मा योग में मनाई गई। श्रद्धालुओं ने शीतला माता को एक दिन पहले तैयार बासी भोजन (बसौड़ा) का भोग लगाकर परिवार के स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की। पंडितों के अनुसार माता शीतला को देवी दुर्गा का स्वरूप माना जाता है तथा इस दिन चूल्हा नहीं जलाने की परंपरा है। 10 जुलाई को भरणी नक्षत्र व धृति योग में योगिनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा।

मान्यता है कि इससे पापों का नाश और मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान विष्णु के मंदिरों में विशेष पूजन, विष्णु सहस्रनाम पाठ और रात्रि जागरण होंगे। 12 जुलाई को प्रदोष व्रत पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक और बिल्वपत्र अर्पण किया जाएगा। 14 जुलाई को हलहारिणी अमावस्या पर स्नान, दान-पुण्य और पितरों का तर्पण होगा। वहीं 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ चातुर्मास प्रारंभ होगा तथा मंदिरों में भगवान विष्णु का शयनोत्सव और विशेष श्रृंगार किया जाएगा।



माता मंदिर स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

### महिलाओं ने संतानों की लंबी उम्र की प्रार्थना की

शीतला अष्टमी के पर्व पर शहर के शीतला माता के मंदिरों में महिलाओं की कतारें लगी रही। महिलाओं ने माता की पूजा की और अपनी संतानों की लंबी उम्र की प्रार्थना की। माता को बासे व्यंजनों का भोग लगाया गया, वहीं भक्तों ने घर पर भी बासे व्यंजनों का सेवन किया।

## श्री बांके बिहारी मंदिर के स्थापना दिवस पर भजन संध्या आयोजित

भगवान श्री बांके बिहारी को नवीन वस्त्र धारण कराकर फूलों से किया आकर्षक श्रृंगार

**भोपाल।** टीटी नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के स्थापना दिवस पर बुधवार को विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। मंदिर परिसर में आकर्षक साज-सज्जा की गई। मंदिर के व्यवस्थापक राधा लखेरा ने बताया कि भगवान श्री बांके बिहारी को नवीन वस्त्र धारण कराए गए। पंचामृत से लड्डू गोपाल को स्नान कराया गया। फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। रात्रि में भजनों की प्रस्तुती ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक भजनों का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान प्रसादी वितरण की गई। इस अवसर पर रोहित लखेरा, मनोज चौरसिया, राम लखेरा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



श्री बांके बिहारी मंदिर में पूजा करतीं महिलाएं।

## खबर संक्षेप

### 30 सितंबर तक चलेगी पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन



**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे ने तीन स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त फेरे चलाने के साथ ही पुणे-दानापुर दैनिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है। इससे भोपाल मंडल के गुना, शिवपुरी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी समेत आसपास के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे के अनुसार 16 जुलाई से 1 सितंबर 2026 के बीच तीन विशेष ट्रेनों के अतिरिक्त फेरे चलाए जाएंगे। इन ट्रेनों का संचालन पहले से तय मार्ग, समय और ठहराव के अनुसार किया जाएगा।

### भोपाल उत्सव मेला का नेत्र जांच शिविर 12 को

**भोपाल।** भोपाल उत्सव मेला समिति द्वारेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रविवार, 12 जुलाई को निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, भानपुरा चौराहा, विदिशा रोड में होगा। समिति के सचिव अनुपम अग्रवाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद, निर्धन एवं असहाय लोगों को निःशुल्क नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को इस शिविर की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाने में सहयोग करें।

### बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. श्रीवास्तव ने कलेक्टर से की भेंट



**भोपाल।** बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को बीएमएचआरसी द्वारा प्रदान की जा रही सुपर-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा अनुसंधान, शिक्षण गतिविधियों तथा भोपाल गैस त्रासदी प्रभावितों एवं अन्य मरीजों के लिए संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी।

## रोजगार, नैतिक मूल्य, पर्यावरण एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ने की पहल

# स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स का चयन करना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स, संवैधानिक, मानवीय एवं नैतिक मूल्य तथा पर्यावरण शिक्षा एवं स्थिरता आधारित पाठ्यक्रमों का चयन अनिवार्य किया गया है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी 'करीकुलम एण्ड क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम्स (सीसीएफपीजी), जून-2024' तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के नवीन अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक स्नातकोत्तर विद्यार्थी को द्वितीय सेमेस्टर में 2 क्रेडिट पॉइंट का एक वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम लेना होगा।

### रोजगारपरक दक्षताओं से जोड़ना मुख्य उद्देश्य

इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल, नैतिक मूल्यों, नवाचार क्षमता एवं रोजगारपरक दक्षताओं से जोड़ना है। सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक आवश्यकता और विषय की उपयोगिता के अनुसार इन पाठ्यक्रमों के चयन में आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। इस पहल से स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल आधारित एवं मूल्यपरक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए

विद्यार्थियों की सुविधा के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विषय समूहों अंतर्गत पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें रोजगार एवं उद्यमिता कौशल, योग एवं ध्यान द्वारा तनाव प्रबंधन, पर्यावरण मनोविज्ञान, शोध लेखन कौशल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस एथिक्स, बिजनेस एनालिटिक्स, नवाचार एवं उद्यमिता जैसे विषय शामिल हैं।

### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने 15 तक कॉलेजों में लगेगा प्रवेश मेला

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी कॉलेजों में रिक्त सीटों पर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार से शुरू हुआ 15 जुलाई तक प्रवेश मेला चलेगा। अतिरिक्त सीएलसी राउंड के दौरान प्रवेश प्रक्रिया को गति देने एवं पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रवेश मेले के दौरान महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर पंजीयन, चॉइस फिलिंग एवं संशोधन, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन संबंधी मार्गदर्शन तथा शुल्क भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे पात्र विद्यार्थी उसी दिन अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

## बाबा अमरनाथ के दर्शन करने के लिए आज रवाना होंगे दो जत्थे

बाबा बर्फानी के अंतर्ध्यान होने के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में नहीं आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पवित्र अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक रूप से बनने वाले बर्फ के शिवलिंग यात्रा शुरू होने के पहले हफ्ते में ही लगभग पूरी तरह अंतर्ध्यान हो गए। तीन जुलाई से शुरू हुई 57 दिन की यात्रा के सिर्फ पांच दिन बीते हैं।

राजधानी भोपाल से अभी तक करीबन 1000 से अधिक श्रद्धालु यात्रा पर जा चुके हैं, गुरुवार को भी दो जत्थे रवाना होंगे, जिसमें 200 से अधिक श्रद्धालु शामिल हैं। ऊं शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि बाबा के अंतर्ध्यान होने के बावजूद भी श्रद्धालुओं के आस्था में कमी नहीं आई है। 15 जुलाई को 400 से अधिक श्रद्धालु रवाना होंगे। हांलाकि यह लगातार तीसरा साल है जब यात्रा के पहले हफ्ते में ही शिवलिंग पिघल गए।



फाइल फोटो

### कई लोगों ने कैंसिल कराए रिजर्वेशन

इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने ऑनलाइन रजिस्टेशन न मिलने से अपनी यात्रा टालने और रेलवे रिजर्वेशन कैंसिल कराना शुरू कर दिया है। इस बीच यात्रा के लिए जम्मू पहुंच चुके शहर के श्रद्धालुओं के जत्थों से आ रही खबरों के मुताबिक बुकिंग 9 जुलाई तक फुल हो चुकी है, इसके टोकन श्रद्धालुओं को दिए जा चुके हैं। इसके बाद बुकिंग कब खोली जाएगी, इस संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## रिटायर्ड मेजर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रतिभाओं को मिलेगी नई उड़ान

# स्कोप डिफेंस अकादमी ने किया 'सुपर-30' छात्रों के लिए निःशुल्क एनडीए प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष एक्सीलेंस हायर सेकंडरी स्कूल में बीते रोज स्कोप डिफेंस अकादमी, भोपाल द्वारा चयनित 30 मेधावी विद्यार्थियों के लिए एनडीए परीक्षा की तैयारी के लिए एक सघन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का उद्घाटन समारोह हुआ। 'सुपर-30' नाम का यह विशेष बैच पूर्णतः निःशुल्क है, जो समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होनहार बच्चों को देश की सबसे प्रतिष्ठित रक्षा परीक्षा उत्तीर्ण करने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगा। यह संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम एक कुशल सैन्य रणनीतिकार एवं स्कोप डिफेंस अकादमी के निदेशक, रिटायर्ड मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव के प्रत्यक्ष दिशा-निर्देशन एवं कुशल नेतृत्व में संचालित होगा। मेजर जनरल श्रीवास्तव ने कहा, यह केवल एक कोचिंग नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है।

## गुणवत्ता से समझौता नहीं करने, काम में तेजी लाने के दिए निर्देश

# महापौर ने घाटों पर चल रहे निर्माण कार्यों और सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने बुधवार को भानपुर स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर और गिन्नौरी घाट क्षेत्र में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुविधा से जुड़े इन कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए और सभी निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने भानपुर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के समीप स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में विकसित की जा रही सुविधाओं और गिन्नौरी घाट पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, शेष कार्य और उन्हें पूरा करने की समय-सीमा पर चर्चा की। महापौर मालती राय ने कहा कि धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है।



निर्माण कार्य का निरीक्षण करतीं महापौर मालती राय।

## मंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया

# प्रांतीय शा. महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल मंत्री परमार से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से भेंट कर शिक्षकों की लंबित मांगों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विधायक भगवान दास सबनानी के साथ मंत्री परमार से मुलाकात की। मंत्री परमार ने शिक्षकों की हर समस्या के संबंध में जानकारी ली। उन्हें अवगत कराया कि कुछ मांगों के संबंध में विभाग स्तर पर पूर्व से कार्यवाही चल रही है। इस संबंध में शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा।



## बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया

# वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का विरोध करते हुए काजी ने दिया इस्तीफा

काजी के साथ दीनी तालीमी बोर्ड, जमीयत उलेमा मप्र के महासचिव ने भी त्यागपत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड में दो गैर मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति के बाद बुधवार को इस फैसले का विरोध करते हुए भोपाल में नवीन नगर हल्के के निकाह काजी मोहम्मद मआज नदवी ने इस्तीफा दे दिया है। नदवी ने बुधवार को निकाह काजी के पद के साथ ही दीनी तालीमी बोर्ड, जमीयत उलेमा मध्य प्रदेश के महासचिव पद से भी त्यागपत्र सौंपा है।

उन्होंने पहला इस्तीफा शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी जबकि दूसरा दीनी तालीमी बोर्ड, जमीयत उलेमा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल कलाम कासमी को भेजा।

दोनों ही पत्रों में उन्होंने वक्फ बोर्ड में नियुक्तियों और उनके समर्थन को अपने इस्तीफे की वजह बताया है। वहीं, बोर्ड अध्यक्ष सनवर पटेल के स्वागत समारोह पर मुफ्ती ने नाराजगी जताई है। उन्होंने बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि मस्जिद कमेटियों के नवीनीकरण में राजनीतिक हस्तक्षेप हो रहा है और सिफारिशें मांगी जाती हैं।

### बोर्ड की आमदनी बढ़ाने करेंगे कोशिशः भार्गव

वक्फ बोर्ड में हिंदू सदस्य के रूप में सदस्य बने अनिमेष भार्गव का कहना है कि मैं फाइनेंस बेकग्राउंड से जुड़ा हुआ हूं, जिससे प्रयास करुंगा कि बोर्ड की आमदनी को बढ़ाया जाए। जो लोग बोर्ड की प्रॉपर्टी पर काबिज हैं, लेकिन किरायेदारी की राशि जमा नहीं कर रहे हैं, उनसे वसूली की जाएगी। भार्गव ने कहा कि बोर्ड के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर वक्फ की मंशा को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस आमदनी से मुस्लिम समाज के बच्चों को शिक्षा सहित अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी।



भोपाल

गुरुवार, 9 जुलाई 2026

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-9

वर्ष : 13, अंक : 98

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**

अधि. 28


न्यून. 24

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल में...

विचार पेज

06 विश्व राजनीति के नए दौर में...

## मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से प्रदेश की 96 हजार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को बड़ी राहत

# 48 महीने का बकाया एरियर्स और ग्रेच्युटी देने का आदेश सरकार को जल्द चुकाना होगा 1400 करोड़ का बकाया

- हाईकोर्ट ने 6% ब्याज का आदेश खारिज किया, सरकार के करीब 300 करोड़ रुपए बचे
- जबलपुर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के फैसले को रखा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश की करीब 96 हजार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के हक में जबलपुर हाईकोर्ट ने एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार को जून 2019 से जून 2023 तक का, यानी पूरे 48 महीनों का लंबित एरियर्स और ग्रेच्युटी का लाभ जल्द से जल्द देने का आदेश दिया है। अदालत के इस फैसले से प्रदेश की हजारों महिला कर्मचारियों को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने लगभग 1400 करोड़ रुपए का मूल एरियर्स और ग्रेच्युटी देने के आदेश को तो सही ठहराया, लेकिन सिंगल बेंच द्वारा तय किए गए 6 प्रतिशत ब्याज के फैसले को बदल दिया। कोर्ट ने कहा कि मूल याचिका में ब्याज की मांग का पर्याप्त कानूनी आधार नहीं था, इसलिए ब्याज देने का आदेश कानूनन सही नहीं है। ▶▶ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

### हाईकोर्ट ने कहा- केंद्र ने अंशदान बढ़ाया तो राज्य ने कम क्यों किया?

सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार के रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई। कोर्ट ने सरकार को अपना पुराना अंशदान बहाल रखने के निर्देश देते हुए सवाल किया कि जब साल 2018 में केंद्र सरकार ने अपना अंशदान बढ़ाया था, तो फिर राज्य सरकार ने उसे घटा क्यों दिया? कोर्ट ने साफ कहा कि राज्य सरकार के इस कदम के कारण आंगनवाड़ी कर्मचारियों को मिलने वाला वास्तविक लाभ बेहद कम हो गया था।

### क्या था पूरा मामला और क्यों रुकी थी राशि?

दरअसल, यह पूरा मामला साल 2018 से जुड़ा है जब केंद्र सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में 1500 रुपए की बढ़ोतरी की थी। इस फैसले के बाद कार्यकर्ताओं का मानदेय 10 हजार रुपए और सहायिकाओं का मानदेय 7 हजार रुपए तय हुआ था। लेकिन साल 2019 में मध्य प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही नई सरकार ने राज्य का अंशदान घटा दिया। इस कटौती के चलते आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय घटकर महज 5500 रुपए तक सीमित हो गया था। सरकार के इसी फैसले के खिलाफ आंगनवाड़ी संगठनों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर अब कोर्ट ने अपना अंतिम फैसला दे दिया है।

## खबर संक्षेप

### सरपंच दंपती 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**शिवपुरी।** खनियाधाना जनपद की ग्राम पंचायत जुंगीपुर की महिला सरपंच केशवती कोली और उनके पति खेमचंद कोली को ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस ने 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। कार्रवाई बुधवार सुबह सरपंच के आवास पर की गई। शिकायतकर्ता राहुल सिंह यादव ने कपिलधारा योजना के तहत कुएं का निर्माण कराया था। भुगतान जारी करने के एवज में सरपंच रुपए की मांग कर रहे थे।

### रनवे पर पेशाब करते बच्चे का वीडियो वायरल



**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के एयरपोर्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने इंटरनेट पर 'पेरेंटिंग' को लेकर नई बहस छेड़ दी है। वीडियो में एक बच्चा रनवे पर खड़ी फ्लाइट के ठीक सामने खुले में पेशाब करता नजर आ रहा है। मशहूर उद्यमी अनुभव दुबे ने लिखा कि हमें सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करना बंद करना होगा। इसके लिए पेरेंटिंग को जिम्मेदार ठहराया है।

### 3 दिन बाद भी टॉवर से नीचे नहीं उतरा शख्स



**पांढुर्णा।** शहर के तीन शेर चौक स्थित करीब 300 फीट ऊंचे बीएसएनएल टॉवर पर चढ़े एक शख्स को तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं है। यह हाई-वोल्टेज ड्रामा बुधवार को भी जारी रहा। छिंदवाड़ा से बुलाई गई विशेष रेस्क्यू टीम, पुलिस और प्रशासन दो दिनों से उसे सुरक्षित उतारने की कोशिश में जुटे हैं। शख्स टॉवर के सबसे ऊपरी हिस्से पर हाथ में लोहे की रॉड लेकर बैठा है।

## दतिया का रणक्षेत्र : भारती बोले- पार्टी में किसी और को भी टिकट तो वे जी जान लगा देंगे

# नरोत्तम ने खरीदा नामांकन, भारती के मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई

अब तक एक भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया

गुरुवार को सरकारी पक्ष की सुनवाई के बाद यदि भारती को राहत मिली तो दतिया उप चुनाव स्थगित भी हो सकता है। इसलिए, सभी दावेदार नामांकन खरीद रहे हैं लेकिन दाखिल नहीं कर रहे हैं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस सहित किसी दल ने अब तक अपने अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। अलबत्ता, नामांकन खरीदने का सिलसिला जारी है। भाजपा के प्रमुख दावेदार पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा की ओर से भी बुधवार को नामांकन फार्म खरीद लिया गया। अब तक एक भी नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती ने कहा है कि कांग्रेस हाईकमान यदि मेरे परिवार के अलावा किसी अन्य को प्रत्याशी बनाए तो मैं पूरी ताकत से जिताने के लिए काम करूंगा। दूसरी तरफ राजेंद्र भारती की याचिका पर बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में लगभग एक घंटे तक सुनवाई हुई। भारती के वकीलों ने उनका पक्ष रखा। सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी और अपरान्ह ढाई बजे सरकारी पक्ष अपनी दलीलें रखेगा। इसके बाद हाईकोर्ट राजेंद्र भारती को राहत देने न देने के बारे में विचार करेगा।

भारती की याचिका पर बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में लगभग एक घंटे तक सुनवाई



नरोत्तम मिश्रा

- गुरुवार को अपरान्ह ढाई बजे सरकारी पक्ष अपनी दलीलें रखेगा
- इसके बाद हाईकोर्ट भारती को राहत देने न देने के बारे में विचार करेगा
- पूर्व विधायक घनश्याम सिंह और अवधेश नायक कांग्रेस के प्रमुख दावेदार

### परिवार को टिकट देना आवश्यक नहीं



राजेंद्र भारती

कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती ने कहा कि उन्होंने पार्टी नेतृत्व से अनुरोध किया है कि उनके परिवार को टिकट देना आवश्यक नहीं है। यदि पार्टी किसी अन्य योग्य नेता को उम्मीदवार बनाती है तो भी वे तन, मन और धन से काम करेंगे और उसकी जीत सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने अब फैसला पार्टी नेताओं पर छोड़ दिया है। कह दिया है कि हमारा लड़ना बहुत जरूरी नहीं है। पार्टी को और अच्छा प्रत्याशी मिलता है तो उसे लड़ाइए, हम पूरा सपोर्ट करेंगे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हाईकोर्ट के निर्णय पर टिका उप चुनाव

मप्र कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) घोटाले में दोषी पाए जाने के बाद भारती को दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई थी। इसी फैसले को चुनौती देते हुए उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बुधवार को भारती की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रसिद्ध अधिवक्ता पी चिदंबरम ने उनका पक्ष रखा। हाईकोर्ट में गुरुवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तीन दिन में खरीदे जा चुके 9 नामांकन फार्म

बुधवार को डॉ. नरोत्तम मिश्रा के अलावा बालकिशन विश्वकर्मा (छतरपुर), वेदराम कुर्मी (दमोह) और हंसमुखी लोधी ने भी नामांकन पत्र खरीदे। इसके साथ ही 3 दिन में नामांकन फॉर्म लेने वालों की कुल संख्या 9 हो गई है। पहले दिन सोमवार को आजाद समाज पार्टी के दामोदर यादव और केशव यादव ने फॉर्म खरीदे थे। मंगलवार को कांग्रेस नेता अवधेश नायक के साथ हरदास और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ई-अटेंडेंस पर स्कूल शिक्षा मंत्री की दो टूक

# दिनभर मोबाइल चलाने वाले शिक्षकों को इसमें क्या दिक्कत?



फाइल फोटो

तकनीकी खामियों के चलते किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं काटा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकारी स्कूलों में ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर सरकार और शिक्षकों के बीच बहस एक बार फिर गरमा गई है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने साफ कर दिया है कि सरकार इस फैसले से पीछे हटने के मूड में नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब शिक्षक दिनभर मोबाइल का इस्तेमाल कर सकते हैं, तो उन्हें एप पर ई-अटेंडेंस लगाने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जहां नेटवर्क ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पीएफ धारकों के लिए खुशखबरी

# 15 जुलाई तक खातों में आएगा 8.25% ब्याज

कर्मचारी घर बैठे आसान तरीके से चेक कर सकते हैं राशि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

देश के करोड़ों नौकरीपेशा कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सरकार ने भविष्य निधि (पीएफ) खातों में ब्याज की रकम डालने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने घोषणा की है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तय किया गया 8.25% सालाना ब्याज आगामी 15 जुलाई तक सभी सदस्यों के खातों में पूरी तरह क्रेडिट ▶▶ शेष पेज 4 पर

## यूपी में रिटायर्ड अफसर के घर कुबेर का खजाना



### दीवारों और कमरों से निकला 1.62 करोड़ कैश 20 करोड़ के सोने-हीरे जब्त

*लखनऊ। उप्र के सेवानिवृत्त एआरटीओ ललित कुमार के लखनऊ आवास पर विजिलेंस टीम ने छापेमारी की है। करीब 26 घंटे चली इस कार्रवाई में 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी और हीरे के आभूषण जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत 20 करोड़ रुपए आंकी गई है। तलाशी के दौरान अलग-अलग कमरों और दीवारों में छिपाकर रखे गए 1.62 करोड़ रुपए कैश मिले हैं।* ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी



ललित कुमार

## रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा

# तेज रफ्तार कार पलटी, 20 फीट ऊपर उछला ड्राइवर

युवती की मौके पर मौत, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले के भेरुंदा में एक तेज रफ्तार टवेरा कार अनियंत्रित होकर महज 3 सेकंड में 4 बार पलटी खाते हुए सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार का ड्राइवर शीशा तोड़कर हवा में करीब 20 फीट ऊपर उछला और दूर जा गिरा। 6 जुलाई को हुए इस खौफनाक हादसे का सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस दुर्घटना में कार सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## हाई कोर्ट की नाराजगी के बाद एक्शन

# भूमि विवादः डिप्टी कलेक्टर व नायब तहसीलदार सस्पेंड

प्रमुख सचिव कोर्ट में हुए पेश, देरी के लिए बिना शर्त मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने अदालती आदेशों के पालन में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि कोर्ट के निर्देशों का अक्षरशः पालन होना चाहिए। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने एक अवमानना याचिका का निराकरण करते हुए राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव को भविष्य में ऐसे मामलों में देरी न होने देने की हिदायत दी है।मामले की सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव खुद कोर्ट में पेश ▶▶ शेष पेज 4 पर

## इलाहाबाद हाई कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# 18 से कम उम्र में मुस्लिम लड़की का निकाह गैरकानूनी, पर्सनल लॉ पॉक्सो से ऊपर नहीं

19 याचिकर्ताओं की एफआईआर रद्द करने की मांग खारिज

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में स्पष्ट किया है कि बाल विवाह निषेध कानून और पॉक्सो एक्ट देश के सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होते हैं। अदालत ने साफ तौर पर कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरिया) समेत कोई भी पर्सनल लॉ इन कानूनों से ऊपर नहीं है और न ही इनके प्रावधानों को दरकिनार कर सकता है। जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस अचल सचदेव की बेंच ने उन 19 याचिकर्ताओं की एफआईआर रद्द करने की मांग को खारिज कर दिया, जिन्होंने बुलंदशहर में एक 16 वर्षीय मुस्लिम लड़की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### धार्मिक पर्सनल लॉ छूट नहीं दिला सकता

हाई कोर्ट ने इस दलील को सिरे से नकारते हुए कहा कि शादी और शारीरिक संबंध आपस में जुड़े हैं, ऐसे में 18 साल से कम उम्र में विवाह की अनुमति देना सीधे तौर पर पॉक्सो एक्ट का उल्लंघन है। अदालत ने जोर देकर कहा कि बाल विवाह निषेध कानून और पॉक्सो एक्ट जनस्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय नीति ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आज धार में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट

एक दर्जन जिलों में अति भारी बारिश होगी

# अब बारिश ले रही रौद्र रूप, खरगोन में उफनती नदी में युवक बहा, अचानक बाढ़ का अलर्ट जारी

आगर-मालवा, मंदसौर, रतलाम, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन, सीहोर, देवास, इंदौर, धार, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर जिलों में कुछ जगह अचानक बाढ़ का अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अभी तेज से भारी और कुछ हिस्सों में अति भारी बारिश का दौर जारी है। बुधवार तक इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, भोपाल, सागर, जबलपुर, रीवा, शहडोल, ग्वालियर और चंबल संभाग के अधिकांश हिस्सों में बारिश दर्ज की गई है। इस बीच कुछ जिलों में स्थिति काफी खराब रही। कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ का खतरा भी बढ़ा है। मौसम केंद्र ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



खरगोन में युवक को बचाते हुए



सेंधवा में एक पुल के ऊपर से पानी का बहाव

**बाढ़ का खतरा**

मौसम केंद्र ने कुछ जिलों में अचानक बाढ़ के खतरे के लिए अलर्ट जारी किया है। इनमें आगर-मालवा, मंदसौर, रतलाम, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन, सीहोर, देवास, इंदौर, धार, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर जिले शामिल हैं। इनमें निचले इलाकों में पानी भरने और बाढ़ का खतरा हो सकता है।

### आज यहां अति भारी बारिश

गुरुवार को धार में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट है। झाबुआ, रतलाम, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, टीकमगढ़, दतिया, निवाड़ी में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, नीमच, अशोकनगर, भिंड, ▶▶ शेष पेज 4 पर

# इंडस्ट्रियल बेल्ट में धार औद्योगिक विकास का ग्रोथ इंजनः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के लिए 8 जुलाई का दिन बेहद खास रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में लियुगोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की 272 करोड़ की नई यूनिट का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा कि राजा भोज के इस परिक्षेत्र में अहम उद्योग स्थापित होने जा रहा है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि इंडस्ट्रियल बेल्ट में धार औद्योगिक विकास का ग्रोथ इंजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धार की भुजाएं मजबूत हुईं। बीते 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने 6 लाख से ज्यादा किसानों के लिए वस्त्र उद्योग का बहुत बड़ा पार्क यहां लोकार्पित किया था।

272 करोड़ की यूनिट की दी सौगात, बदल जाएगी मप्र की सूरत

## ◆ पीथमपुर में लियुगोंग इंडिया प्रा. लिमिटेड की यूनिट का भूमिपूजन




कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### जितनी कृपा मां सरस्वती की, उतना ही आशीर्वाद मां लक्ष्मी का

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज पर जितनी कृपा मां सरस्वती की थी, उतना ही आशीर्वाद मां लक्ष्मी ने उन्हें दिया था। राजा भोज के कार्यों से मालवा के साथ-साथ पूरा देश गौरवांवित होता है। आज 272 करोड़ की नई यूनिट का लोकार्पण हुआ है। यह इकाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड' के संकल्प को पूरा करने के लिए रफ्तार से चलेगी। मैं लियुगोंग ग्रुप को बधाई देता हूं, जिनकी वजह से विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा।

### छह माह में प्राप्त हुए 76 हजार करोड़ से अधिक के प्रस्ताव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश पूरी क्षमता के साथ तेज गति से बढ़ रहा है। यही वजह है कि पिछले 6 महीने में यानी 1 जनवरी से 30 जून तक 76 हजार 862 करोड़ रुपए से अधिक के नए निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 82 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। अकेले नर्मदापुरम को 11 हजार 500 करोड़ के प्रस्ताव मिले। 10 हजार करोड़ से ज्यादा का विदेशी निवेश मध्यप्रदेश को मिला है। ये उन लोगों को जवाब है जो जीआईएस पर सवाल उठा रहे थे और कह रहे थे कि अलग-अलग दौरे करने से क्या मिला।*

### हमारी सरकार जो कहती है, वह कर के दिखाती है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर में बीते दस दिन की बात करूं तो आज यहां यानी 8 जुलाई को 272 करोड़ के भव्य प्लांट का उद्घाटन हुआ है। 6 जुलाई को सतगढ़ी में 150 करोड़ की लागत से बनने वाले 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क' का भूमिपूजन किया गया। 5 जुलाई को शिवपुरी में 2500 करोड़ की लागत से 'अडाणी डिफेंस यूनिट' का भूमिपूजन हुआ। 30 जून को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में पेप्सिको की अत्याधुनिक 1250 करोड़ की विनिर्माण इकाई का शुभारंभ हुआ। किसान की आय दोगुनी करने के लिए यह कदम अहम है। 29 जून को नीमच में 1 हजार 554 करोड़ की लागत से 38 नई औद्योगिक इकाइयों की सौगात देकर हमारी सरकार ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार केवल घोषणाएं करने वाली सरकार नहीं है, यह काम को धरातल पर उतारने वाली सरकार है।

### मेक इन इंडिया पर फोकसः गोवेन

लियुगोंग इंडिया के ग्लोबल वाइस चेयरमैन ल्यू गोवेन ने कहा कि हमारे लिए यह बड़ा ही सौभाग्यशाली दिन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीथमपुर में लियुगोंग इंडिया लिमिटेड के नए विनिर्माण संयंत्र की नींव रखी है। कंपनी का नया प्लांट स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। साथ ही प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को भी गति देगा। साथ ही रिसर्च और मशीनरी निर्माण का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। लियुगोंग इंडिया के वरुण विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास की धारा तेज गति से आगे बढ़ रही है।

---

## 2013 के नए भूमि अधिग्रहण कानून से तय होगा मुआवजा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण मामलों में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि नया कानून लागू होने के बाद पुराने अधिनियम के तहत मुआवजा तय नहीं किया जा सकता। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने याचिका स्वीकार करते हुए 29 अप्रैल, 2015 का मुआवजा अवार्ड निरस्त कर दिया। 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत नया अवार्ड पारित करने के निर्देश दिए।

■ हाईकोर्ट ने 2015 का अवॉर्ड किया निरस्त

इस मामले में याचिकाकर्ता दमोह निवासी राम कुमार गुप्ता की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा। दलील दी गई कि निष्पक्ष मुआवजा व भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 एक जनवरी 2014 से लागू हो चुका था।

इसके बावजूद 29 अप्रैल 2015 को समाप्त हो चुके 1894 के कानून के आधार पर अवार्ड पारित कर दिया गया, जो विधिसम्मत नहीं था। कोर्ट ने आदेश दिया कि प्रमाणित प्रति प्रस्तुत होने के 90 दिनों के भीतर 2013 के अधिनियम के अनुसार मुआवजा तय कर नया अवार्ड पारित किया जाए।

## सरदार सरोवर परियोजना पर हुए ऐतिहासिक समझौते से सहकारी संघवाद होगा सुदृढ़: सीएम

# भारत के अटॉर्नी जनरल ने 1500 करोड़ रुपए की देनदारी बताई थी, अब देना होगा महज 231 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल सुरक्षा को सुदृढ़ करने और सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की उपस्थिति में हुई बैठक में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच सरदार सरोवर परियोजना से जुड़े लगभग तीन दशक से जारी पुनर्वास एवं पुनर्बसाहट व्यय विवाद का सर्वसम्मति से समाधान हुआ है।



■ अब प्रदेश को करना होगा केवल 231.80 करोड़ रुपए का भुगतान

इस निर्णय से मप्र पर पड़ने वाले वित्तीय भार में उल्लेखनीय कमी आएगी। यह निर्णय राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, संवाद और सहमति से जटिल विषयों के समाधान का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री शाह के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मप्र की हिस्सेदारी घटा कर 16.17 प्रतिशत की

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भारत के अटॉर्नी जनरल की ओर से फरवरी 2026 में दिए गए अभिमत के अनुसार पुनर्वास व्यय में मप्र की हिस्सेदारी 31.98 प्रतिशत निर्धारित की गई थी। इसके अनुसार मप्र को लगभग 1,500 करोड़ रुपए का भुगतान गुजरात को करना पड़ता। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मप्र, गुजरात, महाराष्ट्र एवं राजस्थान के बीच हुई बैठक में सर्वसम्मति से मप्र की हिस्सेदारी घटाकर 16.17 प्रतिशत निर्धारित की गई। इसके परिणामस्वरूप अब मध्यप्रदेश को केवल 231.80 करोड़ रुपए का भुगतान करना होगा।*

### मध्यप्रदेश के हितों की अनदेखी करते हुए समझौते को स्वीकार कर लियाः अजय



*मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर सरदार सरोवर परियोजना के मुआवजे के मामले में प्रदेश के हितों से समझौता करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने केंद्र और गुजरात सरकार के दबाव में प्रदेश का पक्ष मजबूती से नहीं रखा और मध्यप्रदेश के हितों की अनदेखी करते हुए समझौते को स्वीकार कर लिया।*

### कांग्रेस पार्टी का झूठ बेनकाब, नेता प्रतिपक्ष सिंघार का दुष्प्रचार ध्वस्त : आशीष



*भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का झूठ बेनकाब, उमंग सिंघार का दुष्प्रचार ध्वस्त। सरदार सरोवर परियोजना को लेकर कांग्रेस जनता को भ्रमित कर रही है, जबकि सच्चाई बिल्कुल अलग है। मध्यप्रदेश की देनदारी घटकर मात्र 231.80 करोड़ रह गई। यानी मध्यप्रदेश के लगभग 1,268 करोड़ बचाए और 30 वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो गया।*

### कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहीः राहुल



*भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर मप्र की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। सच्चाई यह है कि सरदार सरोवर परियोजना से जुड़ा यह विवाद लगभग 30 वर्षों से लंबित था। कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन समाधान नहीं निकला। अब मप्र सरकार ने मप्र के हजारों करोड़ रुपए बचाए और तीन दशक पुराना विवाद समाप्त हुआ।*

### परियोजना से प्रदेश को उत्पादित विद्युत का मिल रहा है 57 प्रतिशत हिस्सा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा एवं सरदार सरोवर परियोजना से प्रदेश को उत्पादित कुल विद्युत का 57 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि अब तक मध्यप्रदेश को लगभग 3,900 करोड़ यूनिट विद्युत औसतन 85 पैसे प्रति यूनिट की दर से उपलब्ध हुई है। लगभग 31 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई सुविधा मिल रही है। साथ ही जबलपुर, कटनी, देवास, उज्जैन, इंदौर, धार सहित अनेक शहरों और पीथमपुर, देवास एवं विक्रम उद्योगपुरी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को नर्मदा जल की आपूर्ति भी इसी परियोजना से की जा रही है।

### चारों राज्यों की हिस्सेदारी तय

गुजरात की हिस्सेदारी 50.57 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत की गई है। महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 15.15 प्रतिशत से घटाकर 7.66 प्रतिशत और राजस्थान की हिस्सेदारी 2.31 प्रतिशत से घटाकर 1.17 प्रतिशत निर्धारित की गई है। इससे गुजरात को सहभागी राज्यों से कुल 553.43 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे।

### नर्मदा के मुद्दे पर भाजपा सरकार ने गुजरात के सामने किया सरेंडरः कुणाल



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल चौधरी ने नर्मदा नदी के जल बंटवारे और प्रदेश के अधिकारों के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर आरोप लगाए हैं। बुधवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि नर्मदा मध्य प्रदेश की जीवन रेखा है, लेकिन भाजपा सरकार ने गुजरात और केंद्र सरकार के सामने प्रदेश के हितों से समझौता किया है। गुजरात को मप्र को 7,669 करोड़ रुपए का मुआवजा देना था, लेकिन राज्य सरकार ने अपना दावा छोड़ते हुए उल्टा गुजरात को 550 करोड़ रुपए देने पर सहमति जताई। कांग्रेस ने इसे मध्य प्रदेश के हितों के साथ विश्वासघात बताया। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नर्मदा मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग करते हुए पूछा कि प्रदेश अपने हिस्से के 18.25 एमएएफ पानी का पूरा उपयोग कब करेगा, अधूरी परियोजनाएं कब पूरी होंगी।

### नर्मदा समझौते पर सिंघार ने सरकार को घेरा, उठाए कई सवाल



मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रेस वार्ता में मंदिरों में चढ़ावे के प्रबंधन में कथित अनियमितताओं और नर्मदा जल विवाद में प्रदेश के हितों से समझौते का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने नर्मदा जल विवाद को लेकर कहा कि मध्यप्रदेश के अधिकारों से समझौता किया गया है। उनका दावा है कि प्रदेश की डूब क्षेत्र की जमीन और विस्थापन के बावजूद सरकार ने अपने हजारों करोड़ रुपए के दावे को छोड़ दिया और गुजरात को 550 करोड़ रुपए देने पर सहमति जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूरे समझौते की शर्तें सार्वजनिक करने और यह स्पष्ट करने की मांग की कि प्रदेश के हितों से समझौता किस आधार पर किया गया। सिंघार ने कहा कि कांग्रेस इन सभी मुद्दों पर सरकार को विधानसभा से लेकर जनता के बीच जवाबदेह बनाएगी।

---

### पटवारी ने लगाया फिजूलखर्ची का आरोप

## मप्र पर 5 लाख करोड़ से ज्यादा कर्ज, सरकार श्वेत पत्र जारी करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेलने का आरोप लगाया है। बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से सरकारी प्रतिभूतियां जारी कर बाजार से 3,600 करोड़ रुपए का नया कर्ज लिया है। इसके साथ ही प्रदेश पर कुल कर्ज 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। पटवारी ने दावा किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में सरकार अब तक 12,800 करोड़ रुपए की उधारी ले चुकी है, जबकि पूरे वर्ष 78,500 करोड़ रुपए कर्ज लेने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक प्रदेश पर 4,88,714.17 करोड़ रुपए का कर्ज था, जो नई उधारी के बाद 5 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है।

## सीएम ने मांगा 9 दिन में हुई पदोन्नतियों का पूरा ब्यौरा

### ◆ सभी विभागों को ऑनलाइन जानकारी अपलोड करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में लंबे समय बाद शुरू हुई पदोन्नति प्रक्रिया की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल्द समीक्षा करेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री ने लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के तहत विभिन्न विभागों में पिछले नौ दिनों के दौरान की गई पदोन्नतियों का पूरा विवरण तलब किया है। मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने सभी विभागों को पदोन्नति का विभागवार और पदवार ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने सभी विभागों से कहा है कि अब तक की गई पदोन्नतियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन अपलोड की जाए। इसके बाद मुख्यमंत्री स्वयं इसकी समीक्षा करेंगे और यह देखेंगे कि विभिन्न विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया किस गति से आगे बढ़ रही है।

#### पदोन्नति प्रक्रिया तेज गति से पूरी किए जाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने हाल ही में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सभी विभागों में पदोन्नति प्रक्रिया तेज गति से पूरी की जाए और पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसका लाभ समय पर मिले। उन्होंने यह भी कहा था कि सभी वर्गों को नियमों के अनुरूप पदोन्नति का लाभ सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को पत्र जारी कर अब तक की गई पदोन्नतियों का विस्तृत विवरण मांगा है। विभागों से कहा गया है कि वे पदोन्नति की संख्या, संबंधित पद और विभागवार जानकारी निर्धारित ऑनलाइन लिंक पर तत्काल दर्ज करें।

#### एक दशक तक कानूनी विवादों के कारण रुकी रही पदोन्नति प्रक्रिया

*जानकारी के अनुसार विभिन्न विभागों में पात्र अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति देने की कार्रवाई तेजी से जारी है। सरकार का लक्ष्य सभी विभागों में लंबित पदोन्नतियों का समयबद्ध तरीके से निपटारा करना है।*

***ऑनलाइन पोर्टल पर आज ही अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी पदोन्नति संबंधी जानकारी:*** *सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार सभी विभागों को पदोन्नति संबंधी जानकारी निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर आज ही अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी। इसके आधार पर मुख्यमंत्री सचिवालय राज्यभर में चल रही पदोन्नति प्रक्रिया की समीक्षा करेगा।*

## निगम आयुक्त ने सहायक आयुक्त सहित कई जोनल अधिकारी और इंजीनियरों के वेतन रोके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम आयुक्त ने राजस्व वसूली संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व विभाग से संबंधित सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारियों के साथ ही जोन क्र. 01, 02, 03, 04, 05, 06, 08, 10, 15, 18 के जोनल अधिकारियों एवं उक्त जोनों के अंतर्गत आने वाले सभी वार्ड प्रभारियों तथा जोन क्र. 17 के अंतर्गत आने वाले सभी वार्ड प्रभारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने यांत्रिक एवं सीवेज संबंधी कार्यों की धीमी गति एवं सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर समुचित कार्यवाही न करने पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए यांत्रिक विभाग एवं सीवेज प्रकोष्ठ के अधीक्षण यंत्रियों, कार्यपालन यंत्रियों, सहायक यंत्रियों एवं उपयंत्रियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

---

## विज्ञान पार्क, एकल नागरिक डाटाबेस परियोजना और बॉयो टेक्नॉलाजी पार्क के लिए 123 करोड़ की स्वीकृति

### मप्र आईटी, आईटीइएस एंड ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी- 2023 का संशोधन प्रस्ताव स्वीकृत

# राज्य डेटा सेंटर का होगा आधुनिकीकरण, आईटी एवं डिजास्टर रिकवरी सहित अन्य कार्यों के लिए 800 करोड़ रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने मप्र आईटी, आईटीइएस एंड ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी- 2023 के संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी दी है। नीति की कंडिका 15, 12.6 और 12.11 में नए प्रावधान प्रतिस्थापित किए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य नीति को निवेश प्रोत्साहन विभाग की मप्र इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी अनुरूप बनाकर ईएसडीएम इकाइयों के लिए अधिक आकर्षक एवं अनुकूल बनाई गई है। इस नीति के तहत निवेशकर्ता एवं प्रदेश को लाभ प्राप्त हो सकेगा। कैबिनेट से मिली स्वीकृति अनुसार यदि कोई पुरानी आईटी या डेटा सेंटर कंपनी अपना काम बढ़ाना चाहती है, तो उसे अपने मौजूदा निवेश में कम से कम 30% और पैसा लगाना होगा, या अपनी जगह का एरिया 30% बढ़ाना होगा।

इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बनाने वाली (ईएसडीएम) कंपनियों को मशीनों में कम से कम 30% (न्यूनतम 15 करोड़ रुपए) या 50 करोड़ रुपए (जो भी कम हो) का नया निवेश करना होगा और उत्पादन क्षमता 20% बढ़ानी होगी। ऐसा करने पर इन सभी कंपनियों को नई कंपनी की तरह ही सरकारी मदद मिलेगी।



बैठक में मंत्रियों से विचार-विमर्श करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### जमीन मिलने की प्रक्रिया को ऑनलाइन और आसान बनाया

*जमीन मिलने की प्रक्रिया को भी पूरी तरह ऑनलाइन और आसान बनाया गया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे जाएंगे। अगर एक ही जमीन के लिए एक से ज्यादा कंपनियां आवेदन करेंगी, तो ऑनलाइन बोली (ई-बिडिंग) लगाई जाएगी। हालांकि, बहुत बड़े प्रोजेक्ट्स (मेगा प्रोजेक्ट) को इस बोली से छूट मिलेगी और उन्हें 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर सीधे जमीन मिल सकेगी। कंपनियां एमपीआइडीसी या अन्य सरकारी विभागों की जमीन भी ले सकती हैं, लेकिन किराया और बाकी शर्तें उसी विभाग के नियमों के मुताबिक ही तय होंगी।*

### युवाओं को उच्चस्तरीय अध्ययन एवं अनुसंधान के अवसर मिलेंगे

उज्जैन स्थित आचार्य वराह मिहिर न्यास परिसर में अत्याधुनिक तारामंडल एवं खगोलीय वेधशाला स्थापित की जा रही है। इसमें एक मीटर ऑप्टिकल टेलीस्कोप एवं 4.5 मीटर रेडियो टेलीस्कोप जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उच्चस्तरीय अध्ययन एवं अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे। विज्ञान पार्क संबंधी योजना खगोल विज्ञान के अध्ययन, अनुसंधान एवं जन-जागरुकता को बढ़ावा देने के साथ समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा अंधविश्वासों के निराकरण में भूमिका निभाएगी। यह उज्जैन को राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख खगोलीय अनुसंधान एवं विज्ञान प्रसार केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

### विज्ञान पार्कः एकल नागरिक डाटाबेस परियोजना के लिए 123 करोड़ की मंजूरी

कैबिनेट ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत विज्ञान पार्क, एकल नागरिक डाटाबेस परियोजना और बॉयो टेक्नालॉजी पार्क की स्थापना एवं आगामी 5 वर्षों 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 की अवधि के लिए संचालन की निरंतरता के लिए 123 करोड़ की स्वीकृति दी है। इस अनुसार विज्ञान पार्क की स्थापना संबंधी योजना के लिए 39 करोड़ 39 लाख रुपए, एकल नागरिकता डाटाबेस के लिए 75 करोड़ और बॉयो टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना और संचालन संबंधी योजनाओं के लिए 8 करोड़ 59 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### डीबीटी प्रक्रियाओं का प्रभावी क्रियान्वयन

एससीडी परियोजना के साथ-साथ परिचय परियोजना के माध्यम से आधार आधारित ऑथेंटिकेशन एवं ई-केवाईसी सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे डीबीटी प्रक्रियाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है। दोनों परियोजनाएं डेटा समेकन, आधार प्रमाणीकरण एवं विभागीय डेटा साझाकरण के माध्यम से राज्य की ई-गवर्नेंस व्यवस्था को सुदृढ़ कर रही हैं। भविष्य की डिजिटल गवर्नेंस प्रणाली एवं विजन<\@>2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मप्र बॉयो टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना तथा संचालन से संबंधित योजना का उद्देश्य प्रदेश में बॉयो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अनुसंधान, विकास, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना है। भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की नेशनल बॉयो टेक्नोलॉजी पार्क स्कीम के अंतर्गत संचालित इस योजना के तहत स्टार्ट-अप, नवोन्मेषकों तथा सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमियों को इन्क्यूबेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

7 रिश्ते का मामा करा रहा था नाबालिगों से गांजे की...



8 नाटक के जरिए बच्चों तक पहुंची गुरु-शिष्य...





## अब राजाभोज एयरपोर्ट से एयर इंडिया उड़ानों का संचालन करेगी



**संतनगर।** राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल से 01 अगस्त से एयर इंडिया एक्सप्रेस अपनी उड़ान सेवाओं का संचालन प्रारंभ करेगी, जिससे भोपाल की घरेलू हवाई संपर्क व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इसी के साथ इंडिया एक्सप्रेस अपनी नई उड़ान दिल्ली और मुंबई के लिए भी शुरू करेगी। भोपाल से संचालित एयर इंडिया की सभी उड़ानों का संचालन एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा किया जाएगा। हालांकि, प्रातःकालीन दिल्ली सेवा एआई 1705/एआई 1886 (दिल्ली–भोपाल–दिल्ली) का संचालन पूर्ववत एयर इंडिया द्वारा ही जारी रहेगा।

**प्रतिदिन 6 उड़ानों का करेगी संचालनः** उड़ान शेड्यूल के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रतिदिन छह उड़ानों का संचालन करेगी, जो भोपाल को दिल्ली एवं मुंबई से जोड़ेगी। इन उड़ानों का संचालन एयरबस ए 320एनई (32एन) विमान से किया जाएगा, जिससे यात्रियों को दिनभर में यात्रा के अधिक सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध होंगे। एयर इंडिया एक्सप्रेस के परिचालन की शुरुआत राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल के निरंतर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एयर इंडिया समूह की बढ़ी हुई उपस्थिति से हवाई संपर्क और अधिक मजबूत होगा, उड़ानों के समय विकल्पों में वृद्धि होगी तथा यात्रियों को बेहतर और अधिक सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध होंगी।एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों के लिए बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है। इसके तहत मुंबई और दिल्ली की नई उड़ान भी शुरू की जा रही है।

## बारिश में तेज बहाव का पड़ रहा पानी पर असर...

# फिल्टर प्लांटों में नर्मदा नदी से पहुंच रहा मटमैला रॉ वाटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के 15 फिल्टर प्लांटों में इन दिनों बारिश के चलते नर्मदा नदी से मटमैला रॉ वाटर पहुंच रहा है। इसे देखते हुए शाहगंज स्थित खटपुरा जलशोधन संयंत्र में एलम, पोली एल्युमिनियम क्लोराइड मिलाकर प्री सेटलिंग के माध्यम से कई स्तरों पर पानी का शुद्धिकरण सप्लाई की जा रही है। इस समस्या से निपटने के लिए निगम ने विशेष व्यवस्था की है। इसके अलावा निगम प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि अपने स्वयं के नलकूप सहित अन्य जल स्त्रोतों के पानी की जांच नगर निगम से अनिवार्य रूप से कराएं।

*» शाहगंज स्थित खटपुरा जलशोधन संयंत्र में एलम, पोली एल्युमिनियम क्लोराईड के माध्यम से गंदगी की जा रही है साफ*

*» प्री सेटलिंग टैंक एवं क्लीरीफाई के जरिए कई स्तरों पर शुद्धिकरण कर रिजर्व वायर भेजा जा रहा पानी*



प्रयोगशाला के अलग-अलग बीकर में रखा गंदा और साफ पानी।

### निगम की अपील-लोग स्वयं के जल स्त्रोतों के पानी की कराएं जांच

निगम प्रशासन के अनुसार वर्षा ऋतु में नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों का पानी मटमैला होने से नगर निगम द्वारा जलशोधन संयंत्रों में पूरी तरह से शुद्धिकरण कर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा रहा है और नगर निगम का अमला 24 घंटे सजग एवं सतर्क रहकर 15 फिल्टर प्लांटों के माध्यम से शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करा रहा है। निगम प्रशासन ने कहा है कि वर्षा ऋतु में नर्मदा नदी में जल का संग्रहण अधिक मात्रा में होने तथा पानी का बहाव तीव्र होने के कारण नर्मदा नदी से मटमैला रॉ वाटर आ रहा है। इसे देखते हुए पूरी तरह से एहतियात बरती जा रही है। निगम प्रशासन ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वर्षा ऋतु में शहर के लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके स्वयं के नलकूप सहित अन्य जल स्त्रोतों के पानी की जांच नगर निगम से जरूर कराएं। जिससे वर्षा ऋतु में उनके जल स्त्रोतों से शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके।

## अवैध उत्खनन, पेड़ों की कटाई और प्लाटिंग का आरोप

# अकबरपुर में सरकारी जमीन पर खुदाई और पेड़ों की कटाई को लेकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार तहसील के ग्राम अकबरपुर स्थित सर्वे क्रमांक-3 की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पेड़ों की कटाई, पहाड़ियों का उत्खनन, ढलानों को समतल कर अवैध प्लाटिंग किए जाने को लेकर बुधवार को स्थानीय रहवासी विरोध में उतर आए और हंगामा किया। रहवासियों का आरोप है कि बिल्डर, भूमाफिया एवं राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों द्वारा शासकीय भूमि और राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ कर पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस संबंध में रहवासियों ने विभिन्न शासकीय एजेंसियों को शिकायतें करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रहवासियों का कहना है कि इस मामले में पूर्व में राष्ट्रीय हरित अधिकरण में भी शिकायत की जा चुकी है। एनजीटी के आदेश में विवादित शासकीय भूमि का कलेक्टर के माध्यम से राजस्व अभिलेखों के आधार पर पूर्ण सीमांकन कराने तथा कॉलोनी की भूमि की अलग से सीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अतिरिक्त भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा भी राज्य शासन को शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इन आदेशों के बावजूद क्षेत्र में अवैध गतिविधियां जारी हैं।

> कटाई देख विरोध में उतर आए रहवासी, एनजीटी से शिकायत

> शास. भूमि, राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ का लगाया आरोप

### मास्टर प्लान के अनुसार 8 डिग्री से अधिक ढलान वाले क्षेत्र में नहीं है निर्माण की अनुमति



अकबरपुर में जमीन को समतल करती जेसीबी और घटना का वीडियो बनाता एक रहवासी।

शिकायत में मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ से जांच कराई जाए तथा संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं तहसीलदार की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच हो। रहवासियों ने बताया कि दानिश सेक्टर-3 एवं 5 से जुड़े अवैध कब्जे का प्रकरण क्रमांक 0456/3-12/2025-26 तहसील न्यायालय में सीमांकन प्रकरण के रूप में विचाराधीन है। उनका कहना है कि मास्टर प्लान के अनुसार 8 डिग्री से अधिक ढलान वाले क्षेत्र में निर्माण की अनुमति नहीं है, इसके बावजूद वहां प्लाटिंग कर दी गई है। इससे बरसात के दौरान लैंड स्लाइडिंग की घटनाओं और जन-धन की हानि का खतरा लगातार बना हुआ है।

### टाइगर मूवमेंट एरिया और ग्रीन बेल्ट का हिस्सा

इसके साथ ही शिकायतकर्ताओं ने यह भी कहा कि संबंधित क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील बाघ भ्रमण क्षेत्र तथा ग्रीन बेल्ट का हिस्सा है। रहवासियों ने मांग की है कि कोलार तहसील के ग्राम अकबरपुर, दामखेड़ा एवं चंदनपुरा के वर्ष 1959 से अब तक के सभी खसरे एवं अक्स की जांच कर अवैध निजी कब्जों को हटाया जाए तथा पूरे क्षेत्र को संरक्षित कर अर्बन फॉरेस्ट के रूप में विकसित किया जाए।



मौके पर पहुंचे स्थानीय रहवासी।

## पेपर चोरी के बाद प्रशासनिक फेरबदल

# प्रो. अर्चना की जिम्मेदारी बदली परीक्षा कार्यों से किया गया मुक्त

*» अब बायोटेक्नोलॉजी स्कूल की निदेशक पद से भी हटाई गईं प्रो. तिवारी*



आरजीपीवी का फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। यह आदेश बुधवार से लागू किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने जून-जुलाई 2026 की परीक्षाओं के संचालन को देखते हुए परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी प्रो. अर्चना तिवारी से वापस लेकर प्रो. संजीव शर्मा को सौंप दी है। इसके अलावा बायोटेक्नोलॉजी स्कूल के निदेशक पद से भी हटाया दिया गया है। प्रो. अर्चना तिवारी को परीक्षा संबंधी सभी कार्यों से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार उनके कार्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों को भी परीक्षा कार्यों से अलग करने को कहा गया है। विवि के उपकुलसचिव (प्रशासन) द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रो. अर्चना तिवारी को स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के प्रभारी निदेशक पद से भी मुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर डॉ. जितेन्द्र अग्रवाल को आगामी आदेश तक प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा प्रो. तिवारी को डायरेक्टर, आईक्यूएसी सहित सभी अतिरिक्त दायित्वों से भी मुक्त कर दिया गया है।

### परीक्षा संचालन फिर प्रो. संजीव शर्मा के पास

विश्वविद्यालय ने परीक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से प्रो. संजीव शर्मा को फिर से परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी, ताकि जून-जुलाई सत्र की परीक्षाओं के संचालन में किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा न आए। गौरतलब है कि मंगलवार को अभाविप ने हाल ही में सामने आए प्रश्नपत्र चोरी प्रकरण के विरोध में करीब 5 घंटे तक लगातार प्रदर्शन किया, इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर यह कदम उठाया गया है।

## 21 कब्जेधारियों का दोबारा से होगा सीमांकन

# बोट क्लब की दुकानें हटाने की मियाद बढ़ी, शनिवार को हटाए जाएंगे कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से 50 मीटर दायरे में किए गए निजी निर्माणों को हटाने का काम जारी है। चार महीने पहले हुए सीमांकन 321 निर्माण सामने आए थे, जिसमें सरकारी जमीन पर कब्जे और बाउंड्रीवॉल वाले निर्माणों को ढहा दिया गया है। जबकि बंगलों, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग और विला भी इसकी हद में आ रहे हैं। इन लोगों ने आपत्ति पेश कर दी है, जिसमें कहा गया है कि सीमांकन के दौरान वे मौजूद नहीं थे।

इसके बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दोबारा से सीमांकन कराने की बात कही है। टीटी नगर तहसीलदार कुणाल राउत का कहना है कि बोट क्लब पर नगर निगम की 26 दुकानों को हटाया जाना है। जिसके लिए सोमवार की तारीख तय की गई थी, जिसके बाद इसे बढ़ाकर बुधवार को कार्रवाई तय की गई। इसके बाद इसे बढ़ाकर शनिवार को अतिक्रमण तोड़ने की तारीख तय कर दी गई है। एसडीएम टीटी नगर अर्चना शर्मा का कहना है कि बोट क्लब के अतिक्रमणों को तोड़ने की कार्रवाई के लिए शनिवार को कार्रवाई की जाएगी।

### अब बोट क्लब के 26 अतिक्रमण हटेंगे

टीटी नगर क्षेत्र के बोट क्लब पर पचास मीटर के दायरे में जॉक रेस्टॉरेंट, का चार हजार वर्गफीट एरिया, लहर रेस्टॉरेंट, विंड्स एंड वेब का निर्माण भी आ रहा है। टीम ने बोट क्लब की बाउंड्री को एफटीएल मानते हुए सर्वे किया है। इधर नगर निगम के फूड जोन में बनी 26 दुकानों को भी हटाया जाना है।

## तालाब किनारे घर बनाने 3 माह में 11 हजार रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया से लगे नीलबड़, रातीबड़, कलखेड़ा, बरखेड़ी कला, बरखेड़ी खुर्द, मेंडोरा-मेंडोरी, खुदागंज, चिचली, बैरागढ़ चिचली, गेहूंखेड़ा, दौलतपुर, चंदनपुरा, प्रेमपुरा, सेवनियां गौड़ सहित आसपास के गांवों में प्लॉट खरीदने वालों की तादाद बढ़ गई है। मास्टर प्लान में इन क्षेत्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए लो-डेंसिटी जोन घोषित किया गया है, लेकिन इसके बावजूद छोटे-छोटे प्लॉट काटकर उनकी रजिस्ट्री और बिक्री लगातार जारी है। पंजीयन विभाग के अनुसार अप्रैल से जून 2026 के बीच हुई 19 हजार रजिस्ट्रियों में से 11,220 रजिस्ट्रियां अकेले इन्हीं क्षेत्रों में हुई हैं। नगर निगम ने लो-डेंसिटी क्षेत्र में आबादी का दबाव सीमित रखने के लिए कम से कम एक हजार वर्गमीटर के भूखंड पर ही निर्माण की अनुमति है। ऐसे प्लॉट पर भी अधिकतम 60 वर्गमीटर तक निर्माण किया जा सकता है। इसके विपरीत मौके पर 500 से 2000 वर्गफीट तक के छोटे प्लाट काटकर बेचे जा रहे हैं और उनकी रजिस्ट्रियां भी हो रही हैं। इससे कैचमेंट क्षेत्र में अनियोजित बसाहट तेजी से बढ़ रही है।

## महापौर ने किया लोकार्पण, बोलीं- कचरा प्रबंधन में मील का पत्थर साबित होगा नया केंद्र

# शहर को मिला 16वां गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन अब गोपाल नगर पहुंचेगा 8 वार्डों का कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में नगर निगम ने गोपाल नगर में नया गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन शुरू कर दिया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत खजूरी कला रोड स्थित एसओएस बालग्राम के समीप बनाए गए इस ट्रांसफर स्टेशन का बुधवार को महापौर मालती राय ने लोकार्पण किया।

इसके साथ ही भोपाल में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इसके बनने से अब जोन-14-15 के तहत आने वाले 8 वार्डों की 90 से ज्यादा कॉलोनियों का कचरा पहुंचना शुरू हो जाएगा।

### जोन-14 और 15 के तहत आने वाले क्षेत्रों का कचरा सीधे यहां लाया जाएगा



गार्बेज सेंटर में मशीन की पूजन कर शुभारंभ करतीं महापौर राय।

### महापौर ने किया निरीक्षण, ली मशीनों की जानकारी

लोकार्पण के बाद महापौर ने ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण कर यहां स्थापित मशीनों, कचरा ट्रांसफर प्रणाली और निष्पादन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहर में वैज्ञानिक तरीके से कचरे के संग्रहण, पृथक्कीकरण और परिवहन को मजबूत करने की दिशा में यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी, कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया भी व्यवस्थित बनेगी।

महापौर राय ने कहा कि गोपाल नगर का यह गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन शहर की स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और आधारभूत संरचना के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। अधिकारियों ने महापौर को बताया कि इस ट्रांसफर स्टेशन के शुरू होने से जोन-14 और 15 के तहत आने वाले क्षेत्रों का कचरा सीधे यहां लाया जाएगा। इन दोनों जोनों से रोजाना 33 कचरा संग्रहण वाहन कचरा लेकर ट्रांसफर स्टेशन पहुंचेंगे, जहां से वैज्ञानिक तरीके से उसका आगे परिवहन और निष्पादन किया जाएगा। इससे कचरा संग्रहण व्यवस्था अधिक सुचारु होगी और परिवहन में भी समय की बचत होगी। लोकार्पण कार्यक्रम में उपायुक्त हीरेंद्र सिंह कुशवाह, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, जोन अध्यक्ष नीरज सिंह, नगर निगम के अधिकारी तथा स्थानीय रहवासी मौजूद रहे।

## जोन-13 व 14 में रेस्टोरेशन पर इंजीनियरों के थे अपने-अपने अलग-अलग दावे

# टीएल की बैठक में सीवेज लाइन बिछाने के बाद के रेस्टोरेशन को लेकर इंजीनियर उलझे, आयुक्त को करना पड़ा हस्तक्षेप

आयुक्त जैन ने दिए रेस्टोरेशन का काम जल्द पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम मुख्यालय अटल भवन में बुधवार को आयोजित टीएल की बैठक में सीवेज लाइन बिछाने के बाद रेस्टोरेशन नहीं करने को लेकर इंजीनियर आपस में उलझ गए। मामला तूल पकड़ता देख निगम आयुक्त को हस्तक्षेप करना पड़ा। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेशन के मामले को लेकर इंजीनियरों के अपने-अपने अलग-अलग दावे थे। मामला जोन-13 व 14 में रेस्टोरेशन करने को लेकर सामने आया। हालांकि निगम आयुक्त ने जहां रेस्टोरेशन का काम अधूरा है वहां जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए।

सूत्रों के अनुसार निगम आयुक्त ने जोनल अधिकारियों को भी फटकार लगाई। उन्होंने संबल और समग्र योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर जोनल अधिकारियों को फटकार लगाते हुए समय-सीमा में सभी मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान फायर विभाग में वायरलैस सेट बंद होने का मामला भी उठा, जिस पर आयुक्त ने तत्काल व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

> नाइट स्वीपिंग मामले में दिए जांच के निर्देश

> लंबित प्रकरणों पर भी नाराज हुईं आयुक्त

### नाइट स्वीपिंग कर्मियों का मामला भी उठा



बैठक में नाइट स्वीपिंग के काम में लगे कर्मचारियों के संबंध में शिकायत मिलने पर आयुक्त ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। नाइट स्वीपिंग में कार्यरत 200 से अधिक कर्मचारियों का सत्यापन कराने के साथ प्रभारी अधिकारियों की भूमिका की भी जांच के निर्देश दिए गए।

## आज ऑन-द-स्पॉट निपटेंगी समस्याएं

**भोपाल।** राजधानी सहित जिले में अवैध कॉलोनियों की बढ़ती तादाद और इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को निपटाने पहली बार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पहल की है। जिसके तहत गुरुवार 9 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक कलेक्टोरेट में जनसुनवाई रखी गई है, जिसमें सिर्फ कॉलोनियों से जुड़ी समस्याओं को ही सुना जाएगा। जिले में पहली बार कलेक्टर मिश्रा जनसुनवाई करेंगे। इन शिकायतों को ऑन-द-स्पॉट निपटाने की योजना बनाई गई है। एडीएम सुमित पांडे का कहना है कि कॉलोनियों की शिकायतों के लिए आवेदन पेश करना पड़ेगा, जिसका ऑन-द-स्पॉट निराकरण करने की कोशिश की जाएगी। इसमें नगर निगम की कॉलोनी सेल के अफसर, एसडीएम और सहकारिता विभाग की टीम मौजूद रहेगी।

## घनी आबादी वाले इलाके में एक दर्जन से ज्यादा स्ट्रीट डॉग के झुंड का वीडियो वायरल, लोगों में भय...

**भोपाल।** राजधानी में घनी आबादी वाले इलाके में स्ट्रीट डॉग के झुंड का फोटो बुधवार को सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। यह वीडियो पुराने शहर के ऐशबाग इलाके का बताया जा रहा है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। फोटो में एक कचरा घर के पास और तंग सुनसान गली में एक दर्जन से ज्यादा स्ट्रीट डॉग की सक्रियता नजर आ रही है, इससे लोगों में भय व्याप्त हो गया है।





## जैकेट का शेष....

### इसलिए, लाई...

करोड़ मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं की खरीदी हुई है। धान की खरीदी भी 51 लाख मीट्रिक टन हुई। धान से करीब 65 फीसदी चावल निकलता है। इसे भी केंद्र सरकार लेती है। एक बड़ा पेंच यह है कि केंद्र सरकार धान व चावल का उठाव सीजन में नहीं करती,जब उसे जरूरत होती है, उसी समय कराती है। इससे भंडारण व क्षतिपूर्ति का खर्च मप्र सरकार को वहन करना पड़ता है। करीब 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि प्रति वर्ष राज्य सरकार को खर्च करनी पड़ रही है।

### एंबुलेंस न मिलने...

प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तुरंत आपातकालीन 108 एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन काफी इंतजार के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। मजबूरन परिजन रजनी को एक ऑटो-रिक्शा से स्थानीय घुटस स्वास्थ्य केंद्र लेकर भागे। वहां महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तुरंत बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर कर दिया, लेकिन वहां भी कोई सरकारी वाहन नहीं मिला। परिजनों को फिर उसी ऑटो का सहारा लेना पड़ा और बिछिया अस्पताल पहुंचने से ठीक पहले रास्ते में ही रजनी का प्रसव हो गया। उसने तीन बच्चियों और एक बच्चे समेत चार नवजात शिशुओं को जन्म दिया।

### पिता-एंबुलेंस ...

गया था। समय से पहले (प्री-मैच्योर) डिलीवरी होने के कारण चारों बच्चों का शारीरिक विकास अधूरा था और उनका वजन भी बहुत कम था, जिसके चलते उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस गंभीर मामले पर मंडला के जिलाधिकारी राहुल नामदेव धोटे ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार की शिकायत मिलते ही मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई होगी।

### महादेव बेटिंग ...

भी जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है। खुद को बचाने के लिए उसने मस्कट में वकीलों की एक टीम भी तैनात की है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई (सीबीआई) इस पूरे सिंडिकेट के अवैध वित्तीय लेन-देन की गहराई से जांच कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष....

### 48 महीने का...

ब्याज हटने से मध्य प्रदेश सरकार को बड़ी राहत मिली है और उसके करीब 300 करोड़ रुपए बच गए हैं।

### हाईकोर्ट के निर्णय...

को सरकारी पक्ष की सुनवाई के बाद यदि भारती को राहत मिली तो दतिया उप चुनाव स्थगित भी हो सकता है। इसलिए सभी दावेदार नामांकन खरीद रहे हैं लेकिन दाखिल नहीं कर रहे हैं। संभवतः हाईकोर्ट की सुनवाई को ध्यान में रख कर ही अब तक किसी दल ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

### तीन दिन में....

रामसिंह ने भी नामांकन पत्र लिए। अब तक किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है।

### परिवार को टिकट....

भारती के परिवार के अलावा पूर्व विधायक घनश्याम सिंह और अवेधश नायक कांग्रेस के प्रमुख दावेदार हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि यदि किसी पिछड़े वर्ग के नेता को आगे लाया जाए तो और अच्छा होगा।

### दिनभर मोबाइल चलाने ...

की समस्या है, वहां तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं और तकनीकी खामियों के चलते किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं काटा गया है। इस नई व्यवस्था के दायरे में प्रदेश के करीब 4.25 लाख शिक्षक आएंगे, जिनमें 1.75 लाख प्राथमिक, 1.50 लाख माध्यमिक और 1 लाख उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। सरकार का तर्क है कि ई-अटेंडेंस से स्कूलों में शिक्षकों की पूरे समय उपस्थिति सुनिश्चित होगी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। सरकार का मानना है कि निजी मोबाइल का इस्तेमाल इस पारदर्शी व्यवस्था का विरोध करने का कोई ठोस आधार नहीं हो सकता। दूसरी तरफ, शिक्षक संगठन इस व्यवस्था का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसके व्यावहारिक पहलुओं पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

### 15 जुलाई तक ....

(जमा) कर दिया जाएगा। खाते में ब्याज की राशि जमा हुई है या नहीं, इसे कर्मचारी घर बैठे तीन बेहद आसान तरीकों से चेक कर सकते हैं। पहला तरीका मोबाइल पर सरकार की उमंग एप का है, जहां ईपीएफओ विकल्प में व्यू पासबुक पर क्लिक कर और अपना यूएएन दर्ज कर ओटीपी के जरिए पूरी पासबुक देखी जा सकती है। दूसरा तरीका ईपीएफओ के आधिकारिक ई-पासबुक पोर्टल का है, जहां यूएएन, पासवर्ड और कैप्चा कोड की मदद से लॉग इन करके खाते की वित्तीय स्थिति जानी जा सकती है। वहीं, जिन लोगों के पास स्मार्टफोन या इंटरनेट नहीं है, वे अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से 011-22901406 पर एक मिस्ड कॉल दे सकते हैं। कॉल कटने के तुरंत बाद एसएमएस के जरिए कुल जमा और ब्याज की जानकारी मिल जाएगी।

### तेज रफ्तार कार ...

रूप से घायल हो गए हैं। कार में सवार सभी लोग खंडवा के रहने वाले थे और किसी निजी काम से नरसिंहपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार भादाकुई के पास पहुंची, तेज रफ्तार होने के कारण ड्राइवर ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। पोस्टमार्टम के बाद मृत युवती का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के मुताबिक तेज रफ्तार हादसे की वजह है।

### भूमि विवादः डिप्टी ...

हुए। उन्होंने आदेश के पालन में हुई देरी के लिए बिना शर्त माफी मांगी और अतिरिक्त अनुपालन रिपोर्ट पेश की। अदालत को बताया गया कि 30 जून, 2026 के त्रुटिपूर्ण आदेश को रद्द कर 1 जुलाई, 2026 को नया आदेश जारी किया गया है। इसके तहत याचिकाकर्ताओं के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर दिए गए हैं। इसके साथ ही, लापरवाही बरतने के आरोप में तत्कालीन नायब तहसीलदार शिब्बू सिंह कसोरिया और प्रभारी डिप्टी कलेक्टर व एसडीओ (राजस्व) संजय दुबे को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर टीकमगढ़ को वरिष्ठ अधिकारियों की जांच समिति बनाकर दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह मामला टीकमगढ़ निवासी राकेश व अन्य द्वारा दायर किया गया था, जिन्होंने अधिकारियों पर भूमि विवाद में अदालती आदेश की अनदेखी का आरोप लगाया था। अनुपालन रिपोर्ट से संतुष्ट होकर कोर्ट ने याचिका बंद कर दी।

### 18 से कम....

का बाल विवाह रुकवाने गई पुलिस टीम के काम में बाधा डाली थी। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि शरिया के तहत लड़की 'प्यूबर्टी' (आमतौर पर 15 वर्ष) की उम्र पार करने के बाद निकाह के योग्य हो जाती है और उन पर बाल विवाह कानून लागू नहीं होता।

### धार्मिक पर्सनल लॉ ....

पर आधारित वैज्ञानिक समझ के तहत बनाए गए हैं, जिनसे कोई भी धार्मिक पर्सनल लॉ छूट नहीं दिला सकता। भारत में हर नागरिक के लिए शादी की कानूनी उम्र एक समान है।

### अब बारिश ले ...

इसके लिए अलर्ट जारी किया है। पिछले दो दिन से जारी तेज बारिश के बाद सेंधवा में ग्रामीण अंचलों के नदी-नाले उफान पर हैं। खरगोन में रूपारेल नदी के तेज बहाव में गुरुवार दोपहर एक युवक बह गया। उसकी मौत हो गई। जबकि, रतलाम में अंडरब्रिज में पानी भर गया। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भी अधिकांश जिलों में बारिश का दौर जारी रहेगी। धार में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी सिस्टम सक्रिय रहने से प्रदेश में अगले तीन से चार दिन बारिश में कमी नहीं आएगी।

### आज यहां अति...

श्योपुरकलां, दमोह, सागर, छतरपुर में भारी बारिश हो सकती है। भोपाल शहर सहित जिले में सामान्य बारिश की उम्मीद है।

**मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण रोज़गार गारंटी परिषद**
**(वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 की धारा 13(1) के अनुसार गठित)**
**विकास भवन, चतुर्थ तल, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462027**
**Email ID : comm.nregs@mp.gov.in, दूरभाष : 0755-2551487**
**क्रमांक 1/1146799/2026/एनआर-18/स्टोर/26**
**भोपाल, दि. : 08.07.2026**

**निविदा सूचना (GeM के माध्यम से क्रय)**

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण रोज़गार गारंटी परिषद मुख्यालय भोपाल हेतु हाईबैक, मिडबैक एवं विजिटर कुर्सियां GeM पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रण का प्रकाशन किया गया है।
कुर्सियों की संख्या एवं क्रय से संबंधित विस्तृत तकनीकी विवरण, शर्तें एवं समय-सारणी **दिनांक 07.07.2026 से GeM पोर्टल वेबसाइट (https://gem.gov.in/)** पर **GeM Bid No.: GEM/2026/B/7722053** पर उपलब्ध है।
विभाग को बिना कारण बताये किसी भी/समस्त प्रस्ताव को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
म.प्र. माध्यम/126779/2026 — **उपायुक्त**

**कार्यालय**
**परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)**
**35, श्यामला हिल्स भोपाल**
E-mail:petcsc.bpl@gmail.com — Phone 0755-2666615

पत्र / प्रशि/न.स-36/2026/159 — भोपाल दिनांक 7/7/26

**अंशकालीन अतिथि व्याख्याताओं के चयन हेतु विज्ञप्ति**

म.प्र. शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा, एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एस.एस.सी/रेल्वे तथा मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उक्त परीक्षाओं में प्रशिक्षण देने के लिए अतिथि व्याख्याताओं के चयन हेतु योग्य एंव अनुभवी उम्मीदवारों से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है।
अतिथि व्याख्याताओं के लिए
निर्धारित योग्यता एंव अनुभव निम्नानुसार रहेगा: -

1. उम्मीदवारों को प्रथम श्रेणी में स्नात्तकोत्तर उपाधि धारक अथवा ऐसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान जहाँ से प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं में होता रहा हो, में अध्यापन का कम से कम 05 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है।
2. योग्य उम्मीदवारों का पैनल बनाकर समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में व्याख्याताओं को व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जावेगा एवं उन्हे शासन द्वारा नियत मानदेय का नियमानुसार भुगतान किया जावेगा। जो वर्तमान में 90 मिनट का 800/- रू. देय है।
3. आवेदन प्रारूप मे अतिथि व्याख्याताओं द्वारा पढाए जाने वाले विषयों एवं संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।
4. प्राप्त आवेदन पत्रों में से योग्य उम्मीदवारों का चयन राज्य शासन के निदेशों के पालन में केन्द्र में गठित समिति द्वारा किया जावेगा जिसका निर्णय अंतिम एंव सर्वमान्य होगा।

आवेदन पत्र में अध्यापन किए जाने वाले विषय एंव संबंधित प्रतियोगी परीक्षा का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित अहर्ता रखने वाले इच्छुक आवेदक संलग्न आवेदन प्रारूप में अपना आवेदन पत्र शैक्षणिक अभिलेखों एंव अनुभव पत्रों की छायाप्रतियों के साथ दिनांक 24.07.2026 तक केन्द्र के Email: petcsc.bpl@gmail.com अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा कार्यालयीन पतें पर अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय एंव दिवसों में कार्यालय में जमा करा सकते है।

**प्राचार्य**
**परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र**
**भोपाल म.प्र.**
जी- 15393/26 — स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय हल्का नं- 77 बडवाई, राजस्व निरीक्षक वृत्त-08 पलासी, संतहिरदाराम नगर (बैरागढ़)-वृत्त तहसील हुज़ूर जिला भोपाल**

क्रमांक Q /प.ह.नं.77/2026 — भोपाल, दिनांक 06/07/2026
प्रकरण क्रमांक 0075/अ-3/2026-27
**// बटान बावत सूचना पत्र //**

1. जहीर मोहम्मद सैय्यद पिता एस.एम. यूनुस पता बड़बाई हुज़ूर भोपाल मध्य प्रदेश (आवेदक), 2. श्रीमती उजमा रशीद पत्नि मो. रशीद पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी, 3. तसलीम बानो उर्फ तसनीम पत्नी मो. इमरान पता नि. 357 ए अशोका गार्डन भोपाल, 4. सैय्यद अहमद आगा पुत्र सैय्यद मेहमूद आगा पता नि. चोपड़ाकलां, 5. रंजना तिवारी पत्नी स्वतंत्र तिवारी पता एम 01 अलेक्सर ग्रीन नयी जेल करोद भोपाल मध्य प्रदेश, 6. समस्त हितबद्ध मेंड पडोसी कास्तकार , उपरोक्त बटान प्रकरण के संबंध में माननीय न्यायलय तहसीलदार संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़)-वृत्त के आदेश पत्रिका दिनांक 22/06/2026 के अनुसार मुझे जहीर मोहम्मद सैय्यद पिता एस.एम. यूनुस पता बड़बाई हुज़ूर भोपाल मध्य प्रदेश की भूमि खसरा क्रमांक 242/1/1/7, 431 रकबा 0.0930 हेक्टेयर, स्थित ग्राम बडवाई पटवारी हल्का नं-77 बडवाई राजस्व निरीक्षक वृत्त-.08 पलासी, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़-वृत्त तह हुज़ूर जिला भोपाल का बटान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया है। उक्त आदेश के परिपालन में मेरे/गठित दल द्वारा दिनांक 09/07/2026 को समय 12: PM-बजे से बटान हेतु मौका स्थल निरीक्षण एवं मौका उठाने का कार्य किया जायेगा, तत्पश्चात बटान किया जायेगा । आपको पडोसी कृषक/हितबद्ध पक्षकार होने के कारण सूचित किया जाता है कि आप भी बटान बनाने की कार्यवाही के समय भूमि स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष रख सकते हैं। आवेदक मौके पर मूल विक्रय पत्र एवं अन्य भूमि स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेजों (मूल प्रति) के साथ उपस्थित रहें आपकी अनुपस्थिति की दशा में बटान की कार्यवाही स्थगित नहीं की जायेगी।

**पटवारी हल्का नं.77**
**तहसील हुज़ूर जिला भोपाल**

**-: आम-सूचना :-**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार श्री गिरीश परोत आत्मज श्री डी के पराते आयु 50 वर्ष निवासी 63 ए स्वदेश नगर अशोका गार्डन थाने के पास भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक आवासीय दो मंजिला मकान मकान क्रमांक 133 जिसका क्षेत्रफल 540 वर्गफीट अर्थात 50.18 वर्गमीटर है जिस पर दो मंजिला मकान बना है जिसके भूतल पर भूतल का क्षेत्रफल 540 वर्गफीट अर्थात 50.18 वर्गमीटर पर है एवं प्रथम तल पर क्षेत्रफल 250 वर्गफीट अर्थात 23.23 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुथ सीमाऐ पूर्व दिशा में–रोड़ पश्चिम भूखण्ड क्रमांक 128, उत्तर दिशा में–भूखण्ड क्रमांक 132, दक्षिण दिशा में–भूखण्ड क्रमांक 134 जो कि खसरा क्रमांक 133, 136/1, 134/2/2/1/2, 134/2/2/2/ 2/2, 173/2/1, 173/2/2, 179/2/4 के अशं भाग पर भव्य सिटी ग्राम सराकिया पटवारी हल्का नम्बर 04 वार्ड क्रमांक 26 मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित को क्रय करने हेतु टोकन /बयाना राशि अदा कर दी है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी बैंक, सोसायटी, व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन–देन या वाद विवाद या हिवा, दान, गिरवी, वसीयत, विक्रय अनुबंध, विक्रय विलेख आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करे समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष मे कराने के लिये स्वंतत्र होगे।

भवदीय **रोहित यादव** (एडवोकेट)
**कार्या 502 लॉयर्स चैंबर**
**अरेरा हिल्स भोपाल**
**मो.9993020804, 7024877216**

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति**
**खुजनेर, जिला- राजगढ (म.प्र.)**
क्र./मंडी/निर्माण/26-27/197 — खुजनेर, दिनांक : 07.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति **खुजनेर 'घ' श्रेणी'** मंडी (द्वितीय आमंत्रण) एवं उपमंडी **कालीपीठ** में (प्रथम आमंत्रण) ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत तौलकांटा की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक क्रमशः 2026_MPSAM_519857_1 एवं 2026_MPSAM_519858_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 10.07.2026 को 11:30 बजे से दिनांक 31.07.2026 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।
**नोट** :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव** — कृषि उपज मण्डी समिति, खुजनेर जिला - राजगढ़
**भारसाधक अधिकारी** — कृषि उपज मण्डी समिति, खुजनेर जिला- राजगढ़
म.प्र. माध्यम/126771/2026






















**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

### शब्द पहेली - 6281



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 6280 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | य | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | य | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | य | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

### सूडोकु नवताल - 6291

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6290 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# गोविंदपुरा में कल से लगेगा मशीनों का महाकुंभ

## चार दिवसीय इंजी.एक्सपो में दिखेगी नई तकनीक और ऑटोमेशन की झलक

एक्सपो का उद्घाटन बीएचईएल भोपाल के ईडी प्रदीप उपाध्याय करेंगे

दूसरे दिन मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन एक्सपो में शामिल होंगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एमएसएमई एग्जिबिशन सेंटर में चार दिवसीय इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एक्सपो 2026 का आयोजन 10 जुलाई से किया जाएगा। गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (जीआईए) द्वारा आयोजित इस एक्सपो में देशभर की औद्योगिक कंपनियां हिस्सा लेंगी और आधुनिक मशीनों व नई तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

एक्सपो का उद्घाटन बीएचईएल भोपाल के ईडी प्रदीप उपाध्याय के करकमलों से होगा। वहीं, दूसरे दिन मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन कार्यक्रम में शामिल होंगे। एक्सपो का समापन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री की अध्यक्षता में किया जाएगा। यह जानकारी गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय गौर ने दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी अंकुर गुप्ता, मदन लाल गुर्जर, ब्रजपाल सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### अब तक किए जा चुके हैं 113 स्टॉल बुक



10 जुलाई से शुरू हो रहे इजीनियरिंग एक्सपो की जानकारी देते जीआईए के अध्यक्ष और पदाधिकारी

#### करीब 12 से 15 अत्याधुनिक मशीनों का लाइव डेमो

विजय गौर ने बताया कि फ्यूचर कम्युनिकेशन इवेंट एंड एग्जीबिशन के सहयोग से आयोजित इस चार दिवसीय एक्सपो में अब तक 113 स्टॉल बुक किए जा चुके हैं। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स तकनीक और फुली ऑटोमैटिक आधुनिक मशीनों का लाइव डेमो मुख्य आकर्षण रहेगा। करीब 12 से 15 अत्याधुनिक मशीनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

एक्सपो का प्रमुख आकर्षण जापान से आने वाला औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल होगा। जापानी विशेषज्ञ एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, स्मार्ट फैक्ट्री सॉल्यूशंस, रोबोटिक्स और प्रिसीजन इंजीनियरिंग जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही भारतीय उद्योगों के साथ तकनीकी सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी।

विजय गौर ने कहा कि बदलते औद्योगिक दौर में उद्यमियों को नई तकनीकों को अपनाने और अपनी कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि एक्सपो में मध्यप्रदेश के अलावा गुजरात, पंजाब और महाराष्ट्र की औद्योगिक इकाइयां भी भाग लेंगी। जापान से आने वाले विशेषज्ञ आधुनिक मशीनों और तकनीकों की जानकारी देंगे। वहीं फ्यूचर कम्युनिकेशन इवेंट एंड एग्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के संचालक लक्ष्मण दुबे ने बताया कि इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एक्सपो 2026 में मध्यभारत के प्रमुख औद्योगिक आयोजन शामिल होंगे। इसमें उद्योगपति, सरकार, एमएसएमई इकाइयां, तकनीकी विशेषज्ञ, स्टार्टअप, निवेशक और औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## विशेषज्ञों ने बताए पुदीने के आयुर्वेदिक लाभ

# डाबर ने भोपाल में शुरू किया 'पुदीना द वंडर हर्ब' अभियान, औषधीय गुणों के बारे में दी जानकारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के लाभों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डाबर इंडिया लिमिटेड ने भोपाल में 'पुदीना द वंडर हर्ब' अभियान की शुरुआत की। इस स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को पुदीने के प्राकृतिक और औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पीटीकेएलएस गवर्नमेंट आयुर्वेदिक कॉलेज, भोपाल की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शुचि दुबे ने पुदीने की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है, जो विशेष रूप से गर्मी के मौसम में शरीर के लिए लाभकारी हो सकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान और लू के प्रभाव के कारण गर्मियों में पेट संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं।

कंपनी का उद्देश्य इस अभियान के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक स्वास्थ्य देखभाल और आयुर्वेदिक समाधानों के प्रति जागरुक करना है



व्यास आनंद और डॉ. शुचि दुबे

#### आवश्यकता है स्वास्थ्य समाधान की

डाबर इंडिया लिमिटेड के हेड-सीएसआर एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन व्यास आनंद ने कहा कि बदलती जीवनशैली और व्यस्त दिनचर्या के कारण लोगों को प्रभावी और प्राकृतिक स्वास्थ्य समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि डाबर पारंपरिक आयुर्वेद को आधुनिक जरूरतों के अनुरूप लोगों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पुदीन हरा गैस, बदहजमी और एसिडिटी जैसी पेट संबंधी समस्याओं में राहत देने वाला आयुर्वेदिक समाधान है। डॉ. शुचि दुबे ने बताया कि आयुर्वेद में पुदीने का उपयोग लंबे समय से होता आया है। उन्होंने कहा कि पुदीना लगभग 3,000 वर्षों पुरानी औषधीय परंपरा से जुड़ा है । उन्होंने बताया कि बाजार में उपलब्ध कई एंटासिड में एल्यूमीनियम और मैग्नीशियम हाइड्रोक्साइड जैसे रसायन पाए जाते हैं, जबकि डाबर पुदीन हरा आयुर्वेदिक आधार पर तैयार उत्पाद है।

## अभियान का दूसरा चरण

# कोटक महिंद्रा बैंक का ब्रांड अभियान 'हौसला 2.0' शुरू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने ब्रांड अभियान 'हौसला 2.0' की शुरुआत की है। यह 2025 में शुरू हुए 'हौसला है तो हो जाएगा' अभियान का दूसरा चरण है। अभियान का उद्देश्य लोगों को बड़े सपने देखने के साथ-साथ उन्हें पूरा करने के लिए पहला कदम उठाने का हौसला देना है। बैंक का कहना है कि आज का भारत बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की महत्वाकांक्षा रखने वाला देश बन चुका है। ऐसे में केवल सपने देखना ही नहीं, बल्कि उन्हें पूरा करने के लिए साहस और दृढ़ विश्वास भी जरूरी है। इसी सोच के साथ हौसला 2.0 अभियान तैयार किया गया है।

#### महत्वाकांक्षा की कोई कमी नहीं

कंपनी के प्रेसिडेंट रोहित भसीन ने कहा कि बैंक का उद्देश्य बड़े सपने देखने वाले लोगों और उद्यमियों का साथ देना है। उन्होंने कहा कि भारतीयों के पास बड़े विचार और महत्वाकांक्षाएं हैं, लेकिन कई बार वे पहला कदम उठाने से हिचकिचाते हैं। बैंक चाहता है कि लोग झिझक छोड़कर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें। वहीं, कार्टव्हील क्रिएटिव कंसल्टेंसी के सीईओ रामकृष्ण देसिराजू ने कहा कि भारत में सपनों और महत्वाकांक्षा की कोई कमी नहीं है।

## करोंद सब्जी मंडी के बाहर अवैध वसूली का आरोप

# पुलिस चौकी पर तैनात कर्मियों पर गंभीर सवाल, वाहन चालक और व्यापारी परेशान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडियों में शामिल करोंद सब्जी मंडी के मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वार के बाहर स्थित पुलिस चौकी एक बार फिर विवादों में आ गई है। मंडी से जुड़े वाहन चालकों, व्यापारियों और कर्मचारियों ने चौकी में पदस्थ पुलिसकर्मियों पर सब्जियों से भरे वाहनों से कथित रूप से अवैध वसूली कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है।

आरोप है कि बिना रकम दिए कई वाहन चालकों को आगे नहीं बढने दिया जाता

मंडी से किसान और व्यापारियों की सब्जियां शहर के विभिन्न बाजारों तक पहुंचाती है

#### मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई



वाहन चेकिंग के दौरान मंडी गेट के सामने लगा जाम

मंडी कर्मचारियों और व्यापारियों का आरोप है कि चौकी में पदस्थ एएसआई सुदर्शन द्विवेदी और पुलिसकर्मी लखन कीर की मौजूदगी में सुरेंद्र और सोनू नामक दो व्यक्तियों के माध्यम से मंडी से निकलने वाले ऑटो, पिकअप और अन्य सब्जी वाहनों से कथित तौर पर वसूली की जा रही है। आरोप है कि बिना रकम दिए कई वाहन चालकों को आगे नहीं बढने दिया जाता, जिससे रोजाना विवाद की स्थिति बनती है। वाहन चालकों का कहना है कि वे किसानों और व्यापारियों की सब्जियां शहर के विभिन्न बाजारों तक पहुंचाते हैं। ऐसे में रास्ते में कथित वसूली के कारण न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि समय पर माल नहीं पहुंच पाने से सब्जियों की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

#### पुलिस अधिकारियों ने कहा-अवैध वसूली का आरोप निराधार

मंडी व्यापारियों का कहना है कि जिला कलेक्टर द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यक वस्तुओं, विशेषकर सब्जियों से भरे वाहनों की अनावश्यक धरपकड़ या बाधा नहीं बनाई जाए, ताकि आम जनता तक सब्जियों की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रह सके। बताया जा रहा है कि रोजाना सैकड़ों वाहन मंडी से निकलते हैं और अधिकांश चालक इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। मंडी से जुड़े लोगों ने पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, लगाए गए आरोपों की सत्यता की पड़ताल करने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंडी व्यापारियों और कर्मचारियों एवं वाहन चालकों द्वारा लगाए गए आरोप के संदर्भ में निशातपुरा थाना क्षेत्र पुलिस अधिकारी इन आरोप को एक सिरे से नाकारा। चौकी प्रभारी अनिल कुमार यादव ने कहा कि अवैध वसूली का आरोप निराधार है सब कुछ ऑनलाइन है।

## एमएसएमई मंत्री से मिला फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल

मंत्री का आश्वासन उद्योगों को शीघ्र मिलेगी राहत

# उद्योग फायर एनओसी में राहत और निर्यात सब्सिडी बढ़ाने पर की चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के उद्योगों के विकास और व्यापारिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनिर्वाचित प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री चेतन्य काश्यप से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उद्योगों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। फेडरेशन के अध्यक्ष हिमांशु खरे के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने उद्योगों को फायर एनओसी से राहत देने, निर्यातोन्मुखी ट्रांसपोर्ट सब्सिडी को प्रभावी बनाने और प्रदेश के निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर मंत्री के समक्ष सुझाव रखे। फायर एनओसी के मुद्दे पर चर्चा के दौरान मंत्री चेतन्य काश्यप ने आश्वासन दिया कि फायर एक्ट पारित होने के बाद फैक्ट्री लाइसेंस के अंतर्गत आने वाले उद्योगों को आवश्यक राहत दी जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंच बढ़ाने जैसे विषयों पर मंत्री के समक्ष रखे सुझाव


फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल मंत्री से चर्चा करते हुए

#### निर्यातकों को ट्रांसपोर्ट सब्सिडी का लाभ लेने की अपील

निर्यातोन्मुखी ट्रांसपोर्ट सब्सिडी योजना पर मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह योजना निर्यातकों की मांग पर शुरू की गई थी, ताकि परिवहन लागत कम हो सके और प्रदेश के उद्योग वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकें। फेडरेशन ने सुझाव दिया कि प्रदेश के निर्यातकों को उनकी आवश्यकता और पसंद के अनुसार प्रतिवर्ष दो अंतरराष्ट्रीय ट्रेड फेयर में भाग लेने का अवसर दिया ।

### बीओआई ने 'एनपीएस संचय' को बताया सुरक्षित भविष्य का आधार

**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल ने नागरिकों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली संचय के प्रति जागरूकता अभियान शुरू किया है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि असंगठित एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत किसान, श्रमिक, महिलाएं, स्वरोजगार से जुड़े लोग, छोटे व्यवसायी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी जैसे नागरिकों के लिए पएनपीएस संचय योजना एक सरल, सुरक्षित विकल्प है। बैंक ऑफ इंडिया ने बताया कि 18 से 85 वर्ष तक का कोई भी भारतीय नागरिक 250 से एनपीएस संचय खाता खोल सकता है।

### नथिंग ने नया स्मार्टफोन फोन (4बी) को किया लांच

**लंदन।** नथिंग ने अपने नए स्मार्टफोन फोन (4बी) को पेश किया है। कंपनी के अनुसार, यह सीरीज का पहला स्मार्टफोन है और नथिंग के प्रोडक्ट इकोसिस्टम में प्रवेश करने वाले यूजर्स के लिए एक नया विकल्प है। इस डिवाइस में डिजाइन, परफॉर्मेंस और स्मार्ट सॉफ्टवेयर का बेहतर संयोजन दिया गया है। इस फोन के बेस वेरिएंट की कीमत 29,999 रुपए है। वहीं, टॉप वेरिएंट को 33,699 रुपए में लाया गया है।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Acclerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building,7th Floor,
Plot P-6,7,8,Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email,: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना
(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/687 दिनांक 01/07/2026

संदर्भ:

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (18) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No. | Work Item | CIN | Company Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC 3948884 | U31900MP2009PTC022378 | जीएलके इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC3905848 | U92120MP2015PTC034822 | सपना मोशन पिक्चर्स एंड टेलीफिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC3842291 | U17290MP2021PTC054626 | कॉम्फी टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC3821333 | U86900MP2025PTC076065 | मोयल इंटरनेशनल ट्रेनिंग्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC3609528 | U23200MP2022PTC063879 | विंध्य बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC3960306 | U80302MP2005PTC017886 | सीएएस एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC3934029 | U74999MP2016OPC041957 | प्रोलॉन्ट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AC3879478 | U68200MP2024PTC069775 | डेल्टिन होम्स रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AC3841043 | U55101MP2022PTC063675 | तरंगिनी क्लब एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AC3857661 | U46101MP2023PTC065801 | मुनिडा एग्रीकेयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC3821416 | U74999MP2017PTC042825 | आरोग्य मैक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AC3769137 | U24100MP2015PTC034838 | जेनरैक्स हेल्थकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AC3738314 | U80900MP2018PTC046120 | बीसीइंग लर्निंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AC4047368 | U27201MP2024PTC071922 | इलेक्ट्राबूस्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AC3786094 | U46304MP2024PTC070631 | देवराहा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AC4057676 | U85490MP2025PTC074366 | छत्रसाल एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AC4040316 | U85320MP2019PTC048832 | अमेल्गस बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AC 4041992 | U15100MP2021PTC054854 | डी स्टार फूड्स प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अत: कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

रौनक अग्रवाल
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0302/2627

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण कॉलेज में फार्माकोविजिलेंस पर जागरुकता कार्यक्रम



**भोपाल।** राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल में भावी आयुर्वेद चिकित्सकों के लिए फार्माकोविजिलेंस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक औषधियों के सुरक्षित उपयोग, गुणवत्ता निगरानी और प्रतिकूल प्रभावों की रिपोर्टिंग से जुड़े वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम में पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल के वरिष्ठ चिकित्सक एवं रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आर. के. पति ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा को अधिक वैज्ञानिक, सुरक्षित और प्रभावी बनाने में फार्माकोविजिलेंस की महत्वपूर्ण भूमिका है। राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि आज के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे वैज्ञानिक और व्यावहारिक बदलावों की जानकारी भी होना जरूरी है।

### कैफे ब्रांड टिंकूज ने जोमैटो के साथ की साझेदारी

**इंदौर।** लोकप्रिय कैफे ब्रांड टिंकूज ने जोमैटो के साथ साझेदारी के बाद अपने कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के अनुसार, ब्रांड के सालाना ऑर्डर में लगभग 2.6 गुना बढ़ोतरी हुई है। 1997 में स्थापित टिंकूज आज शहर में 10 आउटलेट्स के साथ अपने सिग्नेचर सैंडविच, कॉफी और ग्राहक-केंद्रित सेवा के लिए पहचान बना चुका है। टिंकूज के संस्थापक हेमंत कौल ने बताया कि ब्रांड की शुरुआत ग्राहकों के बदलते स्वाद और पसंद को ध्यान में रखकर की गई थी।


### सैमसंग गैलेक्सी अनपैक्ड 2026 की लांचिंग 22 को

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 22 जुलाई को ब्रिटेन की राजधानी लंदन में अपने बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी अनपैक्ड 2026 इवेंट का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में कंपनी अपनी गैलेक्सी सीरीज के नए डिवाइस पेश करेगी, जिनसे फोल्डेबल स्मार्टफोन श्रेणी में नए मानक स्थापित होने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, नई पीढ़ी के गैलेक्सी डिवाइस उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमताओं और नए डिजाइन के साथ आएंगे।

# जियो टीवी प्रो पैक लांच, 55 रुपए में 30 दिन तक 1000 प्लस लाइव टीवी चैनल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस जियो ने अपने ग्राहकों के लिए नया जियो टीवी प्रो पैक लांच किया है। महज 55 रुपए की कीमत वाले इस प्लान की वैधता 30 दिन होगी। इस पैक के जरिए ग्राहक जियो टीवी एप पर 1000 से अधिक लाइव टीवी चैनलों का आनंद अपने मोबाइल फोन पर ले सकेंगे। कंपनी के अनुसार, इस पैक में 16 से अधिक भाषाओं के चैनल शामिल हैं, जिनमें 150 से अधिक प्रीमियम चैनल भी उपलब्ध होंगे। जियो टीवी प्रो पैक में स्टारप्लस एचडी, कलर्स एचडी, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन एचडी, सोनी सब एचडी, डिस्कवरी, एनिमल प्लैनेट, सन टीवी नेटवर्क और ईटीवी समेत कई प्रमुख ब्रॉडकास्टर्स के लोकप्रिय चैनल शामिल हैं। हालांकि जियोस्टार और सोनी के स्पोर्ट्स चैनल इस पैक का हिस्सा नहीं होंगे।



अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संतोष पुत्र सवाई सिंह निवासी हाउस नंबर 1, बावड़ी मोहल्ला, गाँव जताखेदा, तहसील आष्टा, जिला सीहोर, मध्य प्रदेश 466114, मोबाइल नंबर 9310367932** ने **CC No. 5125/2024 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC No. 5125/2024 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना रूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संतोष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.08.2026** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अर्जुन किरार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी– 05, NI Act, केंद्रीय जिला
कमरा नं. 02, भूतल, बिल्डिंग एनेक्सी–01, सीबीए–1
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/8870/N/2026(Court Matter)

Can Fin Homes Ltd
(Sponsor: CANARA BANK)
HOME LOANS • DEPOSITS
Translating Dreams into Reality

केनफिन होम्स लिमिटेड
शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046
फोन : 07480 – 401340, 7625079225 Email: mandideep@canfinhomes.com
Website: www.canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

परिशिष्ट - IV-A [ नियम 9(1) का परन्तुक देखें ]

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा **केनफिन होम्स लिमिटेड मंडीदीप शाखा** (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर केनफिन होम्स लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) द्वारा संबंधित ऋणी एवं जमानतदारों से बकाया राशि एवं देय ब्याज एवं अन्य खर्चों की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा दिनांक **23-07-2026** को बेचा जाएगा।

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम | दिनांक 19-06-2026 को बकाया राशि | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि | कब्जा का प्रकार | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सत्य प्रकाश मिश्रा पुत्र गोरख प्रसाद मिश्रा एवं गोरख प्रसाद मिश्रा पुत्र रामदास मिश्रा (Loan No.225234000005) | ₹ 48,80,538/- (रुपये अड़तालीस लाख अस्सी हजार पांच सौ अड़तीस मात्र) | ₹ 9,50,000/- (रुपये नौ लाख पचास हजार मात्र) | ₹ 95,000/- (रुपये पिन्चानवे हजार मात्र) | भौतिक | प्लाट नं. 190, नया वार्ड नं. 23, (पुराना 17) मंडी रेलवे स्टेशन के पास, मंडीदीप तहसील गौहरगंज, जिला-रायसेन-462046 संपत्ति का क्षेत्रफल- 1300 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 189, पश्चिम- प्लाट नं. 191, उत्तर-कालोनी रोड, दक्षिण- प्लाट नं. 185 |
| 2. | बबिता जादोन पत्नि दीपक जादोन एवं दीपक जादोन पुत्र ज्ञान सिंह जादोन (Loan No.225233000015) | ₹ 56,23,036/- (रुपये छप्पन लाख तेईस हजार छत्तीस मात्र) | ₹ 9,50,000/- (रुपये नौ लाख पचास हजार मात्र) | ₹ 95,000/- (रुपये पिन्चानवे हजार मात्र) | भौतिक | प्लाट नं. 191, सर्वे नं. 457 का भाग, मंडी रेलवे स्टेशन के पास, मण्डीदीप तहसील-गौहरगंज, रायसेन संपत्ति का क्षेत्रफल-1300 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 190, पश्चिम- खुला क्षेत्र, उत्तर- कालोनी रोड, दक्षिण- प्लाट नं. 184 |

नीलामी के नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत विवरण हेतु केनफिन होम्स लिमिटेड की अधिकृत वेबसाइट **(www.canfinhomes.com)** देखें। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु लिंक - https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx, www.bankeauctionwizard.com

दिनांक : 08-07-2026
स्थान: मंडीदीप

हस्ता. प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.

## चिंतन

# फिर अनिश्चितता के भंवर में दुनिया

मध्य-पूर्व एक बार फिर अशांत होता दिखाई दे रहा है। ईरान के अड़ियल रुख और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पलटवार के कारण दुनिया एक बार फिर अनिश्चितता के भंवर में फंस गई है। खाड़ी में युद्ध के कारण कच्चा तेल, गैस और ऊर्जा सभी की महंगाई और टूटती चेन सप्लाई ने लोगों को परेशान कर रखा था। युद्ध विराम के बाद दुनिया कुछ उभरने लगी थी, लेकिन अब होर्मुज में कतर समेत तीन जहाजों पर ईरान का हमला और फिर ट्रम्प का यह कहना कि ईरान के साथ हुआ युद्धविराम (सीजफायर) अब समाप्त हो चुका है और अमेरिका ईरान से कोई नई डील नहीं करना चाहता, क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, ईरान पर 80 से अधिक ठिकानों पर हवाई हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हुए हमलों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। यह घटनाक्रम केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता से जुड़ा हुआ विषय है। इस साल एक तरफ अलनीनो के कारण कमजोर मानसून और दूसरी तरफ ईरान की बेजा हरकत ने दुनिया को परेशानी में डाल दिया है। ईरान ने शांति की सारी उम्मीदों को झटका दे दिया है। अब खाड़ी के देशों को एकजुट होकर ईरान के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। होर्मुज में जहाजों पर हमला किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। जहाजों पर लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए काम करते हैं। ऐसे में उनको निशाना बनाया जाना गलत है। खासकर जहाजों पर काम करने वालों में अधिकतर भारतीय हैं। ऐसे में दुनिया के किसी भी जहाज पर हमला भारतीय नागरिकों पर हमले जैसा है। भारत सरकार को भी ईरान को दो टूक कहना चाहिए कि भारतीयों पर हमले स्वीकार्य नहीं हैं। ईरान अपने प्रतिशोध के लिए दूसरा तरीका अपनाए। अमेरिका का तर्क है कि ईरान समर्थित गतिविधियों और उसके परमाणु कार्यक्रम से क्षेत्रीय तथा वैश्विक सुरक्षा को खतरा है। दूसरी ओर ईरान इसे अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न मानते हुए सैन्य दबाव के बीच किसी समझौते से इनकार कर रहा है। दोनों देशों के बीच अविश्वास वर्षों पुराना है, लेकिन हाल की घटनाओं ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यदि जवाबी कार्रवाई का यह सिलसिला जारी रहता है, तो संघर्ष सीमित नहीं रहेगा और पूरे पश्चिम एशिया को अपनी चपेट में ले सकता है।यदि अमेरिका अपने सहयोगियों से अपेक्षित समर्थन न मिलने की बात कह रहा है, तो यह पश्चिमी देशों की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था में मतभेदों की ओर संकेत करता है। किसी भी अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की शक्ति उसकी एकजुटता में होती है। यदि रणनीतिक मतभेद सार्वजनिक रूप से सामने आने लगें, तो इसका लाभ अस्थिरता फैलाने वाली शक्तियां उठा सकती हैं। भारत के लिए भी यह स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा और वैश्विक व्यापार से जुड़े हित इस संकट से सीधे प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए भारत को अपनी पारंपरिक संतुलित विदेश नीति के अनुरूप शांति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान का पक्ष मजबूत करना चाहिए। कुल मिलाकर किसी भी युद्ध में अंततः जीत किसी की नहीं होती, जबकि मानवता, अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्थिरता सबसे अधिक नुकसान उठाती है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि सैन्य शक्ति भय पैदा कर सकती है, लेकिन विश्वास नहीं। स्थायी शांति केवल बातचीत, पारस्परिक सम्मान और कूटनीतिक समाधान से ही संभव है।



साझेदारी
नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'

# विश्व राजनीति के नए दौर में भारत

इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया यात्रा ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि आज की दुनिया केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं से नहीं चलती, बल्कि राष्ट्रीय हितों, आर्थिक साझेदारियों, तकनीकी सहयोग और मानव संसाधनों के साझा विकास से आगे बढ़ती है। इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इक्कीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। पहले देशों के बीच संबंध मुख्यतः सैन्य शक्ति और राजनीतिक प्रभाव तक सीमित थे, लेकिन आज आर्थिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, शिक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय वैश्विक संबंधों के केंद्र में आ चुके हैं।

ऐसे समय में भारत ने अपनी विदेश नीति को केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे विकास, निवेश, रोजगार और नागरिकों के भविष्य से जोड़ दिया है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है। इंडोनेशिया के साथ भारत के संबंध केवल दो मित्र देशों के संबंध नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समुद्री सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी भी हैं। मलक्का जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के बीच स्थित यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा और व्यापारिक समझौते पूरे क्षेत्र की स्थिरता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाश एयर डिफेंस सिस्टम जैसे रक्षा सहयोग केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि यह भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक हैं। इससे भारत की वैश्विक साख मजबूत होती है और रक्षा निर्यात के नए अवसर भी पैदा होते हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के साथ बढ़ती निकटता भारत की बदलती रणनीतिक सोच को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया आज केवल एक मित्र देश नहीं, बल्कि ऊर्जा, शिक्षा, तकनीक और खनिज संसाधनों का महत्वपूर्ण साझेदार बन चुका है। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रही दुनिया में लिथियम और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की मांग लगातार बढ़ रही है।

ऑस्ट्रेलिया इन संसाधनों से समृद्ध है और भारत को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति, बैटरी निर्माण तथा हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए इनकी आवश्यकता है। इसलिए दोनों देशों का सहयोग केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक सुरक्षा का भी आधार बन रहा है। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष शिक्षा और मानव संसाधन विकास भी बन चुका है। आज लाखों भारतीय छात्र विदेशों में उच्च



शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या ऑस्ट्रेलिया में अध्ययनरत है। यदि दोनों देशों के बीच वीजा प्रक्रिया सरल होती है, शोध सहयोग बढ़ता है और डिग्रियों की पारस्परिक मान्यता मजबूत होती है, तो इसका सीधा लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। शिक्षा के साथ-साथ रोजगार, स्टार्टअप, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी नए अवसर खुलेंगे। इस प्रकार विदेश नीति अब केवल सरकारों के बीच संबंध नहीं रह गई है, बल्कि यह सीधे युवाओं के सपनों और परिवारों की आकांक्षाओं से जुड़ गई है। बदलते वैश्विक समीकरणों में व्यापार की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। दुनिया ने महामारी और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के दौरान देखा कि जब आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होती हैं, तो पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए आज हर देश विश्वसनीय साझेदारों की तलाश में है।

भारत अपनी विशाल बाजार क्षमता, कुशल मानव संसाधन, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मजबूत विनिर्माण क्षमता के कारण वैश्विक कंपनियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें केवल घरेलू योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इन्हें वैश्विक निवेश और निर्यात वृद्धि से भी जोड़ा गया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सक्रियता ने भी विश्व राजनीति को नई दिशा दी है। अनेक देश संतुलित शक्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत के साथ अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। भारत ने भी किसी टकराव की नीति अपनाने के बजाय सहयोग, संवाद और साझेदारी को प्राथमिकता दी है। यही संतुलित दृष्टिकोण भारत को विश्व मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में स्थापित करता है। क्वाड जैसे मंचों में सक्रिय भागीदारी, समुद्री सुरक्षा पर सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रयास इसी सोच का परिणाम हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से शिक्षा, तकनीक, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, तो इसका सबसे अधिक लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। आज दुनिया कुशल मानव संसाधनों की तलाश में है और भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है। आवश्यकता केवल इस प्रतिभा को सही अवसरों से जोड़ने की है। विदेश नीति का यही नया स्वरूप भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच प्रदान कर रहा है। आज की दुनिया में किसी भी देश की शक्ति केवल उसकी सैन्य क्षमता से नहीं मापी जाती, बल्कि उसकी आर्थिक मजबूती, तकनीकी प्रगति, नवाचार, कूटनीतिक प्रभाव और वैश्विक विश्वसनीयता से भी तय होती है। भारत इन सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि विकसित देशों से लेकर विकासशील राष्ट्रों तक, सभी भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी बनाने में रुचि दिखा रहे हैं।

यह परिवर्तन अचानक नहीं आया है, बल्कि वर्षों की संतुलित नीति, निरंतर संवाद और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का परिणाम है। बदलते वैश्विक समीकरण भारत के लिए केवल चुनौतियाँ लेकर नहीं आए हैं, बल्कि उन्होंने नई संभावनाओं के द्वार भी खोले हैं। इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ मजबूत होते संबंध इस बात के संकेत हैं कि भारत अब विश्व व्यवस्था में एक प्रभावशाली, विश्वसनीय और दूरदर्शी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यदि यही गति, संतुलन और दूरदृष्टि बनी रही, तो आने वाले वर्षों में भारत न केवल अपनी आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को और मजबूत करेगा, बल्कि करोड़ों भारतीयों, विशेषकर युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को भी नई उड़ान देगा। यही बदलते वैश्विक दौर में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि और सबसे बड़ी आशा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## अभाविप स्थापना दिवस

चेतस सुखाड़िया



# शिक्षा, समाज और राष्ट्र के बीच सशक्त संवाद है छात्र संगठन

भारत के राष्ट्रीय जीवन में विद्यार्थियों की भूमिका केवल शिक्षा प्राप्त करने तक सीमित नहीं रही है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर सामाजिक जागरण, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्रनिर्माण तक छात्रशक्ति ने समय-समय पर अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी छात्रशक्ति को संगठित, संस्कारित और राष्ट्रोन्मुख बनाने के उद्देश्य से 9 जुलाई 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की स्थापना हुई। आज 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर यह केवल एक संगठन की वर्षगाँठ नहीं, बल्कि सात दशकों से अधिक समय से चल रहे एक ऐसे छात्र आंदोलन का उत्सव है, जिसने शिक्षा, समाज और राष्ट्र के बीच सशक्त संवाद स्थापित करने का प्रयास किया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के समक्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने की चुनौती नहीं थी, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना के पुनर्निर्माण का दायित्व भी था। ऐसे समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का ध्येय सामने रखते हुए यह विचार प्रस्तुत किया कि विद्यार्थी केवल भविष्य का नागरिक नहीं, बल्कि आज का सक्रिय नागरिक है। यही विचार आगे चलकर परिषद की कार्यशैली का आधार बना। ज्ञान, शील और एकता का मूल मंत्र परिषद के व्यक्तित्व निर्माण के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है-ज्ञान से बौद्धिक विकास, शील से चरित्र निर्माण और एकता से राष्ट्र के प्रति समर्पण।

पिछले 78 वर्षों में परिषद ने छात्रहित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, समयबद्ध परिणाम, छात्रवृत्ति, छात्रावास, पुस्तकालयों का सुदृढ़ीकरण, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन, रोजगारोन्मुख शिक्षा तथा परिसरों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने जैसे विषय परिषद के प्रमुख अभियान रहे हैं। देश के अनेक विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की समस्याओं को लोकतांत्रिक माध्यमों से उठाने और उनके समाधान के लिए संवाद स्थापित करने में परिषद की सक्रिय भूमिका रही है। अभाविप की पहचान केवल आंदोलनों से नहीं, बल्कि रचनात्मक कार्यों से भी जुड़ी है। संगठन ने समय-समय पर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सेवा कार्यों के माध्यम से सिद्ध किया है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं पुनर्वास, रक्तदान अभियान, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, सामाजिक समरसता, ग्राम विकास, जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा तथा राष्ट्रीय एकता के कार्यक्रम परिषद की व्यापक सामाजिक दृष्टि को प्रतिबिंबित करते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी परिषद के कार्यकर्ताओं ने देशभर में राहत कार्यों में उल्लेखनीय भागीदारी निभाई।

अभाविप की कार्यपद्धति का एक विशिष्ट पक्ष उसके विविध आयाम हैं, जिनके माध्यम से संगठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का प्रयास करता है। स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, जैव विविधता, सतत विकास और जनजागरूकता के माध्यम से युवाओं को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी बनाता है। वहीं स्टूडेंट्स फॉर सेवा (एसएफएस) समाज के वंचित वर्गों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और सेवा गतिविधियों को पहुँचाकर छात्रशक्ति को सामाजिक दायित्वों से जोड़ने का कार्य करता है। इसी प्रकार खेलो भारत अभियान के माध्यम से परिषद महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए स्वस्थ, अनुशासित और ऊर्जावान युवा पीढ़ी के निर्माण का प्रयास कर रही है। वहीं राष्ट्रीय कला मंच भारतीय कला, संस्कृति, साहित्य, लोक परंपराओं और सृजनात्मक अभिव्यक्तियों को मंच प्रदान कर विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय गौरव का भाव विकसित करता है।

आज भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में अग्रणी है। यदि इस युवा शक्ति को सही दिशा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, नवाचार और राष्ट्रीय दृष्टि प्राप्त हो, तो भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को अपेक्षाकृत कम समय में प्राप्त कर सकता है। इस संदर्भ में छात्र संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अभाविप ने युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व, संगठन कौशल और राष्ट्रभाव विकसित करने के लिए अनेक प्रशिक्षण, अध्ययन, संवाद और नेतृत्व विकास कार्यक्रम संचालित किए हैं। 78वां स्थापना दिवस केवल उपलब्धियों का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य के प्रति नए संकल्प का अवसर भी है। भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है।

(लेखक अभाविप के मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## विपक्ष की नजर में राम काल्पनिक तो चंदा चोरी पर इतना दर्द क्यों हो रहा?

# चोरी का पैसा जनता के बीच गया या दल के चुनाव लड़ने में?



लक्ष्मण सिंह
पूर्व सांसद

धर्म तो आप सब समझते हैं अर्थ का तात्पर्य यहां तर्क से नहीं है दान से है। इसलिए, चाणक्य ने जो अर्थशास्त्र लिखा है वो भी धर्म से अथवा शासक से जुड़े अर्थ अथवा धन से ही है। राम मंदिर में चंदा चोरी की चर्चा पिछले कुछ दिनों से चल रही है। इसे लेकर राजनीतिक दल भी बहुत आक्रामक हैं, जबकि वो तो यह भी कह चुके थे कि राम काल्पनिक हैं। जब राम आपकी नजर में काल्पनिक हैं तो चंदा चोरी पर इतना दर्द क्यों हो रहा है? चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है कि राजा के कोष से अगर थोड़ा धन जनता के बीच चला भी जाए, चाहे चोरी से भी गया हो, तो वो पाप नहीं है क्योंकि



यह धन जनता के बीच ही खर्च होगा। प्रश्न यह उत्पन्न हो होता है कि यह धन जनता के बीच, बाजार में गया है या राजनीतिक दलों के चुनाव लड़ने में खर्च हो रहा है? भ्रष्ट गठबंधन में गया है तो यह महापाप है। विपक्ष को भी यह प्रश्न उठाना चाहिए। राम मंदिर ट्रस्ट वालों को भी चाहिए कि जो राशि कम हुई है उसे पूरा करके जमा करें, संभवतः यह भी चंदे से ही होगी। चंदा नगद लेने के बजाए ऑनलाइन लिया जाए। जब शासन ने सफलता से ऑनलाइन पेमेंट पूरे देश में लागू किया है और काले धन पर रोक लगाई है तो अयोध्या में क्यों लागू नहीं हुआ? अभी केवल राममंदिर ट्रस्ट घोटाले की ही चर्चा हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि चुनावों में कुछ राजनीतिक दल करोड़ों रुपए खर्च करते हैं जो मुख्यतः शराब ठेकेदारों की जेब में जाता है या सोना चांदी के व्यापारियों की जेब में जाता है। इस विषय को भी जांच के दायरे में शामिल करना चाहिए। अगर चोरी हुआ ये धन इस दिशा में जा रहा है तो विपक्ष इसे राजनीतिक मुद्दा बनाए। इससे संविधान को और देश की अर्थव्यवस्था को सबसे ज्यादा खतरा है। ट्रस्ट के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हो चुकी है परंतु ऐसा प्रतीत होता है और जनता भी कह रही है कि बड़े नाम सामने नहीं आ रहे हैं। इस विषय को भी बहुत अधिक प्रचारित नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से हिंदू और सनातन धर्म का अपमान भी होता है। विपक्ष को चाहिए कि वो उन प्रदेशों में जहां भाजपा की सरकार हैं, उनमें हो रहे भ्रष्टाचार पर ही नजर रखे और उन्हें ही उठाते रहें। तो ही उनका भला होगा।

## सटाका




## आज की पाती

### बरसा आसमान का कहर

लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने पूरे देश में दस्तक दी तो लोगों के चेहरों पर खुशी थी। भीषण गर्मी और पानी के संकट से जूझ रहे करोड़ों लोगों को उम्मीद थी कि बारिश राहत लेकर आएगी, खेतों में हरियाली लौटेगी और जलस्रोत भर जाएंगे। लेकिन इस बार मानसून ने राहत से ज्यादा आफत का रूप दिखाया। देश के अनेक राज्यों में मूसलाधार बारिश ने बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और हादसों का ऐसा सिलसिला शुरू कर दिया कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया, सड़कें नदियों में बदल गईं और करोड़ों रुपए की संपत्ति पलभर में तबाह हो गई।

*– सीमा, जींद,*

## करंट अफेयर

### पैट्रियट मिसाइल विदेश में बनाने का लाइसेंस देंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि रूस के मिसाइल हमलों का मुकाबला करने में यूक्रेन की मदद के लिए पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियों के विदेशों में निर्माण के लिए अमेरिका लाइसेंस देगा। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस दौरान इस अत्याधुनिक तकनीक की भारी जरूरत महसूस कर रहे यूक्रेन के लिए इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ट्रंप ने यह घोषणा तुर्किये में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान की। उन्होंने जेलेंस्की की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने "अद्भुत काम किया है" और युद्ध में "बहुत प्रभावी" रहे हैं। ट्रंप ने कहा, "हम उन्हें पैट्रियट बनाने का अधिकार देंगे। हम उन्हें बताएंगे कि इसे कैसे बनाया जाता है।" जेलेंस्की लंबे समय से इन रक्षा प्रणालियों की अधिक आपूर्ति की मांग करते रहे हैं। ये प्रणालियां महंगी हैं, इनकी मांग बहुत अधिक है और इनके निर्माण में लंबा समय लगता है। वह यूक्रेन को इस तकनीक के निर्माण का लाइसेंस दिए जाने के लिए लगातार दबाव बना रहे थे।



## ऑफ बीट

### मधुमक्खियों के चेहरे खोल सकते हैं उनके मन के राज

इंसान अक्सर सामने वाले के चेहरे के भाव देखकर समझ लेते हैं कि वह खुश है, परेशान है या किसी चीज को पसंद नहीं कर रहा है। स्वादिष्ट भोजन मिलने पर मुस्कान आ जाती है, पसंद न आने वाली चीज पर चेहरा सिकुड़ जाता है। लेकिन क्या ऐसा ही कुछ छोटे-से शरीर वाली मधुमक्खियों के साथ भी होता है? हम अपने आसपास के जानवरों को देखकर अक्सर समझ लेते हैं कि वे खुश हैं, डर रहे हैं या उन्हें दर्द हो रहा है। मधुमक्खियों का चेहरा इंसानों की तरह भाव दिखाने वाला नहीं होता। उनका बाहरी शरीर कठोर खोल से ढका होता है, इसलिए पहली नजर में लगता है कि उनके चेहरे पर कोई बदलाव संभव नहीं होगा। लेकिन वैज्ञानिकों का ध्यान उनके मुंह के बेहद सक्रिय हिस्से 'ग्लोसा' पर गया। यह एक लंबी जीभ जैसी संरचना होती है, जिसकी मदद से मधुमक्खियां फूलों से रस चूसती हैं। प्रयोगों में शोधकर्ताओं ने भौंरों (बम्बलबी) को अलग-अलग स्वाद वाली छोटी-छोटी बूंदें दीं और उनकी प्रतिक्रियाओं को ध्यान से देखा। जब एक मधुमक्खी को चीनी का घोल दिया गया तो उसने तेजी से अपनी ग्लोसा बाहर निकाली और उसे पी लिया। लेकिन हैरानी तब हुई जब घोल खत्म हो गया और उसे देने वाली पाइपेट हटा ली गई। इसके बाद भी मधुमक्खी कुछ समय तक अपनी ग्लोसा को बाहर निकालती और अंदर करती रही।



## ट्रेंड

### प्रम्बानन में दिव्य चेतना

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) अब इंडोनेशिया के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'प्रम्बानन मंदिर' के संरक्षण में अपनी विशेषज्ञता साझा करेगा। प्रम्बानन मंदिर में गूंजता "ॐ नमः शिवाय" सनातन की शाश्वत चेतना का दिव्य स्पंदन है।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली



### ट्रस्ट के प्रबंधकों की जांच हो

उत्तर प्रदेश में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के बाद, अब उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में दान चोरी और गबन का मामला भी काफी चर्चा में है। इन दोनों मशहूर धार्मिक स्थलों के ट्रस्ट से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की भी ठीक से जांच होनी चाहिए।

-**मायावती,** पूर्व सीएम, उत्तर प्रदेश



### भूस्खलन से बेहद दुखी

वायनाड में हुआ भूस्खलन बेहद दुखद है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। इस दुखद आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं हैं।

-**मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस



### फुटबॉल वर्ल्ड कप

फुटबॉल वर्ल्ड कप यह साबित करता है कि बड़े-बड़े पुरुषों को भी खुलकर रोने की इजाज़त है ताकि दुनिया देख सके... और हम भी उनके साथ रोते हैं... यहाँ तक कि सबसे मज़बूत लोग भी। खासकर वे जो सबसे ज़्यादा मज़बूत होते हैं।

-**शेखर कपूर,** फिल्मकार



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# क्रेडिट कार्ड की केवायसी के नाम पर सर्विस प्रोवाइडर से सवा लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में रहने वाले सर्विस प्रोवाइडर से साइबर ठग ने सवा लाख रुपए की धोखाधड़ी कर दी। आरोपी ने एसबीआई के क्रेडिट कार्ड की केवायसी करने का कहकर वारदात को अंजाम दिया है। कॉल रिसीव करते ही सर्विस प्रोवाइडर का मोबाइल हैक हो गया था। इसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड से एक लाख 18 हजार की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली गई।

पुलिस के अनुसार प्रियंका नगर कोलार रोड निवासी श्यामराज सिंह नरवरिया (56) ओल्ड विधानसभा के पास कुम्हारपुरा में सर्विस प्रोवाइडर का काम करते हैं। विगत 16 जून की दोपहर 12 बजे किसी अंजान नंबर से उनके मोबाइल पर कॉल आया। उस समय वह सर्वधर्म कॉलोनी कोलार रोड पर थे और कार से कहीं जा रहे थे। कॉल करने वाले ने कहा कि मैं मुंबई हैड ब्रांच एसबीआई से बोल रहा हूं। आपके क्रेडिट कार्ड की केवायसी नहीं हुई है। श्यामराज ने कहा कि मैं कार ड्राइव कर रहा हूं, आपको बाद में कॉल करता हूं। करीब पौने घंटा बाद विधानसभा कुम्हारपुरा स्थित ऑफिस पहुंचते ही दोबारा उसी व्यक्ति का कॉल आया।

**जालसाज ने कर ली एक लाख 18 हजार रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग**

## भरोसा नहीं होने पर आईडी मांगी




उसने कहा कि आपके एसबीआई के क्रेडिट कार्ड की केवायसी करना है। तब फरियादी श्यामराज ने कहा कि मैं बैंक जाकर केवायसी करा लूंगा। तो उसने कहा कि केवायसी ऑनलाइन ही होगी, बैंक से नहीं होती। दो मिनट का काम है, ऑनलाइन केवायसी करा लो। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसे भरोसा नहीं हो रहा था, इसलिए उससे आईडी मांग ली। उसने वाट्सएप मैसेज पर अपनी आईडी भेज दी। आईडी देखने के बाद श्यामराज ने उसका व्हाट्सएप कॉल रिसीव कर लिया।

### कॉल रिसीव करते ही मोबाइल हुआ हैक

कॉल रिसीव करते ही फरियादी का मोबाइल हैंक हो गया। साइबर जालसाज ने फरियादी का मोबाइल हैक कर उनके बेटे के एसबीआई और इंडस बैंक के क्रेडिट कार्ड के फोटो की मदद से 74 हजार 399 और 43 हजार 679 रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली। करीब आधा घंटे बाद इंडस बैंक से कॉल आया कि आपने मुंबई से 43 हजार 679 की शॉपिंग की है। तब श्यामराज ने कहा कि मैंने कोई शॉपिंग नहीं की, मैं भोपाल में हूं। उन्होंने बैंक की मदद से क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करा दिया। फरियादी ने कहा कि वह किसी काम से भोपाल से बाहर चले गए थे। मंगलवार 7 जुलाई को लौटने पर रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे। फरियादी का कहना है कि उसके साथ कुल एक लाख 18 हजार की ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है।

### ओटीपी पूछकर खाते से निकाले 25 हजार

गोविंदपुरा पुलिस ने बताया कि ई-सेक्टर अन्ना नगर निवासी निवासी विजय अवघड़े (23) एक जुलाई की शाम साढ़े चार बजे विजय मार्केट बरखेड़ा की साप्ताहिक हाट बाजार में था। तभी उसके मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि आपके आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ा रहे हैं। क्या आप लिमिट बढ़ाना चाहते हैं। फरियादी विजय ने हामी भर दी। इसके बाद उसके मोबाइल पर एक ओटीपी आया। कॉल करने वाले जालसाज ने ओटीपी पूछकर फरियादी के खाते से चार बार में कुल 25 हजार 623 रुपए निकाल लिए। गोविंदपुरा पुलिस ने अज्ञात सायबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

### नगर निगम में नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो बेरोजगारों से 9 लाख की ठगी

कमला नगर पुलिस ने बताया कि ग्राम सिंदूरिया पोस्ट कचरी जिला राजगढ़ निवासी पवन यादव प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। शिकायती आवेदन देते हुए पवन ने बताया कि आशु कुमार यहां गोरा गांव सूरज नगर रातीबड़ इलाके में रहता है और खुद को करणी सेना का पूर्व जिला अध्यक्ष बताता है। बीते साल 9 दिसंबर 2025 को आशु कुमार ने कोटरा सुल्तानाबाद स्थित ऑफिस में बुलाकर नगर नगम भोपाल में एलडीसी की नौकरी दिलाने का झांसा दिया और उसके एवज में तीन लाख रुपए वसूल लिए। उसी समय उसने नियुक्ति का आदेश पत्र भी दे दिया। बाद में पता चला कि नियुक्ति पत्र फर्जी है। नतीजतन पवन यादव ने आशु कुमार से बैंक ऑफ बड़ौदा का चेक दे दिया। चेक भी बाउंस हो गया। कई बार पैसे मांगने के बाद भी वह टाल-मटौल करता रहा। फरियादी पवन यादव का कहना है कि उसके दोस्त धनंजय बाल पांडेय निवासी जाटवा वार्ड पादुर्ना से भी नगर निगम में नौकरी दिलाने का झांस देकर 6 लाख रुपए वसूल किए थे। आरोपी आशु ने उसे भी फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। धनंजय ने भी आशु से अपने पैसे मांग, लेकिन वो उसे भी पैसे नहीं लौटा रहा है। फरियादी पवन यादव का कहना है कि आरोपी ने और भी कई लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए ठगे हैं। पुलिस ने पवन यादव और धनंजय बाल पांडेय के दिए आवेदन के बाद आरोपी आशु कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप



### कॉलोनियों में आवारा मवेशी से लोग परेशान

**औबेदुल्लागंज।** कॉलोनियों आवारा मवेशी से लोग परेशान हैं। पशु जहां लोगों पर हमला कर रहे वहीं खड़े वाहनों को भी गिरा देते हैं और कारों को भी क्षतिग्रस्त कर देते हैं। स्वच्छता अभियान एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा, भाजपा नेता नंदू शर्मा, सोनू पंजाबी, कृष्णा नरवरिया ने बताया कि आवारा मवेशियों से वार्ड 14 के निवासी परेशान हैं। शिकायत के बावजूद नगर परिषद के जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### एसडीएम चंद्रशेखर बने डिप्टी कलेक्टर

**औबेदुल्लागंज।** गौहरगंज



एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव को डिप्टी कलेक्टर बनाए जाने पर उनके साथी और वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, संदीप श्रीवास्तव, कपिल राय, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, जीतू नंदवंशी आदि लोगों ने बधाई दी।

### ब्लॉक अध्यक्ष को तलाश रहे कांग्रेस नेता

**औबेदुल्लागंज।** नगर में कांग्रेस पार्टी के नेता ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार की तलाश कर रहे हैं, वे कई दिनों से नगर नहीं आ रहे हैं। मंडलम अध्यक्ष हरजीत सिंह मंगू ने बताया कि समय आने दो कांग्रेस मजबूती से उभरेगी। एक कांग्रेसी नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कांग्रेस में जितने बड़े-बड़े नेता हैं उतने ही गुट बने हुए हैं और हर गुट का नेता विधायक का दावेदार है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** 8 वर्षीय नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी भगवत विश्वकर्मा को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने भादंसं की धारा- 376(एबी) एवं पास्को एक्ट की धारा- 5एम /6 एवं 9 (एम)10 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन द्वारा विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं नवीन श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार 30 दिसंबर 2022 को नाबालिग के पिता ने थाना निशातपुरा पहुंच कर सूचना दी कि उनकी 8 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ मोहल्ले में रहने वाले अभियुक्त भगवत विश्वकर्मा ने गलत काम किया है। थाना निशातपुरा ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भादंसं की धारा- 376(एबी) एवं पास्को एक्ट की धारा- 5एम /6 एवं 9 (एम)10 के अंतर्गत के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4916 | | |
| दिन: | 277 | 69 | 478 |
| रात: | 369 | 84 | 590 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 799 | 25 | 140 |
| रात: | 370 | 00 | 550 |

## बिलखिरिया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेजा

# एलएनसीटी कॉलेज के पास अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मारी, मौत

**मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त हो सके**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर एलएनसीटी कॉलेज के पास मंगलवार रात अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मचूरी भेज दिया है। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके।

पुलिस मृतक का हुलिया आसपास के थानों में भेजकर उसकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार देर रात करीब 1 बजे सूचना मिली थी कि बायपास पर एलएनसीटी कॉलेज के पास किसी युवक का सड़क पर शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। मृतक की उम्र करीब तीस साल के आसपास बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मृतक मजदूर वर्ग का लग रहा है और घटना के समय वह पैदल था। सड़क पार करते समय उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। टक्कर लगने से उसके सिर में गंभीर चोट थी।

### घर के बाहर खेल रही मासूम को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित छान गांव बुधवार दोपहर घर के बाहर खेल रही चौदह महीने की बच्ची को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर बच्ची का शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार गुल्लो बाई पति अजय गौंड (24) वार्ड नंबर-85 ग्राम छान मिसरोद में रहती हैं। वह गृहणी हैं, जबकि पति मजदूरी करता है। बुधवार दोपहर गुल्लो बाई और अजय की चौदह महीने की बेटी कृति गौंड घर के बाहर खेल रही थी। दोपहर करीब ढ़ाई बजे के आसपास कमल राजपूत अपने ट्रैक्टर ट्राली में मलवा भरकर संतोष विश्वकर्मा के घर खाली करने जा रहा था। इसी दौरान घर के पास कमल राजपूत ने टैक्टर ट्रॉली रिवर्स कर दी। उसने यह भी नहीं देखा कि घर के बाहर बच्ची खेल रही है। उसकी लापरवाही के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया कृति के ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद आरोपी चालक कमल राजपूत ट्रैक्टर से उतरा और उसने कृति को उठाकर गुल्लो बाई की जेठानी विनिता को सौंप दिया। इसके बाद वह फरार हो गया। इधर गंभीर रूप से घायल कृति को लेकर परिजन कृति को एम्स पहुंचे, वहां डॉक्टर ने कृति को चेक करने पर मृत घोषित कर दिया।

### व्यवसायी ने की फांसी लगाकर खुदकुशी

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित चौकसे नगर लांबाखेड़ा में व्यवसायी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे के आसपास की है। फंदे पर लटका देख परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मृतक के कमरे की तलाशी लेने के बाद कमरा सील कर दिया है। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है। एफएसएल की मदद से एक बार फिर कमरे की तलाशी लेगी। पुलिस के अनुसार पंकज राजपूत पिता प्रीतम राजपूत (26) चौकसे नगर, लांबाखेड़ा में रहता था। वह निजी बैंक में नौकरी करता था। कुछ दिन पहले उसने नौकरी छोड़ दी। वह बेरोजगार हो गया था। लिहाजा परिजन ने उसे करोंद में कॉस्मेटिक की दुकान खोलकर दी थी। परिजन ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए।

## मां पूर्व में गांजा तस्करी के मामले में जा चुकी है जेल

# रिश्ते का मामा करा रहा था नाबालिगों से गांजे की तस्करी, 13 किलो 70 ग्राम मादक पदार्थ जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच की टीम ने दो विधि विरोधी बालक (नाबालिगों) से 13 किलो 70 ग्राम गांजा जब्त किया है। नाबालिगों ने बताया कि उक्त गांजा उनके रिश्ते के मामा ने उन्हें बेचने के लिए दिया था। क्राइम ब्रांच ने नाबालिगों से गांजा जब्त कर लिया है। नाबालिगों को गांजा बेचने के लिए देने वाले आरोपी मामा को भी गिरफ्तार कर लिया है। गांजा तस्करी में नाबालिगों को लिप्त करने वाले आरोपी की मां पूर्व में गिरफ्तार हो चुकी है और वह जेल में है।

क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन पर कुछ संदिग्ध अवैध गांजा बेचने की फिराक में है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने विशेष टीम गठित की और रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी करते हुए दबिश दी। इस दौरान मौके पर दो नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में नजर आए। उनके पास सफेद प्लास्टिक के थैला था। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे अपने रिश्ते के मामा राहुल सौदे उर्फ राहुल कुचबंदिया निवासी बस स्टैंड के पास, महाराज मोहल्ला, कुरवाई रोड, मंडी बामौरा जिला सागर के साथ भोपाल आए थे। मामा राहुल ने उन्हें गांजा से भरे थैले देकर ग्राहक की तलाश करने के लिए यहां छोड़ा है।




क्राइम ब्रांच की टीम ने नाबालिगों से जब्त किया गांजा।

### क्राइम ब्रांच ने थैले की ली तलाशी

क्राइम ब्रांच ने थैले की तलाशी ली तो उसमें एक थैले से 7 किलो 50 ग्राम और दूसरे थैले से 6 किलो 20 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त 13 किलो 70 ग्राम गांजे की अनुमानित बाजार कीमत करीब 2 लाख 75 हजार रुपए के आसपास है।

### पुलिस ने मोबाइल भी जब्त किया

कार्रवाई के दौरान एक एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त किया गया, जिसकी तकनीकी जांच की जा रही है। नाबालिगों से पूछताछ के बाद क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी राहुल सौदे उर्फ राहुल कुचबंदिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा उड़ीसा से गांजा लाकर भोपाल, मंडी बामौरा तथा आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करना स्वीकार किया गया।

### मां-बेटे संचालित कर रहे थे गांजा तस्करी का नेटवर्क

आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था। आरोपी राहुल ने पूछताछ में बताया कि वह कई बार नाबालिगों को अपने साथ उड़ीसा ले जाकर गांजे की खेप लाने में इस्तेमाल कर चुका है। आरोपी द्वारा नाबालिग बच्चों को अपने प्रभाव में लेकर उनसे गांजा की ढुलाई, परिवहन एवं बिक्री करवाई जाती थी। आरोपी से पूछताछ में यह भी पता चला कि आरोपी राहुल की मां को पूर्व में क्राइम ब्रांच गांजा तस्करी के एक प्रकरण में गिरफ्तार कर चुकी है। वह अभी जेल में है। मां-बेटे द्वारा मिलकर गांजा तस्करी का संगठित नेटवर्क संचालित किया जा रहा था।

## रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में हैकाथॉन कार्यक्रम का समापन

# एसपी आशुतोष ने छात्र-छात्राओं को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

बंगरसिया स्थित रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में आयोजित हैकाथॉन कार्यक्रम का समापन रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा, थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति और लगभग 250 छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विशेष प्रशिक्षण दिया। एसपी आशुतोष गुप्ता ने युवाओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी से करें और समाज को जागरूक बनाएं।



### धोखाधड़ी से बचने की दी जानकारी

छात्रों को डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी फ्रॉड, फिशिंग, सोशल मीडिया हैकिंग, क्यूआर कोड स्कैम और ट्रेडिंग फ्रॉड (निवेश धोखाधड़ी) के बारे में विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी अज्ञात कॉल, संदेश या संदिग्ध लिंक पर भरोसा न करें और अपनी बैंकिंग व व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करें। यदि आप किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या **www.cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज कराएं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित मोरारजी नगर के पास मंगलवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा रेलवे ट्रैक पार करते हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

ऐशबाग थाना पुलिस के अनुसार मंगलवार रात करीब तीन बजे सूचना मिली थी कि कोई युवक मोरारजी नगर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। मृतक की पहचान मनीष प्रजापति (32) कुम्हारपुरा, जिंसी जहांगीराबाद, के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि मृतक प्राइवेट काम करता था और अपने किसी साथी के घर जाने के लिए निकला था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया।

## स्थानीय नागरिकों, पार्षद और नगर परिषद की उपाध्यक्ष ने की थी शिकायत

# औबेदुल्लागंज नप में मांग पंजी गायब, नामांतरण में अनियमितताओं पर राजस्व निरीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज के वार्ड 13, 14 एवं 15 की मांग पंजी (मकान कर रिकॉर्ड) गायब होने तथा नामांतरण के मामलों में भारी अनियमितताओं की शिकायतों के बाद राजस्व निरीक्षक राजकुमार शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। वार्डों के पार्षदों का कहना है कि वार्ड 13, 14 एवं 15 के कई नागरिकों ने शिकायत की थी कि मकान कर जमा कराने के लिए नगर परिषद पहुंचने पर राजस्व निरीक्षक राजकुमार शर्मा लगातार टालमटोल करते रहे हैं। इसकी शिकायत वार्ड 15 की पार्षद एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल तथा वार्ड 13 की पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया से की गई। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मामला मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) किरण रहंगडाले के संज्ञान में लाया। सीएमओ किरण रहंगडाले ने बताया कि उनके पास भी नागरिकों की कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मांग पंजी गायब होने और नामांतरण संबंधी अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर राजस्व निरीक्षक राजकुमार शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, राजकुमार शर्मा 5 फरवरी 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक नगर परिषद औबेदुल्लागंज में प्रभारी सीएमओ के रूप में भी कार्यरत रहे थे। पार्षदों और लोगों ने इस अवधि के दौरान जारी किए गए चेकों की भी उच्च स्तरीय जांच कराने एवं दोषी पाए जाने पर राजकुमार शर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

**2025 में राजकुमार प्रभारी सीएमओ के रूप में थे कार्यरत**

### शिकायतों के आधार पर की कार्रवाई

नागरिकों एवं पार्षदों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर नामांतरण संबंधी अनियमितताओं तथा मकान कर की मांग पंजी गायब होने के मामले में राजकुमार शर्मा को निलंबित किया । गया है।

**किरण रहंगडाले, नगर पालिका अधिकारी**

### उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए

नागरिकों को गुमराह करने, मांग पंजी गायब होने तथा नामांतरण में कथित गड़बड़ियों के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए।

**नमिता अग्रवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष**

## एआईबीईयू-एनएफआईटीयू ने प्रबंधन को सौंपा मांगपत्र

# भेल रिवार्ड स्कीम 2024: ऐबू ने की व्यापक संशोधन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल की रिवार्ड स्कीम-2024 के पुनरीक्षण को लेकर ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉईज यूनियन (ऐबू) संबद्ध एनएफआईटीयू ने अपनी मांगों को और तेज करते हुए प्रबंधन को विस्तृत एवं तार्किक मांग पत्र सौंपा।

आगामी 13 जुलाई को नई दिल्ली में प्रस्तावित रिवार्ड स्कीम समीक्षा उप-समिति की बैठक से पहले यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं महासचिव रामनारायण गिरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बीएचईएल भोपाल के एलजीएक्स विभाग के अपर महाप्रबंधक एवं उप-समिति में भोपाल प्रबंधन के सदस्य जगदीश तनवानी से मुलाकात कर कर्मचारियों की समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन अध्यक्ष सतेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष विशाल वाणी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित कुमार, उपाध्यक्ष जयप्रकाश, सह-कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



यूनियन के सदस्य भेल प्रबंधन को मांग पत्र सौंपते हुए।

### इंसेंटिव स्कीम बीएचईएल की उत्पादन क्षमता की रीढ़

रामनारायण गिरी ने कहा कि इंसेंटिव स्कीम बीएचईएल भोपाल की उत्पादन क्षमता और उत्पादकता की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान रिवार्ड स्कीम लागू होने के बाद विशेष रूप से सहायक कर्मचारियों को पूर्व की तुलना में अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। यदि योजना में व्यावहारिक संशोधन किए जाएं तो कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, उत्पादन में वृद्धि होगी और संस्थान को लाभ होगा।

### सकारात्मक निर्णय का विश्वास

यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी ने यूनियन की तरफ से विश्वास व्यक्त किया कि 13 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित उप-समिति की बैठक में कर्मचारियों के हित में इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे रिवार्ड स्कीम अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और कर्मचारी हितैषी बन सकेगी।

### ये हैं प्रमुख मांगें

यूनियन द्वारा दिए गए मांगपत्र में वर्ष 2024 से लंबित एरियर का शीघ्र भुगतान, डी/आर एवं टेन्योर कर्मकारों को योजना में शामिल करने, वेतन पर्ची में पीपी इंडेक्स एवं कार्यदक्षता का उल्लेख, पात्र सफेद फोटो पासधारी कर्मचारियों को लाभ, मानक कार्य घंटे 208 से घटाकर 200 करने, सहायक कर्मचारियों का रिवार्ड 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत करने, इंसेंटिव यूनिट लेवल-1 को 11,000 तथा लेवल-2 को 5,000 करने, उपस्थिति एवं अवकाश नियमों में संशोधन, 105 प्रतिशत से अधिक पीपी इंडेक्स पर अतिरिक्त प्रोत्साहन, मशीन ब्रेकडाउन एवं दुर्घटना की स्थिति में पिछले तीन माह की औसत प्रोत्साहन राशि का भुगतान आदि मांग शामिल हैं।

# नगरीय वन विकसित करने के लिए नमो हरित नगर योजना के लिए 100 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रस्ताव अनुसार मप्र के 65 नगरीय निकायों और उनके आस-पास के वन क्षेत्रों में नगरीय वन विकसित करने के लिए नमो हरित नगर योजना के लिए कैबिनेट की बैठक में 100 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इसे सीएसआर व राज्य सरकार के फंड से विकसित किया जाएगा।

कैबिनेट ने मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश की नगरीय निकायों में आगामी 5 वर्षों में 65 नगरीय निकाय क्षेत्रों में नगर वन विकास के लिए नमो हरित-नगर योजना के लिए कुल राशि 100 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में नगरवासियों को स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए वातावरण प्रदाय करना, पर्यावरण सौंदर्यीकरण करना, स्वच्छ वायु प्रदाय करना, जैव विविधता सृजित करना एवं अनुकूल जलवायु बनाना आदि है।

योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक निकाय में कम से कम एक नगर वन न्यूनतम आधा एकड़ क्षेत्रफल में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए निकायों को राशि 3 किश्तों में दी जाएगी।



# ताज लेकफ्रंट में सजा राजस्थान के शाही स्वादों का मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दाल-बाटी-चूरमा, केर-सांगरी, गट्टे की सब्जी, सफेद मांस, काचर मांस, जोधपुरी पनीर, प्याज कचौरी और मलाई घेवर जैसे राजस्थानी व्यंजनों का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाए। पारंपरिक विधियों, देसी मसालों और प्रामाणिक स्वाद के साथ तैयार किए गए इन राजस्थानी व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है ताज लेकफ्रंट में आयोजित राजस्थानी फूड फेस्टिवल में, 8 से 12 जुलाई तक आयोजित पांच दिवसीय फूड फेस्ट में राजस्थान के पारंपरिक व्यंजनों का प्रामाणिक स्वाद और शाही मेहमाननवाजी का एहसास एक ही छत के नीचे मिलेगा। फेस्टिवल के लिए विशेष मेन्यू प्रसिद्ध शेफ अतीश ने तैयार किया है।

8 से 12 जुलाई तक राजस्थानी फूड फेस्टिवल का आयोजन

## मेहमानों के सामने बनेगी ताजा दाल-बाटी-चूरमा....



फेस्टिवल का सबसे बड़ा आकर्षण लाइव कुकिंग स्टेशन होंगे, जहां मेहमानों के सामने ताजा दाल-बाटी-चूरमा, प्याज कचौरी, जलेबी-रबड़ी, मलाई घेवर और पारंपरिक तंदूरी रोटियां तैयार की जाएंगी। यह लाइव अनुभव भोजन प्रेमियों के लिए स्वाद के साथ-साथ पारंपरिक पाक कला को करीब से देखने का अवसर भी होगा।

## राजस्थान का असली स्वाद आत्मीयता के साथ पहुंचाया जाए

इस अवसर पर शेफ अतीश ने कहा, राजस्थानी भोजन अपनी सादगी, समृद्ध स्वाद और सांस्कृतिक विरासत के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। इस फूड फेस्टिवल के माध्यम से हमारा प्रयास है कि मेहमानों तक राजस्थान के असली स्वाद और वहां की पाक परंपराओं को उसी आत्मीयता और प्रामाणिकता के साथ पहुंचाया जाए।

संस्कृति से जोड़ने की अनूठी पहल करता नाटक



नाटक के दौरान अभिनय करते स्कूली बच्चे।

# नाटक के जरिए बच्चों तक पहुंची गुरु-शिष्य परंपरा की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बदलते समय में बच्चों को भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जोड़ने की दिशा में आकर्षणम् जन कल्याण समिति ने एक सार्थक पहल की है। समिति द्वारा तैयार की गई नाट्य प्रस्तुति 'कहानियों का गुच्छा' के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा, अनुशासन, संस्कार और नैतिक मूल्यों को रोचक अंदाज में बच्चों तक नाट्य मंचन से किया गया जिसका मंचन अरेरा कॉन्वेंट स्कूल में हुआ।



### भारतीय शिक्षा परंपरा के मूल्यों को जीवंत करती नाटक

नाटक की प्रत्येक कहानी भारतीय शिक्षा परंपरा के उन मूल्यों को जीवंत करती है, जो बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनोरंजक शैली में प्रस्तुत यह नाट्य प्रयोग बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बना। प्रस्तुति की निर्देशिका प्रिया सिंह परिहार, मध्य प्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा (एमपीएसडी) से प्रशिक्षित रंगकर्मी हैं।

# स्वाधीनता के गान से होगा हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ आज शाम 7 बजे रवीन्द्र भवन में स्वाधीनता के गान की भव्य संगीतमय प्रस्तुति से होगा। जिसकी परिकल्पना संतोष चौबे ने की है, जबकि निर्देशन एवं प्रस्तुति क्षमा मालवीय करेंगी। 9 से 11 जुलाई तक आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय समकालीन हिंदी पत्रकारिता : परंपरा, परिवर्तन और भविष्य है। विश्व रंग एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित पत्रकार, साहित्यकार और मीडिया विशेषज्ञ भाग लेंगे।

### अनिरुद्ध जोशी का सितार वादन

वहीं, 10 जुलाई को विवि के शारदा सभागार में कार्यक्रम की शुरूआत अनिरुद्ध जोशी के सितार वादन से होगी। इसके बाद समकालीन हिंदी पत्रकारिता - परंपरा, परिवर्तन और भविष्य विषय पर विजयदत्त श्रीधर, ओम थानवी और विजय मनोहर तिवारी अपने विचार रखेंगे।

### पत्रकारिता, संस्कृति, कला पर सत्र

अंतिम दिन 11 जुलाई को पत्रकारिता, संस्कृति, कला और वैश्विक परिदृश्य से जुड़े विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। पत्रकारिता की मुख्यधारा में संस्कृति और कलाएं विषय पर सत्र होगा, जिसकी अध्यक्षता प्रयाग शुक्ल करेंगे। इस दौरान उमेश त्रिवेदी, अजय ब्रह्मात्मज, अरविंद ओझा, विनीता चौबे और संजय पटेल अपने विचार रखेंगे।

# भागवत, विष्णु पुराण और गीता पर सात साल की साधना, अब भोपाल में होगा 46वां मंचन

## 'मेरे कृष्ण' भव्य रंगमंचीय नाट्य प्रस्तुति के निर्देशक राजीव सिंह दिनकर से हरिभूमि की खास बातचीत



हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैंने सिर्फ श्रीमद्भगवद्गीता का ही अध्ययन नहीं किया बल्कि भागवत पुराण, विष्णु पुराण सहित अनेकों पुराणों को पढ़ा, उन पर रिसर्च की, गीता के 18 अध्यायों और 700 श्लोकों का अध्ययन किया, करीब सात सालों की रिसर्च के बाद हमने इस भव्य प्रस्तुति को तैयार किया और इसकी पहली प्रस्तुति इसी वर्ष फरवरी माह में मुंबई के एनटीपीसी थिएटर से की, तो हाउसफुल रही और अभी तक हुए इसके 45शो हाउसफ़ुल ही गए और अब भोपाल में 18, 19 जुलाई को इसका 46वां मंचन करेंगे... यह कहना है 'मेरे कृष्ण' भव्य रंगमंचीय नाट्य प्रस्तुति के निर्देशक राजीव सिंह दिनकर का, हरिभूमि से खास बातचीत में उन्होंने शो से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

### गीता के 18 अध्यायों और 700 श्लोकों को 15 मिनट में प्रस्तुत करना था मुश्किल

राजीव ने कहा कि इस शो में हमें सबसे ज्यादा मुश्किल गीता के 18 अध्यायों और 700 श्लोकों को 15 मिनट में प्रस्तुत करने की आई जिसे काव्य रुप में शो के लेखक डॉ. नरेश कात्यायन ने बखूबी किया, हमारी यह मेहनत वाकई में रंग लाई हमारे इस शो ने दर्शकों के दिलों को छुआ ही नहीं, बल्कि वो इस शो से काफी जुड़ाव महसूस करते हुए नजर आए, क्योंकि शो के बाद हमें दर्शकों का भरपूर प्यार, सराहना मिलती है, किसी की आंखों में झलकते हुए आंसू तो किसी के होंठों पर भगवान कृष्ण का नाम, वहीं कई तो ऐसे दर्शक भी हैं जो कृष्ण का किरदार निभाने वाले सौरभ जैन के पैर तक छू लेते हैं। यहां तक कि दृष्टि बाधित और मूक बधिर दर्शकों ने भी हमारे इस शो को देखा और सराहा भी।

**भगवान कृष्ण से जुड़े अनछुए पहलुओं पर आधारित प्रस्तुति**

इस भव्य रंगमंचीय नाटक में हम भगवान कृष्ण से जुड़े उन अनछुए पहलुओं को दर्शा रहे हैं, जो शायद ही किसी सीरियल में कभी प्रस्तुत किए हों, जैसे खाटू श्याम और कृष्ण का क्या संबंध है या कृष्ण की 16108 रानियां क्यों थी, यह कृष्ण को रणछोड़ क्यों कहा जाता है आदि।

### कभी की कोरियोग्राफी तो कभी एक्टिंग

28 सालों से इंडस्ट्री में कभी कोरियोग्राफर, कभी एक्टर तो कभी असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम करने वाले दिनेश ने कहा कि मैंने करीब 18 फिल्मों में काम किया, सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत डबल एक्सल सहित 11 बड़े प्रोजेक्ट में काम किया। लेकिन इन सब से ज्यादा खुशी मुझे भगवान श्री कृष्ण के इस रंगमंचीय शो को निर्देशित करने में मिली।

### कर्म पूरी श्रद्धा और विश्वास, साफ मन से करें, फल जरूर मिलेगा

उन्होंने कहा इस शो को बनाने के दौरान मेरे जीवन में काफी बदलाव आया, गीता के कर्मयोग का मूल सिद्धांत 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन...' में विश्वास बढ़ता गया, एक चीज समझ में आई कि आप अपना कर्म पूरी श्रद्धा और विश्वास, साफ मन से करें, लेकिन इस कर्म का फल आपको ईश्वर अच्छा ही देगा, मैं बस यूं कहूंगा कि इस शो को मैंने निर्देशित ही नहीं किया बल्कि इसे जिया है।




# वनबंधु परिषद की वार्षिक साधारण सभा में पर्वतारोही ज्योति रात्रे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वनबंधु परिषद, भोपाल चैप्टर की वार्षिक साधारण सभा रविवार को होटल मोटल शिराज में आयोजित हुई।

अध्यक्ष इंजी. संजीव अग्रवाल ने एकल अभियान के माध्यम से वनवासी बच्चों की शिक्षा एवं ग्राम विकास के कार्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यभारत प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने परिषद के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर पर्वतारोही ज्योति रात्रे को मैक्सिको की पिको डी ओरिजाबा चोटी पर तिरंगा फहराने की उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

# मानसरोवर परिसर में साइबर अपराधों से बचाव पर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मध्य प्रदेश पुलिस के थाना कजलीखेड़ा द्वारा मानसरोवर परिसर में सेफ क्लिक 2.0 : सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन विषय पर साइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त आदर्शकांत शुक्ला ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया धोखाधड़ी जैसे साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि लालच, डर और जागरूकता की कमी साइबर अपराधों के प्रमुख कारण हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में एडिशनल डीसीपी संजीव पाठक, एसीपी आलोक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी पल्लवी पांडे सहित मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के पदाधिकारी, प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। अंत में सभी को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संकल्प कराया गया।

# नई तकनीक पढ़ाते हुए शिक्षकों को खुद भी तैयार रहना होगा...

## एमसीयू में एआई फार मीडिया एंड कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स विषय पर एफडीपी आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नई तकनीक पढ़ाते हुए शिक्षकों को खुद भी तैयार रहना होगा। संस्थान और शिक्षक



स्वयं को नई तकनीकों और बदलावों के साथ अपडेट करते रहें। जब भी मीडिया जगत में नई तकनीक आई पत्रकारिता विश्वविद्यालय ने उसके साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़ने का कार्य किया.... यह बात एमसीयू एवं एमपीसीएसटी द्वारा शुरू हुए एआई फार मीडिया एंड कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स विषय पर एफडीपी के उद्घाटन सत्र में विवि के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने कही।



### एआई पर पाठ्यक्रम है बहुत जरूरी

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बतौर मैपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि एआई जैसे विषय पर पाठ्यक्रम डेवलप करने में एमसीयू का बेहतरीन काम है। यह रियल टाइम कार्य है जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम बहुत जरूरी है। इसका शिक्षण एवं प्रशिक्षण भी जरूरी है।

## मिमिक्री के साथ साथ डांसिंग के भी जलवे बिखेरे

# हिंदी भवन में जगदीप को समर्पित मिमिक्री संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हास्य अभिनेता जगदीप को समर्पित श्रद्धांजलि एवं मिमिक्री संध्या का आयोजन हिंदी भवन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित एल. पी.दुबे, कैलाश एंड प्रकाश राज वेलफेयर सोसाइटी के संचालक भानु प्रकाश तिवारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मिमिक्री के साथ साथ डांसिंग के भी जलवे बिखेरे। साथ ही सुधा के गायन ने प्रस्तुति में चार चांद लगा दिए।






# 'आरक्त क्षण' का मंचन 11 जुलाई को

**भोपाल।** प्रसिद्ध रंग संस्था कारवां 11 जुलाई को अपने नए नाटक 'आरक्त क्षण' का मंचन करेगी। वरिष्ठ नाटककार सुरेश शुक्लचंद्र द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. नज़ीर कुरैशी कर रहे हैं। यह प्रस्तुति पारिवारिक रिश्तों, मनोवैज्ञानिक द्वंद्व और बदलते सामाजिक परिवेश में मानवीय संवेदनाओं को मंच पर सशक्त ढंग से प्रस्तुत करेगी। यह कहानी एक ऐसी महिला (पद्मा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका जवान बेटा फौज में शहीद हो चुका है। पति घर से दूर नौकरी करता है और जवान बेटी (लाली) के साथ उसके संबंध तनावपूर्ण हैं।

## 83 विद्यार्थियों ने शुरू की डिजाइन यात्रा, धीमंत व्यास का प्रेरक व्याख्यान

# एनआईडी में डिजाइन ओरिएंटेशन के साथ फाउंडेशन स्टडीज बैच-2030 की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी), मप्र में तीन दिवसीय डिजाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ फाउंडेशन स्टडीज बैच-2030 की शुरुआत की। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों एवं एनआरआई श्रेणी से आए कुल 83 विद्यार्थियों ने नए शैक्षणिक सत्र में भाग लिया। संस्थान की निदेशक डॉ. विद्या राकेश और रजिस्ट्रार कृष्ण बिरहमान ने विद्यार्थियों को रचनात्मकता, जिज्ञासा और नवाचार के साथ डिजाइन शिक्षा की यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एनआईडी के पूर्व छात्र एवं प्रख्यात एनीमेशन फिल्म निर्माता धीमंत व्यास का प्रेरक व्याख्यान रहा, जिसमें उन्होंने रचनात्मक सोच और डिजाइन की बदलती भूमिका पर अपने अनुभव साझा किए।



डिजाइन ओरिएंटेशन में हिस्सा लेते एनआईडी के विद्यार्थी।

### धीमंत ने बताई कहानी कहने की कला

धीमंत ने विद्यार्थियों के साथ रचनात्मकता, सूक्ष्म अवलोकन, कहानी कहने की कला तथा डिजाइन की बदलती भूमिका पर अपने अनुभव साझा किए और उन्हें सीमाओं से परे सोचने तथा उद्देश्यपूर्ण सृजन के लिए प्रेरित किया।



### व्यक्तित्व और रचनात्मक क्षमता को निखारने का प्रयास

विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, कैंपस संस्कृति और अंतर्विषयी शिक्षण पद्धति से परिचित कराया गया। आगामी सत्रों में थिएटर वर्कशॉप, अनुभवात्मक शिक्षण और संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और रचनात्मक क्षमता को और निखारा जाएगा।

## देश के कई राज्यों में बारिश ने लोगों को किया हलाकान आवागमन बाधित

# पुणे में इमारत गिरने से 16 लोग दबे, आगरा में दुकान गिरने से 5 लोग मलबे के नीचे, दिल्ली में भी निर्माणाधीन 5 मंजिला इमारत ढही, एक की मौत कई घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के पुणे शहर, उसके उपनगरों और पिंपरी-चिंचवड़ क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। मूसलाधार बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव शुरू हो गया है। शहर की प्रमुख सड़कों पर लंबा जाम लग गया है। पिंपरी-चिंचवड़ के औद्योगिक और रिहायशी इलाकों में लगातार बारिश होने से लोगों और नौकरीपेशा कर्मचारियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिंपरी-चिंचवड़ में एक इमारत गिर गई है। इसमें कम से कम 16 लोगों के फंसे होने की आशंका है। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और दूसरी इमरजेंसी सर्विस वाली एजेंसियों की टीमें मोशी इलाके में घटनास्थल पर पहुंची। बचाव अभियान चल रहा है। लोगों को पास के अस्पतालों में ले जाने के लिए एंबुलेंस भेजी गई। इमारत के आस-पास के इलाके की घेराबंदी की जा रही है। अधिकारी अभी मलबे में फंसे लोगों की संख्या की पुष्टि नहीं कर पाए हैं। यह इमारत मोशी कचरा डिपो के पास स्थित थी। भारी बारिश के कारण कचरे का बड़ा ढेर इमारत पर आ गिरा, जिससे यह हादसा हुआ।

## महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश ने सबसे ज्यादा बरपाया कहर


पुणे में इमारत गिरी

### मंबुई उपनगरीय रेल सेवाएं प्रभावित

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बुधवार को मूसलाधार बारिश हुई, जिसकी वजह से उपनगरीय रेल सेवाएं प्रभावित हुईं और कार्यालय जाने वालों को परेशानी हुई। सप्ताहांत में शहर में भारी बारिश हुई थी और मंगलवार को थोड़ी राहत मिली थी। पड़ोसी पालघर जिले के वसई-विरार रेल खंड और दक्षिण गुजरात में कई जगहों पर जलजमाव के कारण गुजरात जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। भोर घाट खंड पर सोमवार को भूस्खलन के बाद मुंबई-पुणे मार्ग पर भी ट्रेन सेवाएं पूरी तरह से बहाल नहीं की जा सकी हैं।

**आगरा में बारिश के बीच बड़ा हादसा**

## सुभाष बाजार में गिरी दुकान कई के दबे होने की आशंका

आगरा में बारिश के बीच बड़ा हादसा हो गया। थाना मंटोला क्षेत्र के सुभाष बाजार में बुधवार को एक छोले-भटूरे की दुकान अचानक धंस गई। हादसे के समय दुकान पर मौजूद 4-5 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोग भी मलबा हटाने में प्रशासन की मदद में जुट गए। नगर निगम की टीम मौके पर पहुंच गई। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने भी मौके पर पहुंच घटना का जायजा लिया। 1-2 लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।



## आईआईटी मंडी ने विकसित किया सबसे बड़ा लैंडस्लाइड अर्ली वार्निंग सिस्टम

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) मंडी के वैज्ञानिकों ने भारतीय हिमालयी क्षेत्र के लिए पूरी तरह से काम करने वाला 'लैंडस्लाइड अर्ली वार्निंग सिस्टम' विकसित किया है। इसका मकसद मॉनसून के दौरान एक वेब-बेस्ड प्लेटफॉर्म के जरिए भूस्खलन के जोखिमों की रोजाना भविष्यवाणी करके आपदा की तैयारी को बेहतर बनाना है। इस रिसर्च को आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डेरिक्स प्रेज शुक्ला ने रिसर्च स्कॉलर अंकित सिंह और नितेश धीमान के साथ मिलकर लीड किया।


आईआईटी मंडी

### रोजाना लैंडस्लाइड का पूर्वानुमान मिलेगा

यह इलाके की संवेदनशीलता की जानकारी को रियल-टाइम बारिश के डेटा के साथ मिलाकर लैंडस्लाइड की संभावना का अनुमान लगाता है और उस पर नजर रखता है। यह अधिकारियों और डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसियों को समय पर बचाव के उपाय करने में मदद करने के लिए जगह के हिसाब से चेतावनी जारी करता है। प्रोफेसर शुक्ला ने कहा कि यह सिस्टम मानसून सीजन की शुरुआत से एक वेब-बेस्ड एप्लिकेशन के जरिए रोजाना लैंडस्लाइड का अनुमान देता है।

### आपदा के जोखिम को कम करने में मदद मिलेगी

उन्होंने कहा कि सिस्टम आपदा के जोखिम को कम करने में सबसे असरदार इन्वेस्टमेंट में से एक हैं क्योंकि वे साइंटिफिक डेटा को समय पर, एक्शन लेने लायक जानकारी में बदलते हैं। पूरे इलाके में फोरकास्टिंग प्लेटफॉर्म में तैयारी को मजबूत करने, इमरजेंसी रिस्पॉन्स को बेहतर बनाने और लैंडस्लाइड के ज्यादा खतरे के समय डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसियों के बीच कोऑर्डिनेशन बढ़ाने की क्षमता है। यह पूरे भारतीय हिमालयी क्षेत्र को कवर करता है। इससे यह देश का सबसे बड़े स्तर पर काम करने वाला लैंडस्लाइड पूर्वानुमान सिस्टम बन गया है।रिसर्चर्स ने इसे मल्टी-स्टेज मेथडोलॉजी का इस्तेमाल करके डेवलप किया।


रोहिणी में मशक्कत करती बचाव टीम

**दिल्ली के रोहिणी में बड़ा हादसा**

### इमारत गिरी, कई मजदूर मलबे में दबे

रोहिणी सेक्टर-16 स्थित जी-4 पॉकेट में सोमवार को एक निर्माणाधीन इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय भवन में कई मजदूर काम कर रहे थे। कई मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक की मौत की खबर है। पहले तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और पूरी इमारत धूल के गुबार के साथ जमीन पर आ गिरी। लोगों ने तुरंत पुलिस और अन्य एजेंसियों को सूचना दी। हादसे की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग और एनडीआर एफ की टीमें मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। भारी मशीनों के साथ-साथ रेस्क्यू टीमों को भी लगाया गया है।

**गृहमंत्री शाह ने बारिश से बेहाल महाराष्ट्र, गुजरात और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों से बात की**

### कठिन स्थिति की समीक्षा की और केंद्र की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र, गुजरात और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों से बुधवार को फोन पर बात कर भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की और केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शाह ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और जम्मू-कश्मीर के सीएण उमर अब्दुल्ला से फोन पर बात की। मुंबई में सबसे ज्यादा परेशानी की बात सामने आई है।

## खबर संक्षेप

### केरलम में घर की लिफ्ट में फंसा बुजुर्ग, मौत

**पथानामथिट्टा।** केरलम के पथानामथिट्टा में 75 साल के बुजुर्ग व्यक्ति की लिफ्ट में सिर फंसने से मौत हो गई।



मृतक की पहचान कडममनिट्टा के कल्लेलिमुकु निवासी माथुकुट्टी के रूप में हुई है। कार पार्क करने के बाद वे लिफ्ट में चढ़े लेकिन लिफ्ट के लोहे के बीम के बीच उनका सिर फंस गया। इस बीच उनका सिर अलग हो गया।

### करंट से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले के फलटन तालुका के खामगांव में बिजली का करंट लगने से पारधी



समुदाय के एक ही परिवार के4लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक दंपती और उनके 2 बच्चे शामिल हैं। घर के सामने बिजली के केबल का तार छूने से ये पूरा हादसा हुआ। एक दूसरे को बचाने में परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई।

### एआई से बने शपथ-पत्र पर भड़के छग के सीजे

**बिलासपुर।** बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान की बदहाल व्यवस्थाओं और बुनियादी



सुविधाओं की कमी को लेकर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई। विभाग के सचिव के शपथ-पत्र को देखकर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने तीखी टिप्पणी की। यह एआई से तैयार किया गया है।

### भुवनेश्वर अदालत को बम से उड़ाने की धमकी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भुवनेश्वर अदालत परिसर में बम धमाके की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद



पुलिस ने तलाशी शुरू किया। सहायक पुलिस आयुक्त (जोन-4) अभिमन्यु नायक ने बताया कि बम निरोधक दस्ते के कर्मी मौके पर पहुंचे और पूरी इमारत की गहन जांच की। तलाशी अभियान में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

## कोलकाता में ममता के कार्यक्रम में जमकर हंगामा और बवाल

# रैली में भिड़े टीएमसी व भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर लगे चोर-चोर के नारे, अंडे फेंके

### बारुईपुर में बच्ची के साथ दरिंदगी के विरोध में किया गया था प्रदर्शन



**ममता ने अपने नेता को मारा थप्पड़**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेत्री ममता बेनर्जी की रैली के दौरान जमकर हंगामा और बवाल हुआ। बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ के बीच निकाले जा रहे इस मार्च में टीएमसी और भाजपा के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ के लोग एक-दूसरे से बुरी तरह उलझ पड़े। इस हंगामे के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव फैल गया है। दरअसल यह पूरा बवाल बारुईपुर में 11 साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में ही शुरू हुआ था। इस वारदात के खिलाफ टीएमसी ने कलकत्ता हाई कोर्ट की मंजूरी के बाद रैली निकाली थी। मुख्य आरोपी प्रभा मंडल का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। जब यह मार्च बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रहा था, तो टीएमसी और भाजपा के कार्यकर्ता भिड़ गए और रैली अखाड़ा बन गई। इस दौरान नारेबाजी भी हुई। इस बीच ममता ने आपा खोया और अपने पार्टी के नेता को थप्पड़ मार दिया। वहीं ममता की इस रैली में अंडे भी फेंके गए।

**हंगामे से जुड़ीं 5 बड़ी बातें**

- पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेता ममता के नेतृत्व में निकाला जा रहा था मार्च
- यह पूरी झड़प और धक्का-मुक्की कोलकाता के बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ के बीच हुई
- टीएमसी और भाजपा के समर्थक बीच सड़क पर एक-दूसरे से बुरी तरह उलझ पड़े
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को निशाना बनाते हुए जमकर की नारेबाजी
- हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने समय और रूट बदलकर इस रैली को मंजूरी दी थी


कोलकाता पुलिस ने बीच-बचाव की कोशिश भी की

### हाजरा मोड़ पर धक्का मुक्की और नारेबाजी

यह हाई-वोल्टेज ड्रामा उस समय शुरू हुआ जब ममता की अगुवाई में पार्टी का जुलूस बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रहा था। वहां भाजपा के समर्थक भी पहुंच गए और दोनों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। पहले दोनों तरफ से तीखी बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को धक्का देते हुए 'चोर, चोर' के नारे लगाने शुरू कर दिए जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई।

**बीच सड़क हाई-वोल्टेज ड्रामा दिखा**

यह हाई-वोल्टेज ड्रामा उस समय शुरू हुआ जब ममताकी रैली बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ता एक-दूसरे के आमने-सामने आ गए।

**कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय की बड़ी कार्रवाई**

## टीएमसी के बैंक खातों में जमा 440 करोड़ रुपए फ्रीज

प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी से जुड़े संदिग्ध फंड मामले में पीएमएलए के तहत जांच तेज कर दी है। एजेंसी ने कोलकाता में टीएमसी के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है, जिनमें लगभग 440 करोड़ रुपए जमा हैं।




यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा 3 मुख्य बैंक खातों पर लगाए गए 'डेबिट फ्रीज' के बाद हुई है। पुलिस ने शिकायत के बाद इन खातों से होने वाले सभी लेन-देन और निकासी पर रोक लगा दी थी।

**एक्शन के 3 मुख्य बिंदु**

- **हवाई कंपनियों पर शक:** 150 करोड़ रुपए से ज्यादा का संदिग्ध फंड एविएशन और ट्रैवल कंपनियों के जरिए भेजा गया था।
- **कोलकाता में ताबड़तोड़ छापेमारी:** सीएपीएफ के साथ ईडी की टीमों ने कोलकाता में कई ठिकानों पर छापे मारे। यह छापेमारी एक प्राइवेट चार्टर फर्म 'केयरवेल एविएशन', उसके निदेशकों और एक कथित इलेक्टोरल ट्रस्ट से जुड़े परिसरों पर की गई।
- **संदेह का घेरा:** एजेंसी तफ्तीश कर रही है कि क्या इन खातों का इस्तेमाल भ्रष्टाचार, जबरन वसूली या तस्करी से जुड़ा है।

**शाह ने दिए कई बड़े निर्देश**

## प्रमुख हवाई अड्डों पर सुविधाओं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

### 2027 तक सभी राज्यों में खुलेंगे एफआरआरओ कार्यालय



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और आप्रवासन (इमिग्रेशन) प्रणाली को और अधिक आधुनिक एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से बुधवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में गृह मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, आसूचना ब्यूरो तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में देश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने, सुरक्षा जांच को अधिक प्रभावी बनाने तथा आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई।

### यात्रियों की आवाजाही के लिए बनेगी समन्वित योजना

गृह मंत्री अमित शाह ने निर्देश दिया कि एयरपोर्ट के प्रत्येक चरण—प्रवेश द्वार, चेक-इन काउंटर, सुरक्षा जांच लेन और इमिग्रेशन काउंटर—को एक-दूसरे से जोड़कर ऐसी समन्वित व्यवस्था तैयार की जाए जिससे किसी भी बिंदु पर यात्रियों का प्रवाह बाधित न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एयरपोर्ट के सभी टचपॉइंट पर वैज्ञानिक योजना तैयार की जाए ताकि यात्रियों को लंबी कतारों और अनावश्यक प्रतीक्षा से राहत मिल सके।

### सभी एयरपोर्ट पर लगेगा ऑटोमैटिक ट्रे रिट्रीवल सिस्टम

शाह ने निर्देश दिया कि मानव संसाधन पर निर्भरता कम करने और सुरक्षा जांच प्रक्रिया को तेज बनाने के लिए देश के सभी हवाई अड्डों पर चरणबद्ध तरीके से ऑटोमैटिक ट्रे रिट्रीवल सिस्टम स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में बनने वाले नए एयरपोर्टों में इसी प्रणाली को अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए मानक तय किए जाएं।

### दो वर्षों में 62 एयरपोर्टों के विकास का लक्ष्य

शाह ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के सुरक्षा मानकों के अनुरूप यात्री सुविधाओं का विस्तार करने और वाणिज्यिक क्षेत्रों को निर्धारित सीमा में रखने के निर्देश दिए। वर्तमान में प्रक्रियाधीन 21 एयरपोर्ट और शेष 41 एयरपोर्ट सहित 62 हवाई अड्डों के विकास कार्यों को यातायात के आधार पर प्राथमिकता देते हुए अगले दो वर्षों में पूरा किया जाए।

### एरोब्रिज और बैगेज ड्रॉप के लिए मापदंड बनाए जाएं

शाह ने मंत्रालय को निर्देश दिया कि विभिन्न एयरपोर्टों पर यात्री और विमान यातायात के आधार पर एरोब्रिज की संख्या निर्धारित करने के लिए स्पष्ट मानदंड बनाए जाएं।

## कई राज्यों में दिखा खजाने का 'खेल' तो कहीं नहीं बैठ पा रहा राजनीतिक तालमेल

## रिटायर अफसर के घर मिला 13 किलो सोना और 9 किलो चांदी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग से रिटायर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी



ललित कुमार कुबेर निकला। उत्तर प्रदेश विजिलेंस विभाग ने 7- 8 जुलाई को छापा मारा तो 'कुबेर का खजाना' मिला। इतना सोना चांदी, जवाहरात, प्लॉट मकान दुकान दुकान देख विजिलेंस वालों को चक्कर आ गया। ठिकानों पर 13 किलो सोना और 9 किलो चांदी और 1.62 करोड़ नकद मिले हैं।

### फॉरेस्ट रेंजर के यहां 4 मंजिला मकान, कैश और गहने मिले

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विजिलेंस ने केंद्रापड़ा फॉरेस्ट रेंज के फॉरेस्ट रेंजर रवींद्र कुमार नायक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 4 अलग-अलग स्थानों पर तलाशी ली। तलाशी अभियान अभी भी जारी है। तलाशी के दौरान 2 लाख 14 हजार नकद मिले हैं। इसके अलावा लगभग 43 लाख की जमा राशि का भी पता चला है। अन्य वित्तीय निवेशों की जांच अभी जारी है। टीम सोने के आभूषणों का वजन और मूल्यांकन भी कर रही है। एक ग्रैंड विटारा और एक दोपहिया वाहन भी मिला है।

**चढ़ावा चोरी पर गोपाल राव ने कहा**

## मैं पद पर बना हूं, मंदिर प्रशासक पद से हटाने की सूचना मात्र अफवाह

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या राम मंदिर दान चोरी मामले में विवाद में प्रशासक गोपाल राव की



भूमिका को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बीच अफवाह उड़ी कि राव को प्रशासक की भूमिका से हटा दिया गया है। बुधवार को वैदेही भवन में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी से मुलाकात की। उन्हें रदान चोरी मामले के बाद लिस्ट से हटाने का मामला गरमाया था। अब उन्होंने इस प्रकार की अफवाहों पर विराम लगाया है।

### मीडिया में खबरें गलत चल रहीं

कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी से मीटिंग के बाद राव ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर हटाने और प्रशासक की भूमिका से मुक्ति पर कहा मैं पद पर बना हुआ हूं और मैं यहीं रहूंगा। मीडिया में चल रही तमाम अफवाहें गलत हैं।

**पंजाब विवाद पर बोले बघेल**

## यह गुड्डे-गुड़िया का खेल नहीं, हम नियुक्त अध्यक्ष को नहीं हटाएंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने प्रदेश में पार्टी के नेतृत्व में किसी भी



बदलाव की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि ऐसे फैसले 'गुड्डे-गुड़ियों का खेल' नहीं हैं, जिन्हें बार-बार बदला जाए। उन्होंने कहा कि नेतृत्व पर आलाकमान का फैसला अंतिम है। वे जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके चरणजीत सिंह चन्नी से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस ने घोषणा की थी कि अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे।

### अब फैसले में नहीं होगा कोई बदलाव

मोहाली में चन्नी की मौजूदगी में कई नेताओं ने बैठक की थी। वडिंग को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए रखने के फैसले पर पुनर्विचार की अटकलों को खारिज करते हुए बघेल ने कहा कि जब आलाकमान ने फैसला कर लिया है तो उसे बदला नहीं जाता है।

## कनाडा पुलिस ने ही खोल दी अपने पूर्व पीएम की पोल

अब तक लगाए आरोपों के आधार पर कोई सबूत नहीं

# जांच में बताया झूठे थे ट्रूडो के आरोप निज्जर की हत्या में भारत का हाथ नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लगभग तीन साल पहले कनाडा के तत्कालीन पीएम जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था।

लेकिन अब कनाडा की पुलिस का कहना है कि हमारी जांच में निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारियों की संलिप्तता के कोई सबूत नहीं मिले हैं। यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका ने निज्जर हत्याकांड में भारतीय मूल के गैंगस्टर्स के खिलाफ आरोप तय किए हैं।

*कनाडा की पुलिस का कहना है कि हमारी जांच में निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारियों की संलिप्तता के कोई सबूत नहीं मिले हैं*


हरदीप सिंह निज्जर


जस्टिन ट्रूडो

### जांच अभी भी जारी

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की डिप्टी कमिश्नर लिसा मोरलैंड ने स्पष्ट किया कि इस मामले में जांच अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध सिंडिकेट की इस जांच और अब तक लगाए गए आरोपों के आधार पर ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे यह कहा जा सके कि भारतीय सरकार के अधिकारी इस मामले में शामिल थे या उनके खिलाफ आरोप लगाए जाएंगे। अब तक ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है जो भारतीय सरकार को इस मामले से जोड़ती हो। लिसा मोरलैंड ने कहा कि गिरफ्तारियों और जब्ती की कार्रवाई के आधार पर जांच आगे बढ़ रही है। भारतीय सरकार इस जांच में सहयोग कर रही थी।

### भारत ने पहले ही आरोपों को बेबुनियाद बताया था

*ट्रूडो के आरोपों को भारत ने शुरू से ही बेबुनियाद और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया था। इन आरोपों के बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था, द्विपक्षीय वार्ताएं ठप हो गई थीं और रिश्तों में गहरी तल्खी आ गई थी। बता दें कि कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर को भारत ने 2020 में आतंकवादी घोषित किया था। वह प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का प्रमुख था। जून 2023 में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में एक गुरुद्वारे की पार्किंग में दो नकाबपोश हमलावरों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।*

### गोल्डी बराड़ पर 50 हजार डॉलर का इनाम



अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े आरोपी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ की गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने पर 50,000 डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। वहीं, अमेरिका, कनाडा और यूरोप की सुरक्षा एजेंसियों ने 'ऑपरेशन हार्ड बॉल' के तहत लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ समेत तीन अंतरराष्ट्रीय अपराधी गिरोहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## अमेरिकी अदालत में दाखिल आरोप पत्र में दावा

# लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ ने की थी आतंकी निज्जर की हत्या

वॉशिंगटन। अमेरिका की एक अदालत में दाखिल आरोप पत्र में खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर बड़ा दावा किया गया है। दस्तावेजों में आरोप लगाया गया है कि लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ ने हत्या का आदेश दिया था। हत्या की साजिश को अंजाम देने के लिए निज्जर की तस्वीर और उसके कई पते सहयोगियों तक पहुंचाए गए थे। इस जानकारी के आधार पर हमलावरों ने अपनी रणनीति तैयार की।



### जेल से चला रहा था पूरा ऑपरेशन

अमेरिकी अभियोग में यह भी आरोप लगाया गया है कि लॉरेंस बिश्नोई जेल में बंद होने के बावजूद पूरे ऑपरेशन पर नजर रखे हुए था। दस्तावेजों के अनुसार, वह कथित तौर पर तस्करी के जरिए जेल के अंदर पहुंचाए गए मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर अपने नेटवर्क से संपर्क में था। इसी मोबाइल के जरिए कथित रूप से ऑपरेशन से जुड़े निर्देश दिए जाते रहे। बिश्नोई जेल में बंद रहने के बावजूद कई महाद्वीपों में फैले संगठित अपराध नेटवर्क का संचालन कर रहा था।

---

## खबर संक्षेप

### गगनयान मिशन के लिए पैराशूट का सफल परीक्षण

दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मध्य प्रदेश के श्योपुर में गगनयान मिशन के लिए एकीकृत मुख्य पैराशूट एयरड्रॉप परीक्षण-आईएमएटी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। परीक्षण के दौरान, भारतीय वायु सेना के आईएल-76 विमान से 2.5 किमी की ऊंचाई से एक नकली असेंबली को गिराया गया, जिसमें एक मुख्य पैराशूट और एक डमी पेलोड शामिल था। इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी पहले मानवरहित गगनयान जी-1 मिशन के लिए पैराशूट प्रणाली को परखना था।



### नौसेना का यूएवी 'दृष्टि-10' गुजरात में क्रैश

पोरबंदर। गुजरात के पोरबंदर में बुधवार दोपहर भारतीय नौसेना का मानव रहित विमान (यूएवी) दृष्टि-10 प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ड्रोन पोरबंदर एयरफील्ड से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद नियंत्रण खो बैठा और धारमपुर गांव के पास एक खुले मैदान में क्रैश हो गया। इस हादसे में किसी के घायल होने या जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। नौसेना ने कहा है कि हादसे की वजह जानने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।



### अंजनी कुमार होंगे यूक्रेन में भारत के राजदूत

नई दिल्ली। भारतीय राजनयिक और विदेश सेवा के वर्ष 2003 बैच के वरिष्ठ अधिकारी अंजनी कुमार को भारत ने यूक्रेन में अपने अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि वह जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में कुमार मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और अब उनकी यूक्रेन में नियुक्ति को हरी झंडी प्रदान की गई है। बता दें, बीते लगभग चार साल से अधिक समय से यूक्रेन रूस के साथ युद्ध में उलझा हुआ है।



## यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है 9वीं सदी में बना मशहूर प्रम्बानन मंदिर

# पीएम मोदी ने संरक्षण और जीर्णोद्धार प्रोजेक्ट की शुरुआत की, एएसआई को मिली जिम्मेदारी

*पीएम मोदी ने कहा कि इस गौरवशाली स्थल के जीर्णोद्धार का हिस्सा बनने को लेकर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने आज बुधवार को योग्यकार्ता में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, मशहूर प्रम्बानन मंदिर परिसर में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया (एएसआई) के संरक्षण और जीर्णोद्धार प्रोजेक्ट की शुरुआत के उपलक्ष्य में एक पट्टिका का अनावरण किया। तीसरे और आखिरी दिन पीएम मोदी ने योग्यकार्ता स्थित एक हजार साल पुराने प्रम्बानन मंदिर में पूजा-अर्चना की। विशेष सम्मान के तौर पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो भी उनके साथ मंदिर परिसर पहुंचे। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति सुबियांतो ने 2029 से पहले जीर्णोद्धार पूरा करने का वादा लिया है। वे योजना बनाकर काम करते हैं, ऐसे में पूरा भरोसा है कि काम पूरा होगा और वे इंडोनेशिया आकर एकसाथ इसका जश्न मनाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस गौरवशाली स्थल के जीर्णोद्धार का हिस्सा बनने को लेकर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है।

**पीएम मोदी ने एक हजार साल पुराने मंदिर में पूजा-अर्चना की**

**'महान विरासत' को संरक्षित करने के लिए दिया धन्यवाद**




संरक्षण और जीर्णोद्धार प्रोजेक्ट की शुरुआत करते पीएम मोदी और राष्ट्रपति सुबियांतो

### यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध

पीएम मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को जोड़ती है। इंडोनेशिया के लोग प्रम्बानन मंदिर परिसर को 'महान विरासत' को संरक्षित करने के लिए धन्यवाद के पात्र हैं। संयुक्त संरक्षण परियोजना के उद्घाटन का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैंने जो बातचीत सुनी है, उससे पता चलता है कि यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध है। वह सुगंध जिसे हम भारत की धरती पर हर पल महसूस करते हैं। यह सुगंध, यह सांस्कृतिक विरासत, हमें जोड़ती है।

#### पूरे परिसर में 240 मंदिर

प्रम्बानन, इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर योग्यकार्ता के पास स्थित सबसे बड़े मंदिर परिसरों में से एक है। यह योग्यकार्ता शहर से लगभग 17 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। प्रम्बानन मंदिर असल में एक कॉम्प्लेक्स है, जिसमें शिव, विष्णु और ब्रह्मा को समर्पित 240 मंदिर हैं। प्रम्बानन को तीन एक-दूसरे के अंदर बने चौकोर हिस्सों के रूप में डिजाइन किया गया था।

## हवाईअड्डे पर रेड कार्पेट वेलकम

# ऑस्ट्रेलिया पहुंचे पीएम



पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंच गए हैं। जहां हवाईअड्डे पर उन्हें ऑस्ट्रेलियाई सैन्य बलों की मौजूदगी में रेड कार्पेट वेलकम किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर वहां पहले से ही बड़ी तादाद में पीएम के इंतजार में खड़े भारतीयों ने उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया। सभी अपने हाथों में तिरंगा लिए हुए थे और बस प्रधानमंत्री की एक झलक पाने और उनसे किसी भी तरह से मिलने के लिए उत्सुक नजर आए। पीएम ने भी सभी के साथ हाथ मिलाकर गर्मजोशी से भरे इस अभिवादन को स्वीकार किया। यह जानकारी पीएम ने 'एक्स' पर दी है। पीएम मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा 8 से 10 जुलाई तक चलेगी फिर वह न्यूजीलैंड रवाना हो जाएंगे।

### गर्मजोशी भरा स्वागत, अविस्मरणीय

पीएम मोदी ने बताया कि मेलबर्न का मौसम ठंडा हो सकता है। लेकिन यहां रहने वाले भारतीय समुदाय के स्वागत की गर्मजोशी अविस्मरणीय थी। सभी का स्नेह और देश के साथ उनका अटूट बंधन वर्तमान में भी अपार आनंद और गर्व का स्रोत बना हुआ है। पीएम ऑस्ट्रेलिया के प्राचीन डिडजिरीडू का भारत के तबला के साथ दी गई एक शानदार संगीतमय प्रस्तुति के साक्षी बने। उन्होंने कहा कि इन दोनों कालातीत वाद्य यंत्रों के बीच सामंजस्य ने दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रतिबिंबित किया है।

## सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# शोपियां में लश्कर का टॉप कमांडर आतंकी जाकिर गनई ढेर, शव मिला

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी विरोधी अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक टॉप कमांडर को मार गिराया। टॉप कमांडर की पहचान जाकिर अहमद गनी के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने 3 जुलाई को दक्षिण कश्मीर जिले के मीमंदर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। इस क्षेत्र में सात गांव शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आप भाग सकते हैं लेकिन छिप नहीं सकते! एसओजी शोपियां ने आरआर और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में एक लश्कर आतंकवादी को मार गिराया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मारे गए आतंकवादी की पहचान प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन के टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी के रूप में की।


जाकिर गनई

### 2023 में टीआरएफ में हुआ था शामिल

*अधिकारियों ने बताया कि 26 वर्षीय गनी, जो पड़ोसी कुलगाम जिले के मोतलहामा क्षेत्र का निवासी था, 27 सितंबर, 2023 को शटरिंग के काम के लिए डियालगाम के लिए अपने घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार के सदस्यों द्वारा असफल खोज के बाद 3 अक्तूबर, 2023 को कुलगाम पुलिस स्टेशन में एक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गनी बाद में लश्कर-ए-तैयबा के एक ऑफशूट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) आतंकी संगठन में शामिल हो गया। उन्होंने बताया कि कुलगाम पुलिस स्टेशन में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक एफआईआर में उसे आरोपी बनाया गया है।*

### एक आतंकी को पकड़ने का अभियान जारी

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने 3 जुलाई को मीमंदर क्षेत्र में एक घने बाग में निगरानी कैमरों से दो आतंकवादियों को पहली बार देखा था। पुलिस, सेना की 55 आरआर और 44 आरआर, और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने पिछले पांच दिनों से क्षेत्र के चारों ओर कड़ी घेराबंदी बनाए रखी थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। सेना की विशेष काउंटर-इंसर्जेंसी यूनिट, विक्टर फोर्स ने घने बाग के पत्तों के माध्यम से सभी संभावित भागने के रास्तों को सील करने के लिए अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया था। जाकिर के अलावा एक अन्य आतंकी लतीफ के भी इलाके में छिपे होने की आशंका है। उसे पकड़ने या मार गिराने के लिए अभियान अभी जारी है।

## कुवैत पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# क्राउन प्रिंस से मिले, द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर जोर, प्रधानमंत्री मोदी का दिया संदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार सुबह कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-सबाह से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से क्राउन प्रिंस को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने भारत-कुवैत द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की क्राउन प्रिंस की प्रतिबद्धता की सराहना की और खाड़ी क्षेत्र के हालिया घटनाक्रमों पर उनके विचार साझा करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर छह देशों की अहम यात्रा पर हैं। दौरे के तीसरे दिन बहरीन होते हुए वो कुवैत पहुंचे, जहां कुवैत के उप विदेश मंत्री हमद सुलेमान मशान अल-मशान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जयशंकर ने स्वागत के लिए उप विदेश मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह कुवैत में होने वाली अपनी विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों को लेकर उत्साहित हैं।



## क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा

# व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाने पर भारत ने जताई चिंता, वार्ता पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य में एक बार फिर से व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने को लेकर गंभीर चिंता प्रकट की है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जहाजों पर हमले से जुड़े यह तमाम घटनाक्रम क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता के संबंध में जारी प्रयासों के लिए खतरा पैदा करते हैं। भारत सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव को घटाने और नागरिकों की सुरक्षा के साथ ही ऊर्जा सप्लाई, व्यापार की निबार्ध रूप से आवाजाही को बनाए रखने की अपील की है।



बयान के मुताबिक, भारत ने मामले से जुड़े तमाम भागीदारों से बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आग्रह किया है। जिससे इस संघर्ष का शांतिपूर्ण और दीर्घकालिक समाधान ढूंढा जा सकेगा। बता दें, भारत का यह बयान क्षेत्र में अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर से भड़के युद्ध के मद्देनजर दिया गया है।

## आईएनएस सुदर्शनी ने 'परेड ऑफ सेल' में भाग लिया



*नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण जहाज आईएनएस सुदर्शनी 'सेल 250' और यूएस इंटरनेशनल नेवल रिव्यू में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 'परेड ऑफ सेल' के दौरान गर्व से तिरंगा फहराते हुए न्यूयॉर्क हार्बर पहुंचा। अमेरिका में भारत के मशहूर तीन-मस्तूल वाले जहाज की मौजूदगी, भारत-यूएस नौसेना की बढ़ती साझेदारी, समुद्री सद्भावना और दोस्ती को दिखाती है। न्यूयॉर्क में भारत के कॉन्सल जनरल, बिनाया प्रधान ने न्यूयॉर्क में भारतीय नौसेना के सेल ट्रेनिंग शिप, आईएनएस सुदर्शनी का दौरा किया।*

## डीआरडीओ को मिली बड़ी कामयाबी, सेना की बढ़ेगी मारक क्षमता

# पिनाका रॉकेट का किया सफल परीक्षण रक्षा मंत्री ने पूरी टीम को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। उसने लंबी दूरी के निर्देशित पिनाका रॉकेट (पीएलआरजीआर) का सफलता के साथ उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस परीक्षण को देश के पूर्वी तट पर स्थित ओडिशा की चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया। रॉकेट को उपयोगकर्ता द्वारा तय की गई 60 किमी की न्यूनतम दूरी से दागा गया। जिसमें उड़ान के समय पर उसने अपने सभी तय किए गए लक्ष्यों पर बेहद सटीकता से वार किया।



### भविष्य में मारक क्षमता 90 से 120 किमी तक की

*परीक्षण से जुड़े इस तमाम प्रक्रिया पर आईटीआर में तैनात विभिन्न उपकरणों से निगरानी रखी गई थी। सभी ने परीक्षण की सफलता की पुष्टि की है। वर्तमान में सेना के जंगी बेड़े में 37 किमी से लेकर 75 किमी तक की दूरी तक मार करने वाले पिनाका रॉकेट मौजूद हैं। भविष्य में मारक क्षमता 90 से 120 किमी तक हो सकती है।*

### रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

*पिनाका रॉकेट के इस परीक्षण को थलसेना में पहले से मौजूद पिनाका लॉन्चर की मदद से पूरा किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल उड़ान परीक्षण के लिए भारतीय सेना, डीआरडीओ और रक्षा उद्योग जगत की टीम को शुभकामनाएं दी और कहा कि भारत के संबंध में लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेटों के डिजाइन और क्षमता विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डीआरडीओ अध्यक्ष और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी इस परीक्षण पर बेहद बारीकी से निगरानी रखी और इसकी सफलता को लेकर पूरी टीम को बधाई दी है।*

## एनआईए की निगाह में आए 'इस्लामिक स्टेट' के कई मददगार

# दिल्ली समेत 9 राज्यों में 20 जगहों पर छापेमारी, कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने ऑनलाइन टेरर रेडिकलाइजेशन (आतंकवादी विचारधारा की ओर झुकाव) के एक मामले के सिलसिले में बुधवार को नौ राज्यों की 20 जगहों पर छापेमारी की।

इसका मकसद आईएसआईएस और अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टीनेंट (एक्यूआईएस) जैसे आतंकवादी संगठनों की विचारधारा को बढ़ावा देकर और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ हिंसक 'जिहाद' छेड़कर भारत में इस्लामिक स्टेट बनाना था।

**ऑनलाइन भारत विरोधी साजिश की ले रहे थे ट्रेनिंग**




### मार्च में हुई गिरफ्तारी से एनआईए ने कसा शिकंजा

एजेंसी ने इस मामले की जांच के तहत जिन 20 जगहों पर तलाशी ली, उनमें यूपी में 5, आंध्र प्रदेश में 4, महाराष्ट्र में 3, दिल्ली में 2 और बिहार, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में एक-एक जगह शामिल है। बता दें, एनआईए की विशाखापत्तनम ब्रांच ने इस साल 13 मई को आंध्र प्रदेश की विजयवाड़ा पुलिस से इस केस को अपने हाथ में लिया था और नई एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले की शुरुआत मार्च में हुई थी, जब मुख्य आरोपी रहमतुल्लाह शरीफ मोहम्मद के घर से आतंकी संगठनों से जुड़ी सामग्री मिली थी।

### युवाओं को करते थे गुमराह

*जांच में सामने आया है कि इस पूरी साजिश का मुख्य मकसद भारत में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ हिंसक 'जिहाद' छेड़कर देश में 'इस्लामिक स्टेट' स्थापित करना चाहते थे। इसके लिए ये सोशल मीडिया और इंटरनेट के जरिए देश के सीधे-साधे युवाओं को गुमराह कर रहे थे और भारत-विरोधी साजिश के लिए विदेशों में बैठे अपने आकाओं (हैंडलर्स) के साथ लगातार संपर्क में थे।*

### अन्य चेहरे भी होंगे बेनकाब

*एनआईए ने बताया कि बुधवार को जिन ठिकानों पर छापे मारे गए, उनका चुनाव पहले से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर किया गया था। इस कार्रवाई के दौरान जांच टीम ने मोबाइल, लैपटॉप जैसे कई डिजिटल डिवाइस जब्त किए हैं। रेडिकलाइजेशन के इस जाल और इसमें शामिल अन्य चेहरों को बेनकाब करने के लिए अब इन सभी जब्त किए गए डिवाइस की फॉरेंसिक जांच की जाएगी।*

# 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड ने मारी एंट्री



■ शनिवार को चैंपियन अर्जेंटीना से भिड़ंत

■ पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया पर दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर

रुबेन वर्गास ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे स्विट्जरलैंड खेले गए मैच के गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद कोलंबिया पर पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज करके 72 साल बाद विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। स्विट्जरलैंड का सामना अब शनिवार को मिसौरी के कनसास सिटी स्थित एरोहेड स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा। अर्जेंटीना ने इससे पहले दिन में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके मिस्र को 3-2 से हराया था। स्विट्जरलैंड 1954 में विश्व कप की मेजबानी करने के बाद से कभी भी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचा था।

### स्विस टीम मंज़ांबी के बिना उतरी मैदान में

स्विस टीम युवा मिडफील्डर जोहान मंज़ांबी के बिना मैदान में उतरी। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक तीन गोल किए थे। यह एक ऐसा मैच था, जिसमें किसी तरह का रोमांच नहीं था। अतिरिक्त समय के बाद भी कोई टीम गोल करने में सफल नहीं रही थी लेकिन स्विट्जरलैंड ने धैर्य बनाए रखा, जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ। विश्व कप में दो गोल कर चुके वर्गास ने पूरे अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था लेकिन वह मैच के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे। शूटआउट में कोलंबिया के डिफेंडर डेविंसन सांचेज का पेनल्टी शॉट क्रॉसबार से टकराया और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल ने कूचो हर्नांडिज के शॉट को बचा लिया।

### स्टेडियम में मौजूद थे 50 हजार से अधिक दर्शक

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी बीसी प्लेस में मौजूद लोगों में शामिल थे, जहां खचाखच भरे स्टेडियम में 52,497 दर्शकों में से अधिकांश कोलंबिया के समर्थन में पीले रंग के कपड़े पहने हुए थे। कोबेल ने कहा, ' दर्शकों का समर्थन उनके पक्ष में था, इसलिए हमारे लिए यह एक कठिन मुकाबला था। हम जानते हैं कि खेल के कुछ ऐसे क्षण थे जब हमें रक्षात्मक खेल खेलना था और मानसिक रूप से मजबूत रहना था। हमारे कुछ खिलाड़ी अनुपस्थित थे, इसलिए यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती थी।'

## 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे मेस्सी

**अटलांटा।** लियोनेल मेस्सी ने मिस्र के खिलाफ इस विश्व कप में अपना आठवां गोल दागा और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे निकलने के साथ टूर्नामेंट में लगातार गोल करने का सिलसिला 9 मैचों का कर लिया। विश्व कप के मैचों में लगातार गोल करने का मेस्सी का सिलसिला 2022 से चला आ रहा है । वह लगातार 9 मैचों में 13 गोल कर चुके हैं।'गोल्डन बूट' की दौड़ में वह फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड से एक गोल आगे निकल गए हैं। इंग्लैंड के हैरी केन के छह गोल हैं। मेस्सी 2022 विश्व कप में 'गोल्डन बूट' की दौड़ में एमबाप्पे के बाद दूसरे स्थान पर थे। वहीं 2014 में उन्होंने चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया था।



# 5 घंटे 16 मिनट चला महासंग्राम सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

■ नोवाक ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को हराया

■ जोकोविच ने जीता विंबलडन का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल

एजेंसी ▶▶ लंदन

नोवाक जोकोविच की उम्र 39 वर्ष है लेकिन उनका जोश, जुनून और फिटनेस में किसी तरह की कमी नहीं आई है। इसका शानदार नजारा विंबलडन के सेंटर कोर्ट में देखने को मिला, जहां उन्होंने 5 घंटे से भी अधिक समय तक चले मैराथन मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने कनाडा के 25 साल के ऑगर-एलियासिमे पर 7-6 (10), 3-6, 6-3, 6-7 (4), 7-6 (4) से जीत हासिल की और मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। यह मैच 5 घंटे 16 मिनट तक चला। इस तरह से यह विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मैच बन गया।



### रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ मुकाबला

पांच घंटे से ज्यादा समय तक लगातार बेसलाइन पर चले कड़े मुकाबले के बाद दोनों खिलाड़ी बुरी तरह थक चुके थे। यह मुकाबला पांचवें सेट के तनावपूर्ण सुपर टाई-ब्रेक में अपने पीक पर पहुंचा। मैच का एक अहम पल 22-शॉट की लंबी और थका देने वाली रैली के दौरान आया। जोकोविच ने लगातार ऑगर-एलियासिम को कोर्ट के एक कोने से दूसरे कोने तक दौड़ाया। आखिर में मैराथन मुकाबले से बुरी तरह थक चुके कनाडाई खिलाड़ी ने फोरहैंड शॉट बाहर मार दिया, जिससे सर्बियाई खिलाड़ी को टाई-ब्रेक में 9-4 की मजबूत बढ़त मिल गई। इससे बाद जोकोवचि ने जीत के लिए एक पॉइंट हासिल करने के लिए काफी थके होने के बाद भी अपनी पूरी ताकत लगा दी और अपने वंबिलडन करियर का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल जीत लिया।

### सिनर के साथ होगा हाईवोल्टेज सेमीफाइनल

जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर का सामना करेंगे। इटली के इस खिलाड़ी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस सेमीफाइनल में टेनिस की सबसे रोमांचक प्रतिद्वंद्विताओं में से एक फिर से देखने को मिलेगी। सिनर ने पिछले साल विंबलडन सेमीफाइनल में जोकोविच को सीधे सेटों में हराया था, जबकि सर्बियाई खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में इटली के खिलाड़ी को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में हराया था।

### युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं : जोकोविच

जोकोविच ने कहा, 'ये वो पल हैं, जिनके लिए मैं आज भी टेनिस खेलता हूं। मैं अब भी उन युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं, जो मुझसे 15 साल छोटे हैं। मैं उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में हरा सकता हूं।'

### लगातार आठवीं बार विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे

जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने विंबलडन के सेमीफाइनल में लगातार आठवीं बार पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में लगातार सबसे अधिक पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के मामले में रोजर फेडरर से एक कदम आगे निकल गए हैं। जोकोविच से बाद में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी से अपनी तुलना करने के लिए कहा गया, जो 39 वर्ष के हैं और अभी भी उच्च स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जोकोविच ने उस महान फुटबॉलर के बारे में कहा,'उनके जैसा 90 मिनट खेलना अच्छा लगेगा।'

अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन मंच पर करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

## मलेशिया एशिया पैसिफिक डेफ बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए मप्र की गौरांशी शर्मा भारतीय टीम में

ग्वालियर बैडमिंटन अकादमी की खिलाड़ी दिखाएंगी अपनी प्रतिभा का दमखम

मलेशिया में आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय दल का होंगी हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य बैडमिंटन अकादमी की प्रतिभावान खिलाड़ी गौरांशी शर्मा का चयन मलेशिया एशिया पैसिफिक डेफ बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में गौरांशी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। उनका चयन प्रदेश की खेल प्रतिभाओं एवं समावेशी खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। गौरांशी शर्मा का भारतीय टीम में चयन मध्यप्रदेश में खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व्यवस्था तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रतिनिधित्व प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और यह दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए भी नई प्रेरणा लेकर आया है।

16 स्वर्ण, 17 रजत एवं 5 कांस्य पदकों के साथ जीते 38 पदक

## अस्मिता लीग साउथ ज़ोन कैनोइंग एवं कयाकिंग चैंपियनशिप में मप्र रहा ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य कैनोइंग एवं कयाकिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने 4 से 5 जुलाई तक आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित गंबरमगेड्डा रिजर्वायर में आयोजित अस्मिता लीग साउथ ज़ोन कैनोइंग एवं कयाकिंग चैंपियनशिप-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव दिलाया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में कुल 38 पदक अर्जित किए, जिनमें 16 स्वर्ण, 17 रजत एवं 5 कांस्य पदक शामिल हैं।



### पदकों की शानदार बरसात, प्रदेश ने किया शीर्ष स्थान हासिल

चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ने सर्वाधिक 38 पदकों के साथ पदक तालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, अनुशासित प्रदर्शन और निरंतर अभ्यास का परिणाम रहा कि प्रदेश ने अन्य राज्यों को पीछे छोड़ते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश राज्य कैनोइंग एवं कयाकिंग अकादमी में उपलब्ध उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व्यवस्था तथा खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

## दो हार के बाद दबाव में टीम इंडिया, हर हाल में जीतना होगा चौथा टी20

### इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का निर्णायक मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ ब्रिस्टल

लगातार दो मैच हारने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम जब गुरुवार को श्रृंखला के निर्णायक चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड के सामने होगी तो उसके सामने खिलाड़ियों के चयन को लेकर मुश्किल चुनौतियां होंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के मुश्किल हालात में ढलने के लिए संघर्ष कर रही है और टीम यह मैच हार गई तो सीरीज भी गंवा देगी।

टीम चयन को लेकर सबसे बड़ा सवाल संजू सैमसन को लेकर है। उन्हें दूसरे और तीसरे टी20 से बाहर कर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया था।



आईसीएफ कैनो स्प्रिंट एवं पैरा कैनो वर्ल्ड कप कनाडा

## साई के दो खिलाड़ी एल. नेहा देवी और हर्षवर्धन सिंह करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), के दो प्रतिभाशाली कैनो खिलाड़ी एल. नेहा देवी एवं हर्षवर्धन सिंह शक्तावत का चयन 2026 आईसीएफ कैनो स्प्रिंट एवं पैरा कैनो वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 9 से 12 जुलाई तक ओलंपिक बेसिन, पार्क जीन-द्रापो, मॉन्ट्रियल, कनाडा में आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय निदेशक, साई सीआरसी अभिषेक सिंह चौहान ने कहा, एल. नेहा देवी और हर्षवर्धन सिंह शक्तावत का 2026 आईसीएफ कैनो स्प्रिंट एवं पैरा कैनो वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चयन होना साई भोपाल एवं पूरे देश के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।



## द्वितीय मिक्स एज बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

# चावला एवं बागरे ने जीतीं तीन-तीन ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरके स्पोर्ट्स वर्ल्ड एवं मिनाल स्पोर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित द्वितीय मिक्स एज बैडमिंटन टूर्नामेंट-2026 का सफल समापन मंगलवार को हो गया। रविंद्र चावला एवं डॉ. शैलेंद्र कुमार बागरे ने तीन-तीन ट्रॉफियां जीतकर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया, जबकि रवि राय ने दो ट्रॉफियां अपने नाम कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजक रूपेश किरार एवं आशीष अर्गल ने बताया कि प्रतियोगिता में भोपाल के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता 4 से 7 जुलाई तक आयोजित की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अरुणेश्वर सिंहदेव रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में दीप सिंह, मनोज गुप्ता, राजेश शर्मा, संदीप नामदेव तथा आरके स्पोर्ट्स क्लब की डायरेक्टर दीप्ति किरार भी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में कुल 1,00,000 की पुरस्कार राशि रखी गई थी। प्रतियोगिता में 60+, 70+, 80+, 90+, 100+, 110+, 120+, मिक्स्ड डबल्स, फादर एंड सन एवं फादर एंड डॉटर श्रेणियों में मुकाबले खेले गए।




### मुख्य परिणाम

- ▶▶ मेंस डबल्स 60+ : आशीष प्रधान, बिजेंद्र ने हेमंत गीते एवं शिवांश गुर्जर को 17-15, 15-17, 15-13 से हरा खिताब जीता।
- ▶▶ - 70+ : राजेंद्र यादव एवं रवि राय ने संदीप नियोगी एवं बिजेंद्र निकुम को 16-14, 12-15, 15-13 से पराजित किया।
- ▶▶ - 80+ : राजेंद्र यादव एवं रविंद्र चावला ने रवि राय एवं सुधीर खरे को 15-10, 15-9 से हराया।
- ▶▶ - 90+ : रविंद्र चावला एवं मनीष निहारे ने राजेंद्र एवं धीरेंद्र को हराकर खिताब अपने नाम किया।
- ▶▶ - 100+ : डॉ. शैलेंद्र बागरे एवं रविंद्र चावला ने डॉ. राजेश सक्सेना एवं राजेश गुप्ता को 15-12, 15-11 से हराया।
- ▶▶ - 110+ : राजीव सक्सेना एवं राजेश गुप्ता ने नरेश कुमार बागरे एवं मुकेश सिंह को पराजित किया।
- ▶▶ - 120+ : डॉ. शैलेंद्र बागरे एवं विवेक तत्त्ववादी ने मनोज गुप्ता एवं दीप सिंह की जोड़ी को हराकर विजेता बने।
- ▶▶ मिक्स्ड डबल्स : सुधीर खरे एवं श्वेता अग्रवाल ने रितिका रेंडवो एवं रजनीश को हराया।
- ▶▶ **फादर एंड सन** : सुधीर थापा एवं विराट थापा ने रियांस बगजाई एवं सूरज बगजाई को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ▶▶ **फादर एंड डॉटर** : भूमि एवं जय प्रताप परिहार ने दिव्यानी एवं राजीव श्रीवास्तव को 15-6, 8-15, 15-11 से हराया।






## डॉ. यादव ने किया किसान इरिगेशन की चौथी विनिर्माण इकाई का लोकार्पण

# पीथमपुर प्रदेश की औद्योगिक शक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र मध्यप्रदेश की औद्योगिक शक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र है। किसान इरिगेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जैसी कंपनियां प्रदेश में निवेश, रोजगार और तकनीकी प्रगति को नई दिशा दे रही हैं।

उन्होंने कहा कि सिंचाई और जल संरक्षण के क्षेत्र में आधुनिक पाइप, ड्रिप और स्प्रिंकलर इरिगेशन सिस्टम किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नई इकाई कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डॉ यादव बुधवार को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में किसान इरिगेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की चौथी नवीन विनिर्माण इकाई के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कंपनी प्रबंधन को शुभकामनाएं दी।



### औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी और गति

**जल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी इकाई**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई विनिर्माण इकाई के प्रारंभ होने से पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को और गति मिलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा प्रदेश में कृषि और जल प्रबंधन से जुड़े आधुनिक उत्पादों के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश उद्योग, कृषि और तकनीक के समन्वय से विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। डॉ यादव ने नवीन इकाई का अवलोकन किया और पाइप निर्माण में उपयोग की जा रही अत्याधुनिक मशीनों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कंपनी द्वारा कृषि, सिंचाई और जल प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कंपनी को बधाई दी।

### एचडीपीवी और डीडब्ल्यूसी पाइप्स का होगा निर्माण

कंपनी के एमडी कुणाल अग्रवाल ने जानकारी दी कि किसान इरिगेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की स्थापना लगभग 40 वर्ष पूर्व हुई थी। वर्तमान में कंपनी की कुल 5 इकाइयां संचालित हैं, जिनमें से 4 इकाइयां पीथमपुर में स्थित हैं। कंपनी पीवीसी पाइप्स, एचडीपीई पाइप्स, सीपीवीसी एवं यूपीवीसी पाइप्स और फिटिंग्स के निर्माण के साथ-साथ वॉटर टैंक, ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर इरिगेशन सिस्टम के निर्माण का कार्य करती है। चौथी नवीन इकाई में एचडीपीवी और डीडब्ल्यूसी पाइप्स का निर्माण किया जाएगा।

---

वन विभाग की कार्रवाई

## 589.63 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से हुई मुक्त

**भोपाल।** धार वन मंडल ने वन भूमि संरक्षण एवं अतिक्रमण नियंत्रण अभियान के तहत जनवरी से मई 2026 के बीच कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 589.63 हैक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। यह कार्रवाई वन विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, पुलिस, ग्राम वन समितियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 7 वन परिक्षेत्रों में का गई। विभागीय कार्रवाई में वन परिक्षेत्र धार में 100.55 हेक्टेयर, धामनोद में 35.10हेक्टेयर, मांडव में 50.78 हेक्टेयर, सरदारपुर में 50.62 हेक्टेयर, टांडा में 93.76 हेक्टेयर, बाग में 202.82 हेक्टेयर तथा कुक्षी में 56.00 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। धार वन मंडल में कुल 589.63 हैक्टेयर वन भूमि पुनः वन विभाग के संरक्षण में लाई गई। अभियान का उद्देश्य वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर उसका पुनर्वनीकरण करते हुए प्राकृतिक वन संपदा का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर सागौन रूट-शूट की तैयारी की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों को पौधरोपण संरक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

---

पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक में साइबर अपराधों पर डीजीपी मकवाणा की सख्ती

# दो लाख से अधिक ऑनलाइन ठगी के मामलों की 72 घंटे में दर्ज हो ई-जीरो एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय में आयोजित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई और शिकायतों के समयबद्ध निराकरण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। बैठक में साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधिकारियों को प्रभावी और तकनीक आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। बैठक में निर्देश दिए गए कि दो लाख रुपए या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के सभी मामलों में 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से ई-जीरो एफआईआर दर्ज की जाए। अधिकारियों से कहा गया कि साइबर ठगी के मामलों में शुरुआती कार्रवाई जितनी तेज होगी, ठगी गई राशि को वापस दिलाने और आरोपियों तक पहुंचने की संभावना उतनी ही अधिक रहेगी।

### साइबर अपराधों को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

पुलिस मुख्यालय ने महिलाओं और बच्चों से जुड़े साइबर अपराधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। ऐसे मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर त्वरित जांच, तकनीकी साक्ष्यों का संग्रहण और आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही पीड़ितों को आवश्यक सहायता और परामर्श उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के प्रभावी उपयोग की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का विश्लेषण कर साइबर अपराधों के हॉटस्पॉट चिन्हित किए जाएं और उन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

### पीड़ितों को मिले समय पर राहत

साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के पीड़ितों को शीघ्र राहत दिलाने के लिए एमआरएम पोर्टल के माध्यम से फ्रीज की गई राशि जल्द वापस कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि बैंक, वित्तीय संस्थानों और अन्य एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर धनवापसी की प्रक्रिया को तेज किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर राहत मिल सके।

### पुलिस अधिकारियों के नियमित प्रशिक्षण पर भी विशेष जोर

बैठक में साइबर अपराधों की जांच करने वाले पुलिस अधिकारियों के नियमित प्रशिक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि उन्हें डिजिटल फॉरेंसिक, ऑनलाइन फ्रॉड, क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े अपराध, नई साइबर तकनीकों की जांच के संबंध में लगातार प्रशिक्षित किया जाए।

### सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा


बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (शिकायत) सोलोमन यश कुमार मिंज ने सीएम हेल्पलाइन के लेवल-3 और लेवल-4 पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

---

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा

# स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास का गंभीर अध्ययन करें

स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखें, अच्छे नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं युवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और प्रत्येक भारतीय के लिए यह गर्व का विषय है। यह उदगार आज विधानसभा के मानसरोवर सभागार में यंग इंडियंस पार्लियामेंट 2026 के कार्यक्रम के समापन सत्र के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने युवा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास का गंभीर अध्ययन करें, ताकि लोकतंत्र के मूल्यों को समझते हुए उसका सही उपयोग कर सकें।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ होंगे प्रशिक्षण शिविर में शामिल

# कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मोहनखेड़ा में आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला कांग्रेस कमेटी, धार द्वारा 9 एवं 10 जुलाई को मोहनखेड़ा में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों नगर अध्यक्षो एवं मंडलम अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं बूथ स्तर तक प्रभावी बनाना है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ने बताया कि शिविर में जिलेभर के लगभग 300 पदाधिकारियों के ठहरने, भोजन एवं प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण हॉल की समुचित व्यवस्था मोहनखेडा मे की गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं दिल्ली से लगभग 11 सदस्यीय प्रशिक्षण दल विभिन्न विषयों पर संगठनात्मक प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

प्रशिक्षण शिविर के मुख्य मार्गदर्शकों में प्रशिक्षण समिति के अध्यक्ष महेंद्र जोशी सहित अन्य वरिष्ठ प्रशिक्षक शामिल रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि कांग्रेस कमेटी के मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं विधायक विशेष रूप से उपस्थित होकर संगठन को मजबूत बनाने पर मार्गदर्शन देंगे।

---

इलाज कराने पति को इंदौर लेकर गई थी निज सहायक

# आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय की निज सहायक के घर हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अंकुर खेल परिसर के पास शिवाजी नगर में रहने वाली आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय में निज सहायक के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश 45 हजार रुपए की नगदी सहित जेवरात चुराकर ले गया। घटना के समय वह पति का इलाज कराने इंदौर गई हुई थीं। पड़ोसी ने उनके घर में किसी को घूमते हुए देख मोबाइल पर सूचना दी। पड़ोसी ने शोर मचाया तो आरोपी घर से भाग निकला।

**पड़ोसी ने देखा तो घर में घूम रहा था बदमाश**

पुलिस के अनुसार गंगा देवी चौहान पति ज्ञान कुमार चौहान (59) क्वार्टर जी-115/4, अंकुर खेल परिसर के पास शिवाजी नगर में रहती हैं और आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय में निज सहायक हैं। गत 3 जुलाई 2026 की सुबह करीबन 9 बजे वह पति ज्ञान कुमार सिंह चौहान की एन्जियोग्राफी क्रास टैली कराने के लिए बॉम्बे अस्पताल इंदौर गई थी। चेकअप कराने पर पता चला कि उनके हार्ट में ब्लॉकेज हैं उन्हें तत्काल आईसीयू में भर्ती कर लिया गया। वह पति का इलाज करवा रही थीं। इसी दौरान मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास उनकी शासकीय क्वार्टर के ऊपर रहने वाली पड़ोसी पूजा गजभिए ने मोबाइल पर बताया कि आपके घर में कोई घूम रहा है। गंगा चौहान के कहने पर पूजा गजभिए ने घर में मौजूद बदमाश को ललकारा तो वह भाग निकला। भागते समय वह अपने साथ बैग में सामान लेकर गया था। बुधवार दोपहर गंगा चौहान इंदौर से घर लौटी। उन्होंने घर चेक किया तो घर की मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के सारे दरवाजे खुले हुए थे।

---

# अब खाली हुए भवनों को निगम देगा किराए पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी नगर में करीब 70 करोड़ रुपए की लागत से बने नगर निगम के नए मुख्यालय में सभी विभागों की शिफ्टिंग पूरी होने के बाद शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्थित निगम के कई कार्यालय भवन खाली हो गए हैं। अब इन खाली संपत्तियों को आय का स्थायी स्रोत बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। नगर निगम ने इन भवनों और अन्य संपत्तियों को अधिकतम प्रीमियम, वार्षिक शुल्क और किराए के आधार पर आवंटित करने के लिए ई-टेंडर जारी कर दिए हैं। निगम का लक्ष्य खाली पड़ी परिसंपत्तियों को उपयोग में लाकर राजस्व बढ़ाना और उनके रखरखाव पर होने वाले खर्च को कम करना है। ई-टेंडर के तहत जोन-14 के वार्ड-57 स्थित भोपाल स्मार्ट सिटी कार्यालय परिसर के सामने निगम का रिक्त कार्यालय भवन, शाहपुरा लेक के पास भवन अनुज्ञा शाखा का कार्यालय तथा माता मंदिर स्थित हर्षवर्धन कॉम्प्लेक्स के रिक्त कार्यालयों को किराए पर दिया जाएगा। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 35 सामुदायिक भवनों के संचालन के लिए भी निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। गोकुलधाम कॉलोनी के 29 रिक्त भूखंडों का आवंटन ई-टेंडर से किया जाएगा।

---

# मुख्यमंत्री का पदोन्नत अधिकारी कर्मचारियों ने माना आभार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का मंत्रालयीन अधिकारी- कर्मचारियों ने पदोन्नति संबंधी निर्णय और उस पर त्वरित कार्यवाही के लिए मंत्रालय, वल्लभ भवन में पुष्प-गुच्छ भेंट कर आभार माना। अधिकारियों-कर्मचारियों ने डॉ यादव का ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया तथा पुष्प भेंट कर उनका अभिवादन भी किया। शासकीय सेवकों ने इस उपलब्धि के लिए उत्साह और उल्लास का प्रकटिकरण करते हुए मिठाई वितरित की। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी,



अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण समिति रमेश शर्मा, अध्यक्ष मंत्रालय कर्मचारी संघ सुभाष वर्मा, अध्यक्ष अजाक्स घनश्याम भकोरिया, मप्र राज्य मंत्रालय शासकीय अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओपी गौर, सहित बड़ी संख्या में मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## अंशकालीन कर्मचारियों को किया जाए नियमित

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर विभिन्न विभागों में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, जनजातीय कार्य विभाग सहित विभिन्न विभागों में हजारों की संख्या में अंशकालीन कर्मचारी वर्षों से सेवा दे रहे हैं लेकिन न तो वेतन बढ़ाया जा रहा है न उन्हें नियमित वेतनमान दिया जा रहा है और ना ही नियमित किया जा रहा है जबकि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश जारी करे है कि 10 साल की सेवा पूर्ण कर चुके अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित करण का लाभ दिया जाए लेकिन प्रदेश सरकार की नौकरशाही न्यायालय आदेश का पालन नहीं कर रही है।

---

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राजपत्रित सेवा भर्ती नियम- 2022 के तहत भर्ती प्रक्रिया स्वीकृत

आगामी बुधवार को आयोजित बैठक में होंगे साक्षात्कार

# सरकार अस्पतालों में विशेषज्ञों के पदों पर करेगी सीधी भर्ती, तीन साल तक नहीं हो सकेंगे इनके तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए वर्तमान प्रचलित प्रक्रिया में मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से पर्याप्त संख्या में चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे विशेषज्ञों के पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

### कैबिनेट ने अनुमति प्रदान की

मप्र लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम : 2022 के नियम 6 (4) के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विभागीय स्तर से सीधी भर्ती की कार्रवाई किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अनुमति प्रदान की है। अब इसके तहत प्रत्येक माह की एक तारीख को एमपी ऑनलाईन पर विभाग की रिक्तियां प्रदर्शित की जाएंगी, जिनके आधार पर 15 तारीख तक आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। उक्त दिनांक तक प्राप्त सभी आवेदनों पर विभागीय समिति आगामी द्वितीय बुधवार को बैठक करेगी, जिसमें सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार के बाद इनकी उपयुक्तता का निर्धारण करते हुए विभागीय समिति चयन की अनुशंसा राज्य शासन को करेगी।

### रिक्त स्थानों पर होगी 3 वर्ष के लिए नियुक्ति

समिति की ओर से जिस वर्ग से जितने अभ्यर्थियों की अनुशंसा की जाएगी, उस वर्ग से उतनी रिक्तियां एमपी ऑनलाइन में प्रदर्शित की जा रही रिक्तियों से आगामी माह के लिये कम कर दी जाएगी। विभागीय समिति की अनुशंसा के आधार पर राज्य शासन ऐसे चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश सीधे जारी करेगा और उन अभ्यर्थियों को सूची में प्रदर्शित रिक्त स्थानों पर पदस्थ करेगा। यह नियुक्तियां प्रथम 3 वर्ष के लिए उन्हीं स्थानों पर की जाएंगी, जिन स्थानों को रिक्तियों में प्रदर्शित किया गया है। प्रथम 3 वर्ष तक ऐसे चिकित्सकों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930